राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Www.vishalindia.in

# विशाल इंडिया

सच्चाई की राह पर!

गौतमबुद्धनगर से प्रकाशित

वर्ष : 15
अंक : 15
पृष्ठ : 08
गौतमबुद्धनगर
सोमवार 15 दिसंबर 2025
मूल्य :2 /-
RNI No .UPHIN/2014/55236



मुख्य अपडेट
पेज 3 ग्रेटर नोएडा में प्रमोटर ने 100 करोड़ रुपए वसूले
पेज 4 मिशन शक्ति 5.0 के तहत जनपद भर में महिला सुरक्षा व
पेज 6 हार्दिक पांड्या ने अपने नाम की बड़ी उपलधि, टी20आई में

# दिल्ली-एनसीआर में आउटडोर गेम्स पर रोक, एक्यूआई 497 पर पहुंचा

**डॉक्टर बोले- बाहर कम निकलें, हल्के मास्क पहनें; सीक्यूएएम ने बढ़ाई सख्ती**

नई दिल्ली। दिल्ली-एनसीआर में हवा की स्थिति बेहद खराब हो गई है। एक्यूआई 497 पहुंचने के बाद और सख्ती लागू कर दी गई है। कमीशन फॉर एयर क्वॉलिटी मैनेजमेंट ने सभी राज्य सरकारों को आदेश दिया है कि सभी स्कूलों और संस्थानों में बाहर होने वाली खेल गतिविधियों को तुरंत रोका जाए।



आयोग ने चेतावनी दी है कि ऐसी गतिविधियां जारी रखना बच्चों के लिए 'गंभीर स्वास्थ्य खतरा' साबित हो सकता है।

डॉक्टर भी लगातार लोगों को सतर्क रहने की सलाह दे रहे हैं। फोर्टिस एस्कॉर्ट्स हार्ट इंस्टीट्यूट के इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. अतुल माथुर ने कहा कि लोगों को बाहर कम निकलना चाहिए और हल्के मास्क पहनने चाहिए।

सीक्यूएएम ने दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान और उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिवों को पत्र लिखकर कहा है कि कुछ स्कूल अभी भी बाहर खेलकूद कार्यक्रम आयोजित कर रहे हैं, जो सुप्रीम कोर्ट के 19 नवंबर के आदेश का उल्लंघन है।

आयोग ने सभी स्कूलों, कॉलेजों, खेल संस्थानों और स्थानीय निकायों को ऐसे सभी खेल कार्यक्रम तुरंत रद्द करने और अभिभावकों को जोखिम के बारे में जागरूक करने का निर्देश दिया है।

### सौरभ भारद्वाज बोले- सीएम एक्यूआई के बारे में नहीं जानतीं



आम आदमी पार्टी के दिल्ली प्रमुख सौरभ भारद्वाज ने मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की आलोचना की। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री को एक्यूआई के बारे में जानकारी नहीं है और इस समस्या से निपटने का जिम्मा विशेषज्ञों को देना चाहिए।

## संक्षिप्त खबरें

### चेन्नई में 6.26 करोड़ की लाल चंदन जब्त, चार गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) ने चेन्नई से लाल चंदन की अवैध तस्करी के प्रयास को विफल करते हुए चार तस्करों को गिरफ्तार किया है। इस दौरान 6.26 करोड़ रुपये मूल्य की 15 मीट्रिक टन लाल चंदन जब्त की गई। वित्त मंत्रालय ने रविवार को यह जानकारी दी। विदेशी व्यापार नीति के तहत लाल चंदन (टेरोकार्पस सैंटालिनस) का निर्यात प्रतिबंधित है। डीआरआई अधिकारियों को खुफिया जानकारी मिली थी कि चेन्नई और उसके आसपास के विभिन्न गोदामों में लाल चंदन को गुप्त रूप से जमा किया जा रहा है और दिल्ली के रास्ते इसका निर्यात करने का प्रयास किया जा रहा है।

### गोवा नाइटक्लब अग्निकांड- जमीन के मूल मालिक-सरपंच से पूछताछ

गोवा के अर्पोरा स्थित नाइटक्लब में 6 दिसंबर को हुए भीषण अग्निकांड को लेकर जांच और कार्रवाई तेज हो गई है। इस मामले में गठित मजिस्ट्रियल जांच समिति ने जमीन के मूल मालिक प्रदीप घाड़ी आमोनकर और अर्पोरा-नागोआ पंचायत के सरपंच रोशन रेडकर से लंबी पूछताछ की है। जिला मजिस्ट्रेट अंकित यादव की अध्यक्षता वाली समिति ने आमोनकर से करीब 7 घंटे तक सवाल-जवाब किए। उनके वकील ने बताया कि जांच काफी गहन रही और समिति यह जानना चाहती थी कि यह हादसा आखिर क्यों हुआ?

### जन्मदिवस



कोलकाता में लियोनेल मेस्सी के कार्यक्रम के दौरान हुई अराजकता के एक दिन बाद, कलकत्ता उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश न्यायमूर्ति आशीष कुमार रे ने सॉल्ट लेक स्टेडियम का दौरा किया।

### ट्रक ने पति-पत्नी और मासूम बच्चे को कुचला; तीनों की मौत

**बूंदी।** राजस्थान के बूंदी जिले में दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। जहां तालेड़ा थाना क्षेत्र में रविवार दोपहर एक तेज रफ्तार और बेकाबू ट्रक ने बाइक सवार दंपति को जोरदार टक्कर मार दी। इस दर्दनाक हादसे में पति-पत्नी और उसके बेटे की मौत हो गई। रविवार दोपहर बूंदी-कोटा फोरलेन पर बाईपास स्थित तीनधारा महादेव कट के पास तेज रफ्तार अनियंत्रित ट्रक ने बाइक सवार एक पति-पत्नी को और उसके मासमू बेचे को कुचल दिया।

# राहुल बोले- मोदी का कॉन्फिडेंस खत्म

**शाह के हाथ कांपते हैं, उनकी वोट चोरी पकड़ी गई; खड़गे बोले- हमारा वंदेमातरम् भी इन्होंने चोरी किया**



**नई दिल्ली।** दिल्ली के रामलीला मैदान में रविवार को कांग्रेस ने वोट चोर गद्दी छोड़ रैली निकाली। पार्टी सांसद राहुल गांधी ने कहा-पीएम मोदी का कॉन्फिडेंस खत्म हो गया है। अमित शाह के हाथ कांपते हैं। वो जानते हैं कि उनकी चोरी पकड़ी गई है।

कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा- इन लोगों ने (केंद्र सरकार) ने हमारा वंदेमातरम् भी चोरी किया है।

ये लोग नेहरू-पटेल के बीच दरार पैदा करते हैं। गांधी-नेहरू अंबेडकर पर हमला बोलते हैं। इन गद्दारों को आपको हटाना होगा।

वहीं पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी ने कहा- आज न्यायालय पर दबाव है। सारी मीडिया अंबानी-अडाणी की है। कांग्रेस के नेताओं को तरह-तरह के आरोप लगाकर जेल में बंद किया गया। जो उनकी पार्टी में शामिल हो गए, उसे उनकी वॉशिंग मशीन ने साफ कर दिया।

### राहुल के भाषण की 3 बड़ी बातें...

चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार, सुखबीर सिंह, विवेक जोशी बीजेपी के साथ मिलकर काम कर रहे हैं। पीएम ने इनके लिए कानून बदला है। हम इस कानून को बदलेंगे और इन लोगों के खिलाफ एक्शन लेंगे। इन लोगों को नहीं भूलना चाहिए कि ये हिंदुस्तान के इलेक्शन कमिश्नर हैं, बीजेपी के नहीं।

मोहन भागवत ने कहा विश्व सत्य को नहीं शक्ति को देखता है। ये आरएसएस की विचारधारा है। मोहन भागवत कहते हैं कि सत्य का मतलब नहीं है, केवल सत्ता जरूरी है। देश में सत्य और असत्य की लड़ाई चल रही है। गांधी कहते थे कि सत्य सबसे जरूरी है। हमारे धर्म में सत्य को सबसे जरूरी माना जाता है।

कांग्रेस के डीएनए में सत्य है, उनके डीएनए में असत्य और वोट चोरी है। वोट चोरी अंबेडकर के संविधान पर हमला है। ये लोग वोट चोरी करके सरकार चलाते हैं। नोटबंदी, जीएसटी से छोटे व्यापारियों को मारा है। ये सबकुछ इसलिए हो रहा, क्योंकि वोट चोरी हो रही है। ये लोग वोट चोरी नहीं करते तो 5 मिनट में सरकार से बाहर हो जाते।

### प्रियंका बोलीं- हमने जो बनाया, बीजेपी ने सब बिखेर दिया



कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने कहा कि आज पीएम मोदी बड़े-बड़े राष्ट्रपतियों के साथ हाथ में हाथ डालकर फोटो खिंचाते हैं, लेकिन जनता के साथ नहीं खड़े होते हैं। ये आपसे नहीं पूछ सकते कि आपके दुख क्या हैं। संसद में इनका आत्मविश्वास घट जाता है। आंख से आंख नहीं मिला पाते। जनता का विश्वास मोदी शाह से हट चुका है। आज इनको चुनाव आयोग की जरूरत है, इसके बिना ये नहीं जीत सकते। पीएम ऑफिस के अधिकारी बेटिंग एप चला रहे थे, इसकी चर्चा क्यों नहीं होती। जो इतने सालों में हमने बनाया, इन्होंने सब बिखेर दिया।

## नेशनल हाईवे पर 6 वाहनों की हुई टक्कर, 4 की मौत

गोगुंदा। पिंडवाड़ा नेशनल हाईवे पर गोगुंदा थाना क्षेत्र के पीर बावजी के पास रविवार शाम एक भीषण सड़क हादसा हुआ। पत्थरों से भरे बेकाबू ट्रेलर के टैंकर से टकराने के बाद फार्च्यूनर सहित चार अन्य वाहन भी दुर्घटना का शिकार बन गए। इसमें चार लोगों की मौत हो गई जबकि छह से अधिक लोग घायल हो गए।

हादसे के कारण उदयपुर-पिंडवाड़ा हाईवे पर करीब दो घंटे तक पांच किलोमीटर लंबा जाम लगा रहा। दुर्घटना में फार्च्यूनर पलट गई और उसमें फंसे घायलों को निकालने में सबसे ज्यादा समय लगा। गिर्वा सर्किल के डीएसपी गोपाल चंदेल ने बताया कि मृतकों की पहचान अभी नहीं हो सकी है।

हादसे में घायल प्रताप सिंह, गगांधर और बंशीलाल को उदयपुर के एमबी अस्पताल रेफर किया गया। वहीं, गुजरात के साबरकांठा निवासी विक्रम हीराजी ठाकुर का गोगुंदा में इलाज किया जा रहा है। अन्य घायलों को भी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।





### हैप्पी मॉर्निंग

शाम को पति के घर आते ही पत्नी ने किच-किच शुरू कर दी...!
परेशान पति- अरे यार दिनभर का थका-हारा
आया हूं,
पहले फ्रेश तो होने दो...!
पत्नी- मैं भी तो दिनभर
अकेली थी,
तो मैं भी फ्रेश ही हो
रही हूं...!



### शायरी

दागदार हुआ है मजहब कुछ
नीच इंसानों से,
खुदा और राम भी शर्मिंदा है इन
हैवानों से.

### अर्थसार



संसेक्स:
85,267.66
+449.52 (0.53%)
निफ्टी:
26,046.95
+148.40

### मौसम



| | | |
|---|---|---|
| अधिकतम | : | 23 डिग्री से0 |
| न्यूनतम | : | 08 डिग्री से0 |
| सूयोदय मंगलवार | : | 7 : 08 |
| सूर्यास्त सोमवार | : | 5 : 27 |

# ऑस्ट्रेलिया में त्योहार मना रहे यहूदियों पर आतंकी हमला

**इजराइली नागरिक समेत 16 की मौत; नेतन्याहू बोले- ऑस्ट्रेलियाई पीएम को पहले ही चेताया था**

सिडनी। ऑस्ट्रेलिया के बॉन्डी बीच पर रविवार दोपहर हनुक्का त्योहार मना रहे यहूदियों पर दो हमलवारों ने फायरिंग की। इसमें 16 लोगों की मौत हो गई। वहीं, 38 लोग घायल हुए हैं। मरने वालों में एक इजराइली नागरिक और एक बच्चा भी शामिल है। पुलिस ने हालात पर काबू पाने के लिए दोनों हमलावरों को गोली मारी। अधिकारियों के मुताबिक एक हमलावर की मौत हो गई है, जबकि दूसरा गंभीर हालत में है। हमले में इजराइली पीएम नेतन्याहू ने बयान जारी कर कहा कि उन्होंने ऑस्ट्रेलियाई पीएम को यहूदी विरोधी घटनाओं को लेकर पहले ही चेतावनी दी थी।



# मेसी के टूर ऑर्गनाइजर को जमानत नहीं

**14 दिन की कस्टडी में भेजा; जांच पैनल और गवर्नर स्टेडियम पहुंचे, नाराज फैंस ने तोड़-फोड़ की थी**

**कोलकाता।** अर्जेंटीना के फुटबॉल आइकन लियोनेल मेसी के इंडिया टूर के ऑर्गनाइजर सताद्रु दत्ता को जमानत नहीं मिली है। बिधाननगर कोर्ट ने मेसी के गोट इंडिया टूर 2025 के प्रमोटर और आयोजक सताद्रु दत्ता को 14 दिनों की पुलिस हिरासत में भेज दिया है।

सताद्रु पर इवेंट में मिसमैनेजमेंट के आरोप हैं। पब्लिक प्रॉसिक्यूटर ने कोर्ट में कस्टडी की मांग करते हुए कुछ कॉन्स्टेबलों को चोट लगने और मेसी के मैदान में आने पर भीड़ को मैनेज करने में हुई दिक्कतों का हवाला दिया था।

दरअसल, 13 दिसंबर को स्टेडियम से मेसी के जल्दी निकल जाने के बाद फैंस भड़क गए। दूर-दूर से आने और टिकटों के लिए भारी रकम चुकाने के बावजूद वे अपने सुपरस्टार की एक झलक भी नहीं देख पाए। फैंस ने स्टेडियम में जमकर तोड़-फोड़ की।



दत्ता को बिधाननगर पुलिस ने शनिवार को कोलकाता एयरपोर्ट से गिरफ्तार किया था। सताद्रु मेसी और उनके साथियों को हैदराबाद के लिए छोड़ने गए थे।

### बंगाल के गवर्नर सॉल्ट लेक स्टेडियम पहुंचे


मेसी के इवेंट के दौरान हुए हंगामे के एक दिन बाद, पश्चिम बंगाल के गवर्नर सी वी आनंद बोस ने रविवार को मौके पर जाकर जायजा लिया। शनिवार को मेसी के इवेंट में हंगामे और भीड़ की गड़बड़ी के बाद बोस को सॉल्ट लेक स्टेडियम में एंट्री नहीं दी गई थी। उनके पहुंचने पर गेट बंद थे और स्टेडियम की लाइटें बंद थीं।

गवर्नर ने आरोप लगाया था कि यह कदम उनकी एंट्री रोकने के लिए था। उन्होंने इस पर डिटेल में जवाब मांगा था। बोस ने पहले सॉल्ट लेक स्टेडियम में हुई घटना को कोलकाता के खेल प्रेमी लोगों के लिए काला दिन बताया था। उन्होंने राज्य सरकार को इवेंट ऑर्गनाइजर को गिरफ्तार करने का निर्देश दिया था। उन्हें हंगामे के लिए पूरी तरह जिम्मेदार ठहराया था।

कोलकाता पुलिस इस बात की भी जांच कर रही है कि आयोजकों ने स्टेडियम परिसर के अंदर पानी की बॉटल और कोल्ड ड्रिंक्स ले जाने की अनुमति कैसे दी जो ऐसे आयोजनों के दौरान प्रतिबंधित चीजें हैं।

# देशभर में अगले हफ्ते से कड़ाके की सर्दी

**उत्तराखंड-हिमाचल में बर्फबारी का अलर्ट; बिहार में घना कोहरा, 7 गाड़ियां आपस में टकराईं**



**शिमला/देहरादून/पटना/भोपाल।** अगले हफ्ते से देशभर में कड़ाके की सर्दी पड़ने के आसार हैं। इस सर्दी का पहला बड़ा पश्चिमी विक्षोभ (वेस्टर्न डिस्टर्बेंस) 17 दिसंबर को हिमालयी राज्यों में पहुंचेगा। इसके असर से 18 से 20 दिसंबर के बीच जम्मू-कश्मीर, लद्दाख और हिमाचल प्रदेश में अच्छी बर्फबारी होने की संभावना है।

21 और 22 दिसंबर को पहाड़ों से बादल हटते ही तापमान तेजी से गिरेगा। तापमान सामान्य से 5 से 6 डिग्री तक नीचे जा सकता है। उत्तर से चलने वाली ठंडी हवाएं यूपी, पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, राजस्थान और मध्य भारत तक पहुंचेंगी। इससे मैदानी इलाकों में ठंड काफी बढ़ जाएगी।

इधर, राजस्थान में वेस्टर्न डिस्टरबेंस के चलते सर्दी का असर कम हो गया है। न्यूनतम तापमान में 2 से 3 डिग्री तक बढ़ोतरी हुई है। मध्य प्रदेश में भी अगले 3 दिन तक शीतलहर का अलर्ट नहीं है। हालांकि, पारा लगातार लुढ़क रहा है। शहडोल का कल्याणपुर सबसे ठंडा है। यहां शनिवार रात पारा 4.7 डिग्री सेल्सियस रहा।

वहीं, दिल्ली में एक्यूआई 497 पहुंच गया। कल ही वहां ग्रेप 4 लागू किया गया था। गुरुवार को राज्यसभा में केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने एक सवाल के जवाब में कहा था कि इस साल दिल्ली का एक्यूआई 450 के पार नहीं गया है।

उधर, हिमाचल प्रदेश में वेस्टर्न डिस्टरबेंस सक्रिय होने से ठंड बढ़ गई है। आज पहाड़ों पर बर्फबारी का अनुमान है। मौसम विभाग ने उत्तराखंड के उत्तरकाशी, चमोली और पिथौरागढ़ में बारिश-बर्फबारी की संभावना जताई है, जिससे पारा 2-3 और गिर सकता है।

## तीन से चार प्रतिशत महंगे हो सकते हैं टीवी, जनवरी से जेब पर बढ़ सकता है बोझ

**नई दिल्ली।** मेमोरी चिप की बढ़ती लागत और रुपये के कमजोर होने से अगले साल जनवरी से टेलीविजन की कीमतें तीन से चार प्रतिशत बढ़ सकती हैं। कुछ टीवी निर्माताओं ने पहले ही अपने डीलरों को कीमतों में होने वाली वृद्धि के बारे में बता दिया है। गिरते रुपये ने इंडस्ट्री को मुश्किल स्थिति में डाल दिया है, क्योंकि एक एलईडी टीवी में घरेलू वैल्यू एडिशन सिर्फ 30 प्रतिशत है और ओपेन सेल, सेमीकंडक्टर चिप और मदरबोर्ड जैसे मुख्य कंपोनेंट आयात किए जाते हैं। विशेषज्ञों के अनुसार, टीवी की कीमतों में होने वाली वृद्धि जीएसटी दरों को तर्कसंगत बनाने के बाद स्मार्ट टीवी की बिक्री में हुई तेजी को कम कर सकती है।

### चार्जशीट

**100 से ज्यादा फर्जी कंपनियां बनाईं, करीब 1 हजार करोड़ की साइबर धोखाधड़ी की**

# सीबीआई ने 4 चीनी नागरिकों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की

**नई दिल्ली।** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने अंतरराष्ट्रीय साइबर अपराध में शामिल चार चीनी नागरिकों और 58 कंपनियों सहित 17 लोगों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की है।

अधिकारियों ने रविवार को इस बारे में जानकारी देते हुए बताया कि इन आरोपियों ने सौ से अधिक फर्जी कंपनियां बनाईं और एक हजार करोड़ से अधिक की साइबर धोखाधड़ी की।

ये सभी साइबर धोखाधड़ी करने वाले एक अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क से जुड़े थे, जो शेल कंपनियों के जरिए धोखाधड़ी करते थे। यह नेटवर्क पोंजी योजनाओं और मल्टी-लेवल मार्केटिंग (एमएलएम) मॉडल के साथ-साथ फर्जी ऐप और नौकरी के प्रस्तावों के माध्यम से लोगों को धोखा दे रहा था।





**अक्टूबर में नेटवर्क का भंडाफोड़ हुआ था**

सीबीआई ने भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र से मिली जानकारी के आधार पर मामला दर्ज किया गया था। इसके बाद बीते अक्टूबर महीने में साइबर धोखाधड़ी वाले नेटवर्क का भंडाफोड़ हुआ था। जांच टीमों ने इस संगठित नेटवर्क का पता लगाया था, जो अलग-अलग तरह के सायबर फ्रॉड करता था। ये साइबर ठग फर्जी लोन, फर्जी निवेश योजनाएं का लालच देकर लोगों को अपनी जाल में फंसाते थे।

जांच के दौरान पाया गया कि साइबर जालसाजों ने एक अत्यधिक जटिल, तकनीक का इस्तेमाल किया, जिसमें असली नियंत्रकों की पहचान छिपाने और कानून प्रवर्तन की जांच से बचने के लिए Google विज्ञापनों, बल्क एसएमएस अभियानों, सिम-बॉक्स मैसेजिंग सिस्टम, क्लाउड सर्वर, फिनटेक प्लेटफॉर्म और दर्जनों फर्जी बैंक खातों का लाभ उठाया गया।

जांच के दौरान अधिकारियों ने पाया कि इस ऑपरेशन के केंद्र में 111 फर्जी शेल कंपनियां थीं। इन शेल कंपनियों को फर्जी निदेशकों, फर्जी डॉक्यूमेंट्स और फर्जी पते का इस्तेमाल करके बनाया गया था। जांच में यह भी पता चला कि इन कंपनियो में सैकड़ों बैंक खातों के जरिए 1,000 करोड़ रुपए से अधिक की रकम ट्रांसफर की गई थी।

## संपादकीय

# वैज्ञानिक दौर में भी तेजी से पांव पसार रहा अंधविश्वास



जितेन्द्र चौधरी, प्रधान संपादक, विशाल इंडिया हिंदी दैनिक

आज का युग विज्ञान और तकनीक का है। चंद्रमा पर मानव कदम रख चुका है, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जीवन को आसान बना रहा है, और चिकित्सा विज्ञान ने असाध्य रोगों पर विजय प्राप्त कर ली है। फिर भी, भारत जैसे देश में अंधविश्वास न केवल जीवित है, बल्कि तेजी से फैल रहा है। काली बिल्ली का रास्ता काटना, नींबू-मिर्ची टांगना, या ज्योतिष पर निर्भरता जैसी छोटी-मोटी बातें तो आम हैं, लेकिन इनसे आगे बढ़कर डायन प्रथा, मानव बलि और काला जादू जैसी क्रूर प्रथाएं आज भी समाज में जड़ें जमाए हुए हैं। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के आंकड़ों के अनुसार, पिछले दो दशकों में अंधविश्वास से जुड़े मामलों में 2,500 से अधिक महिलाओं की हत्या हुई है। 2020 में ही जादू-टोने से 88 मौतें और मानव बलि से 11 मौतें दर्ज की गईं। 2024-2025 में भी बिहार, झारखंड, छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश जैसे राज्यों से डायन के शक में हत्याओं की खबरें आती रही हैं।

यह विरोधाभास क्यों? एक तरफ स्मार्टफोन और इंटरनेट का दौर, दूसरी तरफ ओझा-गुणी और बाबाओं की भीड़। इसका मुख्य कारण शिक्षा की कमी, गरीबी और सामाजिक असुरक्षा है। ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की कमी से बीमारी फैलती है, तो लोग इसे नजर या टोना मान लेते हैं। संपत्ति विवाद या व्यक्तिगत दुश्मनी में महिलाओं को डायन घोषित कर मार दिया जाता है। 2025 में बिहार और झारखंड में कई मामले सामने आए, जहां आदिवासी महिलाओं को डायन बता कर जिंदा जला दिया गया या गला घोंट दिया गया। गुजरात में 2024 में एक परिवार को काला जादू के आरोप में छह महीने तक सामाजिक बहिष्कार का शिकार होना पड़ा, जो बाद में झूठा साबित हुआ। केरल जैसे शिक्षित राज्य में भी मानव बलि के मामले चर्चा में रहे।

अंधविश्वास का फैलाव सिर्फ ग्रामीण इलाकों तक सीमित नहीं। शहरी मध्यम वर्ग में ज्योतिष, वास्तु और रत्नों पर अरबों रुपये खर्च होते हैं। सोशल मीडिया ने इसे और बढ़ावा दिया है ङ्क झूठे दावे वायरल हो जाते हैं। महामारी के दौरान भी कई लोगों ने वैज्ञानिक दवाओं की बजाय तंत्र-मंत्र पर भरोसा किया। शिक्षित लोग भी परीक्षा या नौकरी के लिए मंदिरों में चढ़ावा चढ़ाते हैं। यह दिखाता है कि विज्ञान की शिक्षा ने तर्कशक्ति नहीं विकसित की।

कानूनी स्तर पर प्रयास हुए हैं। महाराष्ट्र (2013), कर्नाटक (2017), राजस्थान (2015), असम (2015) और गुजरात (2024) जैसे राज्यों में काला जादू और डायन प्रथा विरोधी कानून बने। इनमें सजा का प्रावधान है ङ्क 7 साल तक कैद या जुर्माना। 2024 में गुजरात विधानसभा ने मानव बलि और काला जादू निवारण बिल पास किया। 2025 में राज्या सभा में एक निजी बिल पेश हुआ, जो राष्ट्रीय स्तर पर कानून की मांग करता है। लेकिन इन कानूनों का क्रियान्वयन कमजोर है। पुलिस अक्सर मामलों को दर्ज नहीं करती, और राजनीतिक दबाव से जांच प्रभावित होती है।

अंधविश्वास के खिलाफ लड़ाई में सामाजिक कार्यकर्ताओं की भूमिका महत्वपूर्ण रही। नरेंद्र दाभोलकर जैसे योद्धा ने महाराष्ट्र में कानून बनवाया, लेकिन खुद उनकी हत्या हो गई। असम की बिरुबाला राभा ने डायन प्रथा के खिलाफ जीवन समर्पित किया और पद्म श्री प्राप्त किया। ऐसे प्रयासों से जागरूकता बढ़ी है।

समाधान क्या है? सबसे पहले, शिक्षा में वैज्ञानिक दृष्टिकोण को अनिवार्य बनाना। स्कूलों में क्रिटिकल थिंकिंग सिखाई जाए। स्वास्थ्य और बुनियादी सुविधाओं का विस्तार हो, ताकि बीमारी को टोना न माना जाए। मीडिया और सोशल प्लेटफॉर्म पर फेक न्यूज और अंधविश्वास के प्रचार पर सख्ती हो। राष्ट्रीय स्तर पर एक मजबूत कानून बने, जो न केवल सजा दे, बल्कि जागरूकता अभियान चलाए।

विज्ञान ने हमें चांद पर पहुंचाया, लेकिन अगर मन अंधविश्वास से ग्रस्त रहेगा, तो समाज पिछड़ता रहेगा। समय आ गया है कि हम तर्क और विज्ञान को अपनाएं, न कि अंधश्रद्धा को। केवल तब ही भारत सच में विकसित राष्ट्र बनेगा।

## पीड़ा से मुक्ति

देश में लंबे समय से यह मुद्दा सार्वजनिक विमर्श में रहा है कि विषम परिस्थितियों में एक त्रासदी से मुक्ति हेतु इच्छामृत्यु की अनुमति दी जाए या नहीं। समय-समय पर अदालती फैसलों ने मार्गदर्शक भूमिका निभाई है। साथ ही कोशिश की गई है कि इस छूट का दुरुपयोग न किया जा सके। हाल ही में एक ज्वलंत प्रसंग पर सुप्रीम कोर्ट की स्पष्ट टिप्पणी थी कि हमें अब कुछ करना होगा, इस तरह के त्रासद जीवन की कोई तार्किकता नहीं है। दरअसल, यह मामला एक 32 वर्षीय युवक का है, जो पिछले 13 सालों से कोमा जैसी स्थिति में है। यह अब केवल महज चिकित्सीय त्रासदी का मामला नहीं रह गया है। अब यह एक महत्वपूर्ण कानूनी और नैतिक प्रश्न भी बन चुका है। निश्चित रूप से शीर्ष अदालत की टिप्पणी देश में जीवन के अंतिम क्षणों में गरिमापूर्ण व्यवहार के दृष्टिकोण में एक महत्वपूर्ण मोड़ है। निश्चय ही यह प्रसंग अतीत में बहुचर्चित अरुणा शानबाग के मामले की यादें फिर से ताजा कर देता है। इस प्रसंग ने ही देश को पहली बार निष्क्रिय इच्छामृत्यु के प्रश्न का सामना करने के लिये बाध्य किया था। वर्ष 2011 में, सुप्रीम कोर्ट ने अरुणा शानबाग के मामले में फैसला सुनाते हुए, सैद्धांतिक रूप से निष्क्रिय इच्छामृत्यु की अनुमति दी थी। दरअसल, अरुणा शानबाग एक भयानक हमले के बाद से ही 42 वर्षों से कोमा जैसी स्थिति में रही थीं। भले ही अदालत ने इस मामले में निष्क्रिय इच्छामृत्यु की अनुमति दी, लेकिन साथ ही उसके साथ कुछ प्रतिबंधात्मक सुरक्षा उपायों के अनुपालन के भी निर्देश दिए थे। निश्चित रूप से इस मामले में अदालती फैसला नैतिक प्रेरणा का स्रोत भी बना। कालांतर में जिसके चलते वर्ष 2018 में एक संविधान पीठ ने निष्क्रिय इच्छामृत्यु को कानूनी मान्यता प्रदान की। साथ ही इसके लिये एक आवश्यक प्रक्रिया भी निर्धारित की थी। जिसका मकसद था कि समाज में कहीं इस छूट का दुरुपयोग आपराधिक स्वार्थों के लिये न किया जा सके।

वर्ष 2023 में, अदालत ने इन दिशानिर्देशों को और सरल बनाने का प्रयास किया। जिसमें इस बात पर बल दिया गया कि प्राथमिक और माध्यमिक चिकित्सा बोर्डों द्वारा स्थिति के मूल्यांकन की आवश्यकता रहेगी। फिलहाल देश में वही प्रक्रिया आज भी चल रही है। बहरहाल, वर्तमान मामले में बार-बार की गई अपीलें, इससे जुड़ी खामियों को भी उजागर करती हैं। दरअसल, ऐसे मामलों में पीड़ित को घर में दी जाने वाली देखभाल अपर्याप्त ही साबित होती है। वहीं दूसरी ओर राज्य का समर्थन भी पर्याप्त नहीं रहा है। इसके अलावा ऐसे मामलों से जुड़ी अनसुलझी नैतिक दुविधाएं असमंजस की स्थिति पैदा करती रही हैं। निस्संदेह, इस मामले में किसी युवा वयस्क के लिये निष्क्रिय इच्छामृत्यु की पहली स्पष्ट स्वीकृति हो सकती है। आज देश में हजारों मरीज कोमा जैसी अवस्था में नारकीय जीवन जी रहे हैं। जो उनके परिवारों के लिये भी एक त्रासदी की स्थिति है। जहां परिवार एक ओर भावनात्मक संकट से जूझ रहे होते हैं, वहीं रोगी के उपचार से जनित आर्थिक बोझ भी निरंतर बढ़ता जाता है। दूसरी ओर संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत गरिमापूर्ण मृत्यु के अधिकार पर भी सवाल उठते रहे हैं। निस्संदेह, अदालत को जटिल परिस्थितियों में जैविक अस्तित्व के कठोर विस्तार के बजाय रोगी की मुक्ति और परिवार की पीड़ा को प्राथमिकता देनी चाहिए। ऐसे में यदि एम्स 17 दिसंबर तक मामले में जीवन की निरर्थकता की पुष्टि करता है, तो निष्क्रिय इच्छामृत्यु की स्वीकृति एक मिसाल कायम कर सकती है। इसके बाद दुरुपयोग के खिलाफ सुरक्षा उपायों को भी स्पष्ट किया जा सकेगा। साथ ही जीवन के अंतिम विकल्पों का सम्मान किया जा सकेगा।

# देश की राजधानी किसी बुरे सपने से कम नहीं है

योगेंद्र योगी



सरकारी नजरिए से देखें तो राजधानी दिल्ली और आस—पास के क्षेत्रों में प्रदूषण लाइलाज समस्या बन चुका है। हर साल सर्दी का मौसम आते ही दिल्ली का इलाका गैस चैंबर बन जाता है। इस बात से सत्तारुढ़ और विपक्षी दल अनजान नहीं हैं। इसके बावजूद कोरी बयानबाजी के अलावा लोगों को उनके हाल पर छोड़ रखा है।

देश में वोट बैंक की राजनीतिक के समक्ष पर्यावरण प्रदूषण जैसे मुद्दे हाशिए पर धकेले जाते रहे हैं। राजनीतिक दल इसे समस्या तो मानते हैं किन्तु इसके स्थायी निदान के लिए न तो कोई कार्ययोजना है और न ही इच्छाशक्ति। देश की राजधानी दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी परियोजना क्षेत्र भीषण प्रदूषण की मार झेल रहा है। यही वजह है कि प्रदूषण की भयावहता तमाम क्षेत्रों में तरक्की को मुंह चिढ़ा रही है। सरकारों और राजनीतिक दलों की बला से प्रदूषण प्रभावित इन क्षेत्रों के करोड़ों लोगों बेशक तिल—तिल करके मरते रहें। इसके विपरीत नेताओं का सरोकार सिर्फ चुनाव जीतने भर तक सीमित रह गया है। सत्तारुढ़ और विपक्षी दल इस मुद्दे पर चिंता जताने तक सीमित हैं। संसद के शीतकालीन सत्र की शुरुआत में विपक्ष के कुछ सांसदों ने अपने चेहरों पर मॉस्क लगाया और प्रदूषण के खिलाफ नारे लिखे तख्खियां और बैनर लेकर प्रदर्शन किया। विपक्षी सांसदों का नेतृत्व कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी ने किया। एक बैनर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तस्वीर थी जिस पर लिखा था मौसम का मजा लीजिए।

सरकारी नजरिए से देखें तो राजधानी दिल्ली और आस—पास के क्षेत्रों में प्रदूषण लाइलाज समस्या बन चुका है। हर साल सर्दी का मौसम आते ही दिल्ली का इलाका गैस चैंबर बन जाता है। इस बात से सत्तारुढ़ और विपक्षी दल अनजान नहीं हैं। इसके बावजूद कोरी बयानबाजी के अलावा लोगों को उनके हाल पर छोड़ रखा है।

दिल्ली का औसत एक्यूआई लेवल 377 तक दर्ज हो चुका है। ऐसे में लोगों को सांस लेने में दिक्कत और आंखों में जलन की समस्या देखने को मिल रही है। आनंद विहार, बवाना, चांदनी चौक जहांगीर पुरी, जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम और नेहरू नगर में एक्यूआई लेवल 400 के पार तक पहुंच गया। दिल्ली की हवा में घुला जहर कम कब होगा। इस सवाल का जवाब इस समय शायद किसी के पास नहीं है। शायद इसीलिए डॉक्टरों ने साफ कह दिया है कि बच्चों की सेहत ठीक रखना चाहते हैं, तो कुछ दिनों के लिए दिल्ली छोड़ दीजिए।

दिल्ली में एयर क्वॉलिटी मैनेजमेंट के लिए डिसीजन सपोर्ट सिस्टम (डीएसएस) के आंकड़ों के मुताबिक, दिल्ली में प्रदूषण के बड़े कारण ट्रांसपोर्ट, पराली है। गाड़ियों से फैले प्रदूषण का हिस्सा 18.42 प्रतिशत था। आंकड़ों के हिसाब से 16.31 प्रतिशत प्रदूषण के अन्य सोर्स हैं, जिसमें आतिशबाजी, डीजल जनरेटर जैसे सोर्स शामिल है। शादियों के सीजन की वजह से आतिशबाजी हो भी रही हैं। अगले तीन दिन इन अन्य सोर्स का प्रदूषण का हिस्सा और बढ़कर 43.4 प्रतिशत तक जाने का अनुमान है। दिल्ली में एक्यूआई 400 तक के खतरानक स्तर को छू चुका है, जो वायु प्रदूषण की गंभीर हालत दिखाता है। वहीं मुंबई में भी ये 200 के करीब पहुंच गया था, जिसके बाद वहां ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (ग्रैप 4) लागू किया गया। हालांकि दिल्ली में अभी ग्रैप 4 लागू नहीं किया गया। उल्टे दिल्ली एनसीआर में 26 नवंबर को ग्रैप 3 की पाबंदियां भी वापस ले ली गई थीं। बृहन्मुंबई महानगर पालिका (बीएमसी) ने शहर में निर्माण कार्यों पर रोक लगा दी थी। देवनार, मलाड, बोरीवली, अंधेरी ईस्ट, नेवी नगर, पवई और मुलुंड जैसे इलाकों में प्रदूषण की खराब स्थिति के बाद ये फैसला लिया गया था।

दिल्ली में प्रदूषण पराली जलने, वाहनों के धुएं और कारखानों से निकलने वाला कार्बन उत्सर्जन जिम्मेदार है। हवाओं की रफ्तार धीमी पड़ने से हालात और खराब हो जाते हैं। हालांकि मुंबई और अन्य समुद्री इलाकों में प्रदूषण की स्थिति बेहतर रहती है, क्योंकि वहां हवा चलने के कारण प्रदूषणकारी तत्व शहर से दूर चले जाते हैं। मुंबई में मेट्रो, फ्लाईओवर जैसे बड़े निर्माण कार्य, वाहनों की बढ़ती तादाद और कचरा जलाने जैसी वजहों से हालत बिगड़ी है। मुंबई जैसे समुद्री इलाकों में एक्यूआई बढ़ना खतरे की घंटी है। मुंबई में ग्रैप-4 की पाबंदियों के बाद एक्यूआई 150 से नीचे आ गया, जबकि दिल्ली की हवा में अब भी दम घुट रहा है। मुंबई की हवा अब सांस लेने लायक हो गई है। यहां कई जगह एक्यूआई लेवल 100 के आसपास हो गई।

हालांकि, दिल्ली में एक्यूआई लेवल अब भी कई जगह 400 के पार है। हवा की गति बढ़ने और पानी छिड़काव जैसे उपायों से मुंबई में हवा की गति बढ़ने और पानी छिड़काव जैसे उपायों से मुंबई में एक्यूआई स्तर 150 से नीचे आने में मदद मिली।

दुनिया भर में वायु प्रदूषण को मापने वाली अंतरराष्ट्रीय संस्था आईक्यूएआईआर की नवीनतम लाइव रैंकिंग में भारत की राजधानी दिल्ली इस सूची में पहले स्थान पर रही। जबकि दूसरे स्थान पर उज़्बेकिस्तान की राजधानी ताशकंद 251 के एक्यूआइ के साथ दर्ज है। तीसरे नंबर पर पाकिस्तान का लाहौर (एक्यूआइ 215), चौथे पायदान पर बांग्लादेश की राजधानी ढाका 211, एक्यूआइ के साथ है। भारत का कोलकाता भी 211 के एक्यूआइ के साथ पांचवें स्थान पर है। देश की राजधानी दिल्ली में एयर इमरजेंसी है। राजधानी दिल्ली गैस चैंबर बन गई है। राजधानी दिल्ली हांफ़ रही है, खांस रही है। दिल्ली की हवा ज़हरीली हो गई है। दिल्ली में हर व्यक्ति हर पल अपने फेफड़ों में ज़हर भर रहा है। दिल्ली को डिटॉक्स करने की ज़रूरत है। दिल्ली-एनसीआर इलाके की इन दिनों जैसे बस यही पहचान बन गई है। देश ही नहीं दुनिया भर के अख़बारों-समाचार चैनलों, वेबसाइट्स में दिल्ली की हवा सुर्ख़ियों में है। दिल्ली एनसीआर में इस समय धुंध नहीं बल्कि, हवा में मौजूद धूल के कारण है, वो धूल जो कभी कंस्ट्रक्शन की वजह से कभी पोल्यूशन की वजह से कभी पराली की वजह से घटना हो रही है।

ये लटके हुए कण जो धूल के हैं ये पीएम 2.5 और पीएम 10 जैसे महीन कण इसमें शामिल हैं। इसका मतलब यह है कि एक दिन की दिल्ली की हवा में सांस लेना करीब 50 सिगरेट के पीने के बराबर है। इसी से अंदाजा लगाया जा सकता है कि दिल्ली की हवा का क्या हाल है।


रोज पीने-उपयोग करने वाला भूजल भी अब दिल्ली में सुरक्षित नहीं बचा है। केंद्रीय भूमिजल बोर्ड की नई रिपोर्ट बताती है कि इस पानी में यूरेनियम जैसे खतरनाक तत्वों के साथ नाइट्रेट, फ्लोराइड, लेड और ज्यादा नमक तक मिला हुआ है। रिपोर्ट में बताया गया कि राजधानी के कई हिस्सों से लिए गए भूजल के नमूनों में यूरेनियम की मात्रा सामान्य सीमा से कहीं अधिक पाई गई। यूरेनियम धीरे-धीरे शरीर में जमा होता है और गुर्दों, हड्डियों और शरीर के कई अंगों को नुकसान पहुँचा सकता है।

रिपोर्ट में साफ हुआ कि पानी में नाइट्रेट, फ्लोराइड, लेड और ज्यादा नमक भी पाया गया है। नाइट्रेट ज़्यादातर गंदे पानी और खाद से जमीन में रिसकर आता है। फ्लोराइड बढ़ने से दाँत और हड्डियाँ कमज़ोर होने लगती हैं। लेड शरीर के दिमागी विकास पर भारी असर डालता है और बच्चों व गर्भवती महिलाओं के लिए बेहद खतरनाक है। नमक और घुले पदार्थ ज्यादा होने से पानी पीने लायक नहीं रह जाता और पाचन व गुर्दों पर दबाव पड़ता है। दिल्ली में लगातार ज़्यादा गहराई तक बोरिंग होने लगी है, जिससे ऐसे हिस्सों का पानी ऊपर आ रहा है जहाँ मिट्टी में खुद ही खनिज और भारी तत्व मौजूद रहते हैं। दूसरी ओर, सीवर रिसाव, गंदे पानी का जमीन में घुसना और रासायनिक कचरे का सही निस्तारण न होना भी भूजल को ज़हरीला बना रहा है। जमीन रिचार्ज होने की जगह घट गई है और पानी अपना प्राकृतिक संतुलन खो रहा है।

दिल्ली में हवा और पानी दोनों ही गंभीर रूप से प्रदूषित हो रहे हैं। वायु प्रदूषण के साथ-साथ जल प्रदूषण भी लोगों के लिए बड़ी समस्या बन रहा है। दिल्ली में हर साल सर्दियों में वायु प्रदूषण बढ़ जाता है और यमुना में झाग भी बनने लगते हैं। कालिंदी कुंज इलाके में यमुना नदी में सफेद झाग दिखाई दिए। विशेषज्ञों का कहना है कि यह झाग पानी में मौजूद फॉस्फेट, डिटर्जेंट और औद्योगिक अपशिष्टों के कारण बनता है। यह न सिर्फ नदी के पारिस्थितिक तंत्र को नुकसान पहुंचा रहा है, बल्कि लोगों के स्वास्थ्य के लिए भी बेहद खतरनाक है। सवाल यही है कि आखिर देश की राजधानी दिल्ली वायु—जल प्रदूषण को लेकर और कितनी रसातल तक जाएगी। आखिर नेताओं और सरकारों की कुंभकर्णी नींद कब खुलेगी। चुनी हुई सरकारों से उम्मीद की जाती है कि जनहित का ख्याल रखेंगी। इस लिहाज से दिल्ली किसी बुरे सपने से कम नहीं है।


# टाईम पास

## काकुरो पहेली - 3740




खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरण:



### काकुरो - 3739 का हल



## लॉफिंग जौन

एक बार चमन अपनी नवविवाहिता पत्नी के साथ फिल्म देखने गया। वहाँ भी उसकी पत्नी हर समय उससे बातचीत में ही लगी रही। तंग आकर उसने इंटरवेल में पत्नी के लिए पान खरीदा और उसे दे दिया।

पत्नी बोली- एक पान तुम भी ले लो?

चमन बोला- मैं तो बिना पान खाए भी खामोश रह सकता हूँ।

□ □ □

चिंटू (चमन से)- क्या तुम बता सकते हो कि एक आदमी नेता बनने के बाद क्या खास काम करता है?

चमन- चुनाव के पहले वह अपना हाथ हिलाता है और बाद में जनता के विश्वास को।

□ □ □

कवि सम्मेलन के दौरान एक व्यक्ति अपने पास की कुर्सी पर बैठे कवि से बोला- कविवर, आपके पास पाँच सौ के छुट्टे है क्या?

कविवर (जिनके जेब में फूटी कौड़ी भी नहीं थी) इत्मीनान से बोले- छुट्टे तो नहीं हैं! किंतु.... यह पूछकर आपने जो मेरा मान बढ़ाया है, उसके लिए मैं आपका बहुत आभारी हूँ।

□ □ □

## फिल्म वर्ग पहेली- 3740



**बायें से दायें:-**

१. नाना, सलमान, सीमा, मनीषा की 'आज मैं ऊपर' गीत वाली फिल्म-३
३. 'जै जै शिवशंकर' गीत वाली संजीव कुमार, राजेश, मुमताज की फिल्म-३,३
७. धर्मेन्द्र, मनोजकुमार, सायराबानो की 'आज की रात नया चांद' गीत वाली फिल्म-२
१०. 'एक तेरा साथ हमको' गीत वाली अजय, मा.सत्यजीत, अलका की फिल्म-३
११. मनोजकुमार, बबीता की 'वो परी कहां से लाऊं' गीत वाली फिल्म-४
१२. 'राम हो क्या तुम' गीत वाली राजेश खन्ना, श्रीदेवी की फिल्म-२,३
१४. फिल्म 'बावरे नैन' में राजकुमार के साथ नायिका कौन थी?-२
१६. अमिताभ, नीतूसिंह की 'छूकर मेरे मन को' गीत वाली फिल्म-३
१८. 'रंग चला बहार चली' गीत वाली राजेश खन्ना, ऋषि कपूर, पूनम ढिल्लों की फिल्म-३
१९. नसीरूद्दीनशाह, अतुल अग्निहोत्री, पूजा भट्ट की 'ये उजली चांदनी जब' गीत वाली फिल्म-२
२०. 'दिल ने चाहा है क्या' गीत वाली सनी देओल, फरहा की फिल्म-३
२१. फिल्म 'चोरी चोरी' में अजय देवगन के साथ नायिका कौन है.?-२
२२. संजयदत्त, फरहा की 'ओ गुड़िया ओ बहना' गीत वाली फिल्म-३
२४. 'तूने जिंदगी में आके' गीत वाली बॉबी देओल, अक्षय खन्ना, अमीषा पटेल की फिल्म-४
२७. अमिताभ, वहीदा, नीतू सिंह की 'हमका ऐसा वैसा ना' गीत वाली फिल्म-४
२८. फिल्म 'मासूम' का नायक था-२,३

**ऊपर से नीचे:-**

१. 'वादा रहा' गीत वाली अमिताभ, अजय, अक्षय, ऐश्वर्या की फिल्म-२
२. मिथुन चक्रवर्ती, मुनमुन सेन की १९८६ की एक फिल्म-२
४. 'एक चतुर नार' गीत वाली सुनीलदत्त, किशोरकुमार, सायराबानो की फिल्म-४
५. अनिल, जैकी, पूजा भट्ट की 'जो मांगा था ख्वाब में' गीत वाली फिल्म-२,१,२
६. 'रूकी रूकी सी जिंदगी' गीत वाली आफताब, उर्मिला की फिल्म-२
८. अजय देवगन, अक्षय, उर्मिला की 'ये ताजगी ये सादगी' गीत वाली फिल्म-४
९. 'राजा की आयेगी बरात' गीत वाली राजकपूर, नर्गिस की फिल्म-२
११. राकेश रोशन, हेमा की 'आज उनसे पहली' गीत वाली फिल्म-३,२
१३. 'जाना तेरे प्यार में' गीत वाली अश्मित पटेल, इमरान हाशमी, मल्लिका की फिल्म-३
१५. प्रदीपकुमार, बीना राय की 'पाँव छू लेने दो' गीत वाली फिल्म-५
१७. 'रूखी सूखी रोटी' गीत वाली अनिलकपूर, रानी मुखर्जी की फिल्म-३
१९. फिल्म 'प्यार कोई खेल नहीं' में महिमा के साथ नायक कौन था-२
२१. 'अकेले हैं चले आओं' गीत वाली राजेशखन्ना, बबीता की फिल्म-२
२३. राजकुमार, राजेश खन्ना, माला की 'चुपके से दिल देदे' गीत वाली फिल्म-३
२५. फिल्म 'गाँवार' में नायक कौन था-३
२६. 'मैं प्यासा तुम सावन' गीतवाली फिल्म-३

### फिल्म वर्ग पहेली- 3739



## सूडोकु -3740




- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

### सूडोकु -3739 का हल



## शब्द पहेली -3740



**बाएँ से दाएँ**

1. जाति,समाज,बुंधता-4
3. स्वयंवर माला,जीत-4
6. चूहे का घर-2
7. स्थिर,टिका हुआ-3
8. पार्थिव देह,लाश-2
10. सुवासित करना-4
11. थोड़ा,कम-2
13. मोटा आटा,दानेदार-4
15. गौरव,अभिमान-3
17. विष्णु,नारायण-4
20. वाहन,गाड़ी,जहाज-2
21. होशियार,दक्ष-3
23. उचित,सही-3
25. जया भादुड़ी व अमिताभ की फिल्म-2
26. करिश्मा,करतब-4
29. भर्त्सना,धिक्कार-3
31. गुलाम,परतंत्र-4
32. बेल,लतिका-2
34. आश्चर्य-4
35. नांद,टप-2
37. मग्नता-3
39. मछली-2
40. कुशलपूर्वक,सुरक्षित-4
41. मित्रतापूर्ण-4

**ऊपर से नीचे**

1. विधेयक,देयक-2
2. विजयादशमी-4
3. जीत,विजय-2
4. जुड़वा-3
5. शव,मृत शरीर-2
6. बंधु,सजातीय,भाई-4
7. एक आंख वाला-2
9. मौजूदा,आधुनिक-4
10. मदमस्त-4
12. धुन,लय,सुर-2
14. इच्छा,कामना-2
16. सुर साधना-3
18. भगवान कृष्ण का गरीब मित्र-3
19. छुट्टी,अवकाश-2
21. अच्छे कुल का-3
22. भाग्य (अंग्रेजी-2)
24. यम,मृत्यु का देवता-4
25. अपमिश्रण, खोट-4
27. निशा,रात्रि-2
28. कहासुनी,कलह-4
30. तल्ला,पैंदा-2
31. गुलामी,पराश्रित-4
33. शिक्षा(उर्दू-3)
34. अदा करना,चुकाना-2
36. एक सवारी गाड़ी-2
38. झुका हुआ-2
39. दोस्त,सखा-2

### शब्द पहेली -3739 का हल



# ग्रेटर नोएडा में प्रमोटर ने 100 करोड़ रुपए वसूले

## यूपी रेरा ट्रिब्यूनल ने जांच के आदेश दिए, कहा- 45 दिन के अंदर बिल्डर खरीददारों के रुपए लौटाए

**गौतम बुद्ध नगर।** उत्तर प्रदेश रियल एस्टेट अपीलीय न्यायाधिकरण ने ग्रेटर नोएडा के सेक्टर-27 स्थित एक आवासीय परियोजना के प्रमोटर को सख्त निर्देश दिए हैं। न्यायाधिकरण ने आदेश दिया है कि प्रमोटर 45 दिनों के भीतर घर खरीदारों को देरी का ब्याज चुकाए। टाउनशिप के मास्टर क्लब व गोल्फ कोर्स के नाम पर वसूले गए रुपए लौटाए।




इसके साथ ही प्रमोटर को पंजीकृत त्रिपक्षीय सब-लीज डीड में छूटी हुई जानकारी के लिए करेक्शन डीड कराने का भी निर्देश दिया गया है। यह आदेश न्यायमूर्ति सुनीत कुमार (अध्यक्ष) और रामेश्वर सिंह (प्रशासनिक सदस्य) की पीठ ने पारित किया।

न्यायाधिकरण ने एआर लैंडक्राफ्ट एलएलपी की अपीलों को खारिज कर दिया, जो 100 एकड़ की गोडरेज गोल्फ लिंक टाउनशिप के अंतर्गत गोडरेज क्रेस्ट रेजिडेंशियल क्लस्टर की प्रमोटर है।

कंपनी ने 7 मार्च 2024 को यूपी रेरा द्वारा दिए गए आदेश को चुनौती देते हुए अपील दायर की थी।

### कार्रवाई पर विचार करने का आदेश दिया गया

यूपी रेरा को 2016 के रेरा अधिनियम के तहत कार्रवाई पर विचार करने का आदेश दिया गया है। राज्य सरकार को यह भी जांच करने के निर्देश दिए गए हैं कि ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण ने आरईपी (रिक्रिएशनल एंटरटेनमेंट पार्क) योजना और भवन नियमों का उल्लंघन किया या नहीं, जिससे प्रमोटर को लाभ हुआ हो।

न्यायाधिकरण ने अपनी टिप्पणी में कहा कि प्रमोटर ने परियोजना की शुरुआत से ही धोखाधड़ीपूर्ण, अनुचित और भ्रामक प्रथाओं में लिप्त होकर काम किया।

### अदालत के आदेश में क्या कहा गया-

प्रमोटर द्वारा परियोजना की शुरुआत से ही धोखाधड़ी, अनुचित और भ्रामक तरीके अपनाने की बात दर्ज की गई।

जीएनआईडीए द्वारा दी गई नियामक स्वीकृतियों पर गंभीर सवाल उठाए गए और रेरा को निर्देश दिया गया कि वह आरईपी योजना का पूरा रिकॉर्ड, स्वीकृत लेआउट और सब-लीज दस्तावेज प्रस्तुत करे।

प्रमुख सचिव को निर्देश दिए गए कि वे यह जांच करें कि जीएनआईडीए ने आरईपी योजना और भवन नियमों का उल्लंघन कर प्रमोटर को लाभ पहुंचाया या नहीं।

यह आकलन करने के निर्देश दिए गए कि रिक्रिएशनल ग्रीन एरिया और आरईपी योजना से संबंधित प्रक्रियाओं को दरकिनार किया गया या नहीं।

यह दर्ज किया गया कि खरीदारों को संपत्ति की प्रकृति, स्वामित्व हस्तांतरण और क्लब व गोल्फ कोर्स शुल्क (जो मूलतः वैकल्पिक थे) के बारे में गुमराह किया गया, और इन्हीं शुल्कों का उपयोग कब्जा और कन्वेयंस रोकने के लिए किया गया।

यह भी दर्ज किया गया कि प्रमोटर ने इन शुल्कों के माध्यम से लगभग 100 रुपए करोड़ इकट्ठा किए और आवंटियों से धोखाधड़ी कर धन वसूला।

# नोएडा में कंपनी कर्मी से लूटे दो लाख रुपये

**कार को ओवरटेक कर रोका, झगड़ा करने का लगाया आरोप, उठा ले गए बैग**

एजेंसी

**नोएडा।** सेक्टर-63 थाना क्षेत्र में कार सवार कंपनी कर्मियों से पिस्टल के दम पर दो लाख रुपए और दो मोबाइल फोन लूट लिए।

कार सवार चार बदमाशों ने ओवरटेक करके वारदात को अंजाम दिया। बदमाश कार की चाबी भी लेकर भाग गए। पुलिस ने केस दर्ज कर बदमाशों की तलाश शुरू कर दी है।

गाजियाबाद के कविनगर निवासी नवल किशोर ने पुलिस को बताया कि वह ग्रेटर नोएडा वेस्ट के सेक्टर-चार स्थित एक प्राइवेट कंपनी में बतौर अकाउंटेंट नौकरी करते हैं।

उन्हें कंपनी की ओर से आने-जाने के लिए कार और चालक की सुविधा मिली हुई है। 12 दिसंबर की सुबह वह कंपनी का भुगतान लेने के लिए दिल्ली गए थे। कंपनी की कार को ओमपाल नामक चालक चला रहा था।

12 दिसंबर की शाम चार बजे वह कार से दो लाख रुपए का भुगतान लेकर नोएडा आ रहे थे।

जब वह सेक्टर-62 अंडरपास में पहुंचे तो पीछे से एक कार के चालक ने तेज गति से ओवरटेक करते हुए उन्हें रोक लिया।

कार से चार बदमाश उतरे और धमकाने लगे। बदमाशों ने उन पर आरोप लगाया कि तुम पीछे कुछ झगड़ा करके आए हो।

नवल किशोर और चालक ओमपाल दोनों कार से नीचे उतरकर उन्हें डिग्गी की जांच कराने लगे, तभी एक बदमाश ने पिस्टल निकाल ली। कार की आगे की सीट के नीचे रखा दो लाख रुपए भरा बैग, दो मोबाइल फोन और कार की चाबी निकाल ली। चारों बदमाश अपनी कार में बैठकर भाग गए।

# जेवीसीसी नोएडा में नौसेना दिवस धूमधाम से मनाया गया, दिग्गजों ने साझा किए 1971 युद्ध के अनुभव

**नोएडा।** जलवायु विहार कम्युनिटी सेंटर में नौसेना दिवस अत्यंत उत्साह और देशभक्ति की भावना के साथ मनाया गया। 350 से अधिक सदस्यों ने इस भव्य समारोह में भाग लिया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि वाइस एडमिरल सीआर प्रवीन नायर, AVSM, NM, कंट्रोलर पर्सनल सर्विसेज़ थे। उनका स्वागत जेवीसीसी के अध्यक्ष रियर एडमिरल बृजेश झांग ने किया। वाइस एडमिरल सीआर. प्रवीन नायर ने अपने संबोधन में कहा कि भारतीय नौसेना देश के तटों की सुरक्षा के लिए तीव्र गति से विस्तार कर रही है और भारतीय शिपयार्ड पहले से कहीं अधिक तेजी से युद्धपोतों का निर्माण कर रहे हैं। रियर एडमिरल झांग ने भारतीय नौसेना के अदम्य साहस, पेशेवर दक्षता और बलिदान को नमन करते हुए विशेष रूप से 1971 के भारत-पाक युद्ध के निर्णायक नौसैनिक अभियानों को याद किया और देश की समुद्री सीमाओं की रक्षा करने वाले नौसैनिकों के प्रति समुदाय की गहरी कृतज्ञता व्यक्त की। समारोह का एक मुख्य आकर्षण समुद्री विषय पर आधारित भरतनाट्यम नृत्य प्रस्तुति रही, जिसने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। समारोह का भव्य समापन नौसेना बैंड की जोशीली प्रस्तुति के साथ हुआ, जिसने पूरे कार्यक्रम में भव्यता और देशभक्ति का संचार कर दिया।



# ग्रेटर नोएडा में कोहरे से टकराए 6 वाहन

## एनएच-91 पर हादसा, कई गाड़ियां क्षतिग्रस्त; कोई जनहानि नहीं

**गौतम बुद्ध नगर।** ग्रेटर नोएडा में रविवार सुबह घने कोहरे के कारण राष्ट्रीय राजमार्ग-91 पर एक बड़ा सड़क हादसा हो गया। कोट गांव के पास हुए इस हादसे में छह वाहन आपस में टकरा गए। कई गाड़ियां क्षतिग्रस्त हो गईं, हालांकि किसी को गंभीर चोट नहीं आई और कोई जनहानि नहीं हुई। यह घटना दादरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत एनएच-91 पर सुबह के समय हुई। घने कोहरे और कम दृश्यता के कारण एक कार दूसरी कार से टकरा गई। इसके बाद पीछे से आ रहे दो अन्य वाहन भी एक-दूसरे से जा भिड़े, जिससे कुल छह गाड़ियां एक के बाद एक टकराती चली गईं।



टक्कर लगने से सभी वाहन क्षतिग्रस्त हो गए। मौके पर मौजूद लोगों ने तत्काल घायलों की मदद की। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, इस हादसे में गाड़ियों में सवार लोगों को हल्की-फुल्की चोटें आईं, लेकिन किसी को भी गंभीर चोट नहीं लगी।

सूचना मिलने पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने तत्काल क्रेन बुलाई और क्षतिग्रस्त वाहनों को सड़क से हटवाया। हादसे के कारण कुछ देर के लिए यातायात बाधित हुआ, लेकिन पुलिस ने जल्द ही जाम खुलवाकर स्थिति सामान्य कर दी। कई लोग अपने वाहनों को लेकर मौके से चले गए।

पुलिस ने बताया कि यह हादसा दादरी की तरफ से सिकंदराबाद की ओर जाते समय हुआ। पुलिस के अनुसार, किसी भी व्यक्ति को गंभीर चोट नहीं आई है और न ही किसी ने कोई शिकायत दर्ज कराई है। सभी वाहनों को समय रहते हटा लिया गया है और फिलहाल स्थिति सामान्य है।

# ई-स्कूटी लीज स्कीम के नाम पर धोखाधड़ी करने वाला अभियुक्त गिरफ्तार

सोनू शर्मा विशाल इण्डिया

**नोएडा।** थाना फेस टु पुलिस ने गोपनीय सूचना की सहायता से ई-स्कूटी लीज स्कीम के नाम पर धोखाधड़ी करने वाला शातिर अभियुक्त सौरभ मिश्रा पुत्र रंजीत कुमार मिश्रा निवासी ग्राम जयदेव पट्टी थाना घनश्यामपुर जिला दरभंगा बिहार वर्तमान पता शम्भु वाटिका भंगेल थाना फेस टु गौतमबुद्धनगर को भंगेल से रविवार को गिरफ्तार कर लिया। अभियुक्त गौरव मिश्रा व सौरभ मिश्रा द्वारा अपने सहयोगियों के साथ मिलकर एक पूर्व नियोजित योजना के तहत भंगेल स्थित चैतन्य बिल्डिंग में कार्यालय खोलकर एनसीआर क्षेत्र के लोगों को ई-स्कूटी कंपनी की लुभावनी स्कीम दिखाकर उनके नाम पर ई-स्कूटी खरीदने का झांसा देकर एवं प्रतिमाह किस्त के रूप में लाभांश देने का प्रलोभन देकर उनके साथ धोखाधड़ी की जाती थी। इस प्रकार प्राप्त की गई धनराशि को अभियुक्तगण द्वारा अपने-अपने बैंक खातों में अर्जित किया जाता था। वर्तमान में चेतन बिल्डिंग स्थित कार्यालय को अभियुक्त गण बंद करके फरार हो गए थे। उक्त धोखाधड़ी के संबंध में पीड़ित व्यक्तियों द्वारा 13 दिसम्बर 2025 को थाना फेस टु गौतमबुद्धनगर में अभियोग पंजीकृत कराया गया था। अभियुक्त गौरव मिश्रा एवं सौरभ मिश्रा अपने सहयोगियों के साथ मिलकर दिल्ली, गाजियाबाद एवं नोएडा (एनसीआर क्षेत्र) में रहने वाले लोगों को ई-स्कूटी निवेश/लीज योजना के नाम पर प्रत्येक ई-स्कूटी के लिए 85,000 रुपये की धनराशि जमा कराने का कार्य करते थे। अभियुक्तगण द्वारा पीड़ितों को यह झूठा आश्वासन दिया जाता था कि उनके नाम पर ई-स्कूटी खरीद ली गई है तथा कंपनी द्वारा उसका संचालन किया जा रहा है इसके एवज में अभियुक्तगण प्रत्येक ई-स्कूटी पर 7000 रुपये प्रतिमाह, तीन वर्षों तक किस्त/लाभांश देने तथा तीन वर्ष की अवधि पूर्ण होने के उपरांत उक्त ई-स्कूटी वापस करने का लुभावना प्रलोभन देते थे।



# दुष्कर्म और हत्या के आरोपियों की जमानत खारिज

**ग्रेटर नोएडा।** जिला न्यायालय ने 14 वर्षीय नाबालिग के साथ दुष्कर्म के आरोपी अब्दुल रहमान की जमानत याचिका को खारिज कर दिया। आरोपी के खिलाफ बिसरख थाने में मामला दर्ज है। अभियोजन पक्ष के अनुसार 20 अगस्त 2025 को पीड़ित की बहन किसी जरूरी काम से अपने घर से बाहर गई थी, लेकिन घर नहीं लौटी। संदेह हुआ कि उसकी बहन को अब्दुल रहमान नामक व्यक्ति बहला-फुसलाकर ले गया है। इसके बाद 22 अगस्त को रिपोर्ट दर्ज की गई और जांच शुरू की गई। कोर्ट ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद कहा कि नाबालिग को दूर स्थान पर ले जाना और उसपर यौन हमला करना एक जघन्य अपराध है। इसलिए आरोपी को जमानत देने से मना कर दिया। वहीं, बिसरख क्षेत्र के ही एक अन्य हत्या के मामले में भी आरोपी नीतू सिंह की जमानत अर्जी खारिज कर दी। अभियोजन के अनुसार वादी संतोष पासवान ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि वह रिछपाल गढ़ी क्षेत्र में किराये पर रहते हैं। 9 मार्च 2024 को उनकी बहन और मां बिहार के दरभंगा जिले में एक शादी समारोह में गई हुई थीं। इसी दौरान उनके बहनोई नीतू सिंह रिछपाल गढ़ी स्थित उनके पिता के पास पहुंचे।

# ग्रेटर नोएडा के गौड़ सिटी में ठेकेदार ने हड़पे रुपए

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा की गौड़ सिटी सोसाइटी में एक ठेकेदार पर तीन लोगों से लाखों रुपये हड़पने का आरोप लगा है।

आरोप है कि ठेकेदार ने मकान निर्माण का काम अधूरा छोड़ दिया और पैसे मांगने पर मकान मालिकों को जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित पक्ष ने रविवार शाम रबूपुरा कोतवाली में मामला दर्ज कराया है।

यमुना प्राधिकरण क्षेत्र के सेक्टर 19 स्थित गौड़ यमुना सिटी निवासी रिंकी तोमर ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उन्होंने और उनके दो अन्य रिश्तेदारों ने अपने तीन प्लॉट पर मकान निर्माण का ठेका अलीगढ़ के शेरपुर गांव निवासी चिनाई ठेकेदार रामप्रकाश को दिया था। यह ठेका 150 रुपये प्रति वर्ग गज के हिसाब से तय हुआ था।

ठेकेदार ने तीनों मकानों का निर्माण कार्य शुरू किया, लेकिन कुछ समय बाद ही काम बंद कर दिया। आरोप है कि ठेकेदार ने मजदूरों को पैसे देने और परिजन की बीमारी का बहाना बनाकर किए गए काम से अधिक पैसे ले लिए।

# सोसाइटी की ग्रिल और बेंच चोरी करने वाले कबाड़ी सहित 5 अभियुक्त गिरफ्तार

**नोएडा। वकार सैफी।** थाना 58 पुलिस ने सेक्टर 61 की सोसायटी के बाहर लगी लोहे फेंसिंग और लोहे की ग्रिल को गैस कटर से काट कर चोरी करने वाले चोरों के गैंग का खुलासा करते हुए कबाड़ी सहित 5 चोरों को गिरफ्तार किया है।

बता दे कि पुलिस की गिरफ्त में खडे मौहम्मद फारूक, मोहम्मद शरीफ, फिरोल, बशीर, राजा ठाकुर पुत्र और कबाड़ी का काम करने वाले जुम्मन को पुलिस ने इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस और लोकल इंटेलिजेंस से मिली जानकारी पर सेक्टर-60 रोड के पास से गिरफ्तार किया है. पुलिस ने चोरो की निशानदेही पर ग्राम गिझौड़, सेक्टर-53 में सीएनजी पंप के पीछे खाली पड़ी जगह से चोरी की गई 22 लोहे की ग्रिल और 06 लोहे की बेंचों के हिस्से कुल वजन लगभग 15 कुन्तल) बरामद किया है।



एडीसीपी नोएडा ने बताया कि पकडे गये आरोपियो ने बताया कि उन्होंने 10.दिसंबर की रात में मानसरोवर अपार्टमेंट, सेक्टर-61 के बाहर से ग्रिल और बेंचें चुराई थीं। उन्होंने यह भी बताया कि वे दो ठेले खरीद रखे हैं और दिन में सुरक्षित जगह देखकर रात में रोड साइड से लोहे का सामान, ग्रिल, बेंच, और पाइप चुराते हैं। पुलिस ने चोरो की निशानदेही पर ग्राम गिझौड़, सेक्टर-53 में सीएनजी पंप के पीछे खाली पड़ी जगह से चोरी की गई 22 लोहे की ग्रिल और 06 लोहे की बेंचों के हिस्से बरामद किए गए है। आरोपियो के बताया कि चुराया गया सामान वे अपने साथी जुम्मन खान जो कि कबाड़ी का कार्य करता है उसको को देते थे। जुम्मन खान इन्हें काटकर स्क्रेप में बेच देता था। जुम्मन खान को भी गिरफ्तार कर लिया गया है।

# ग्रैप-4 की पाबंदियां लागू होने से निर्माण कार्य बंद

**ग्रेटर नोएडा।** प्रदूषण का स्तर बढ़ने पर ग्रैप-4 (ग्रैडेड रिस्पांस एक्शन प्लान) की पाबंदियां लागू कर दी गई हैं। इस पर ग्रेटर नोएडा में निर्माण कार्यों पर रोक लगा दी गई है। हालांकि अति महत्वपूर्ण परियोजनाओं ग्रेटर नोएडा वेस्ट में चारमूर्ति चौक पर अंडरपास और हिंडन नदी पर पुल का काम जारी रहेगा। ग्रैप-4 की पाबंदियों का पालन कराने के लिए ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण द्वारा पूर्व में गठित आठ टीमों को एक बार फिर सतर्क कर दिया गया है। सड़कों पर पानी का छिड़काव तेज कर दिया गया है। धूल उड़ने वाले स्थानों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। खुले में कूड़ा जलाने वालों पर कार्रवाई की जाएगी। प्राधिकरण के अधिकारी के मुताबिक जरूरी परियोजनाओं का काम जारी रहेगा, लेकिन प्रदूषण की रोकथाम के लिए जारी दिशा- निर्देश का पालन किया जाएगा। ग्रेटर नोएडा क्षेत्र में चारमूर्ति/गौड़ चौक पर अंडरपास का काम, सूरजपुर-कासना मार्ग की मरम्मत, डिपो मेट्रो स्टेशन जुनपत गोलचक्कर से सेक्टर म्यू की तरफ जाने वाली सड़क का पुनर्निर्माण जैसी कई परियोजनाओं पर काम चल रहा है। प्रदूषण का स्तर बढ़ने पर एक बार फिर निर्माण कार्य पर रोक लगा दी गई है। इससे ध्वस्तीकरण की कार्रवाई भी प्रभावित होगी। प्राधिकरण ने अवैध निर्माण के खिलाफ अभियान शुरू कर रखा है। ऐसे में अवैध निर्माण करने वालों को मौका मिल जाएगा। सेक्टरों में चल रहा निर्माण कार्य दिल्ली एनसीआर में ग्रैप-4 की पाबंदियां सख्ती से लागू कर दी गई हैं। निर्माण कार्य पर रोक के बाद भी ग्रेटर नोएडा के अल्फा, बीटा, गामा, डेल्टा आदि आवासीय सेक्टरों में मकानों का निर्माण कार्य जारी है। निर्माण सामग्री को ढककर रखने के नियमों का खुलेआम उल्लंघन किया जा रहा है। निर्माणाधीन साइट को ढका नहीं गया है। इससे प्रदूषण के स्तर में बढ़ोतरी हो रही है। ग्रैप-4 की पाबंदियों का सख्ती से पालन कराया जाएगा। इसके लिए गठित आठ टीमों को सतर्क कर दिया गया है। कार्यदायी संस्थाओं को इस संबंध में दिशा- निर्देश दिए गए हैं। सड़कों पर पानी का छिड़काव नियमित रूप से दिया जा रहा है।

# कार ने बाइक टैक्सी को मारी टक्कर, हालत नाजुक

**ग्रेटर नोएडा।** बीटा-2 कोतवाली क्षेत्र में एक कार की टक्कर से बाइक टैक्सी चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस को तहरीर में रोजा जलालपुर निवासी पीड़िता की पत्नी गुड़िया कुमारी ने बताया कि उनके पति प्रेम कुमार शनिवार को रैपिडो बाइक टैक्सी चलाकर अल्फा-2 आए थे। वापस लौटते समय गेट नंबर-5 के पास से एक तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी। टक्कर के बाद कार चालक ने एक बार नहीं बल्कि दोबारा वाहन चढ़ाने की कोशिश की। जिससे पति सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। इस दौरान कार उनके बाइक पर भी चढ़ गई और चालक मौके से फरार हो गया। डॉक्टरों ने उनकी गंभीर हालत को देखते हुए एम्स अस्पताल में रेफर कर दिया। फिलहाल पति वेंटिलेटर पर हैं। वहीं कोतवाली प्रभारी विनोद कुमार का कहना है कि प्राथमिकी दर्ज कर जांच की जा रही है।

# शार्ट न्यूज

## जेवर में किसान एकता संघ की बैठक

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के दनकौर कस्बे में रविवार को किसान एकता संघ की बैठक हुई। इस दौरान नगर पंचायत द्वारा बिजली के बढ़े हुए बिलों, जर्जर सड़कों और बदहाल सफाई व्यवस्था को लेकर गहरी चिंता व्यक्त की गई। यह बैठक अजय ठाकुर के आवास पर राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी सोरन प्रधान के नेतृत्व में संपन्न हुई। इसकी अध्यक्षता कृष्ण बैंसला ने की, जबकि राष्ट्रीय उपाध्यक्ष विक्रम नागर ने संचालन किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी सोरन प्रधान ने दनकौर नगर में बिजली के बढ़े बिलों, जर्जर सड़कों और नालियों की खराब सफाई व्यवस्था पर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि दनकौर नगर पंचायत सफाई व्यवस्था में पूरी तरह विफल रही है। प्रधान ने बताया कि नगर पंचायत कर्मचारियों से संपर्क करने पर भी नागरिकों को संतोषजनक जवाब नहीं मिलता, जिससे आम जनता में रोष है। कार्यकर्ताओं ने नगर की समस्याओं के समाधान के लिए जल्द ही नगर पंचायत के खिलाफ आंदोलन की रणनीति बनाने पर विचार किया। बैठक के दौरान संगठन का विस्तार करते हुए अजय ठाकुर को किसान एकता संघ का जिला सचिव (गौतम बुद्ध नगर) नियुक्त किया गया।

## आरोग्य मेले में 1549 लोगों की स्वास्थ्य जांच

**नोएडा।** मुख्यमंत्री आरोग्य मेले में रविवार को 1549 लोगों की स्वास्थ्य जांच की गई। जिले के 36 शहरी और ग्रामीण स्वास्थ्य केंद्रों में मेले का आयोजन किया गया। आरोग्य मेले में बुखार, सर्दी-खांसी, मधुमेह तथा अन्य बीमारियों के मरीजों ने परामर्श लिया। बुखार सहित अन्य बीमारियों से पीड़ित गंभीर मरीजों को इलाज के लिए जिला अस्पताल और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में भेजा गया। डॉक्टरों ने ठंड से बचाव को लेकर लोगों को जागरूक भी किया। डॉक्टरों ने ऐसे मौसम में गर्म कपड़े पहनने, गुनगुना पानी का सेवन, बच्चों व बुजुर्गों का विशेष ध्यान रखने की सलाह दी। सीएमओ डॉ. नरेंद्र कुमार ने नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बरौला, होशियारपुर और सेक्टर-22 का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान दवाओं की उपलब्धता, कर्मचारियों की उपस्थिति, स्वच्छता और मेले की व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

## बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई

**नोएडा।** पल्स पोलियो अभियान के तहत रविवार को 106024 बच्चों को दवा पिलाई गई। अभियान 20 दिसंबर तक चलेगा। पहले दिन दवा से वंचित बच्चों को घर-घर जाकर दवा पिलाई जाएगी। जिला अस्पताल से इसकी शुरुआत हुई। नोएडा और ग्रेटर नोएडा में बच्चों को दवा पिलाने के लिए 1042 बूथ लगाए गए थे। जिले में 2008 के बाद से पोलियो का एक भी मरीज नहीं मिला है। सीएमओ डॉ. नरेंद्र कुमार ने कहा कि भारत पोलियो मुक्त देश घोषित हो चुका है, लेकिन विश्व स्वास्थ्य संगठन के दिशा-निर्देश के अनुसार जब तक पड़ोसी देशों में पोलियो के मरीज मिलते रहेंगे तब तक दवा पिलाने का अभियान चलता रहेगा। लिहाजा पांच साल से कम उम्र के बच्चों को दवा पिलाना बेहद जरूरी है। इस मौके पर प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. आरके सिरोहा, उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. उबैद कुरैशी आदि मौजूद रहे।

## एनआरआई से पांच लाख रुपये ठगे

**ग्रेटर नोएडा।** मिट्टी की खोदाई में मिले सिक्के और सोने के आभूषण का लालच देकर एनआरआई से पांच लाख रुपये की ठगी का मामला सामने आया है। दूध लेने जा रहे एनआरआई को रास्ते में एक युवक मिला, जिसने उन्हें खुदाई में 70 से 80 सिक्के और सोने के आभूषण होने का झांसा दिया। उन्हें दो चांदी के पुराने सिक्के भी दिखाए। बाद में उन्हें तिगरी गोलचक्कर पर नकली आभूषण थमाकर पांच लाख रुपये ठग लिए। जानकारी के अनुसार गाजियाबाद के प्रताप विहार निवासी मनीष कुमार दो दिसंबर को दूध लेने के लिए बाजार जा रहे थे। रास्ते में उन्हें एक युवक मिला और उसने खुद का नाम राजू बताया। उन्हें चांदी के दो सिक्के दिखाते हुए कहा कि उनके पास करीब 70 से 80 और भी सिक्के और सोने के आभूषण हैं, जो कि मिट्टी की खुदाई के दौरान मिले हैं। वह मजदूर है और उन्हें कम कीमत पर वह सिक्के और आभूषण देने को तैयार है। उसने उन्हें तीन दिसंबर को सिक्के और आभूषण देने के लिए बिसरख कोतवाली क्षेत्र के तिगरी गोलचक्कर पर बुला लिया। वह अपनी पत्नी और माता के साथ तिगरी गोलचक्कर पहुंचे, जहां उन्हें सिक्के और सोने की गले की पुरानी चेन दिखाई और उनके एवज में 20 लाख रुपये की मांग की।

## रैपिडो सवार को तेज रफ्तार कार ने कुचला

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के अल्फा-2 में तेज रफ्तार कार की टक्कर से रैपिडो बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल की हालत नाजुक बनी हुई है और वह वेंटिलेटर पर है। रोजा जलालपुर कृष्णकुंज-2 निवासी गुड़िया कुमारी ने बताया कि उनके पति प्रेम कुमार रैपिडो बाइक से अल्फा-2 आए थे। 13 नवंबर को दोपहर करीब 2:40 बजे जब वे वापस लौट रहे थे, उसी दौरान गेट नंबर-5 के पास एक कार ने लापरवाही और तेज रफ्तार में उनके पति को टक्कर मार दी। आरोप है कि टक्कर के बाद कार चालक ने दोबारा वाहन चढ़ाने की कोशिश की और भागने के दौरान बाइक को भी क्षतिग्रस्त कर दिया। हादसे में प्रेम कुमार सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए और बेहोश हो गए। मौके पर मौजूद लोगों ने उन्हें निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां से हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया। बीटा-2 थाना प्रभारी का कहना है कि तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर लिया गया है। घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। कार चालक की तलाश की जा रही है, जल्द ही गिरफ्तारी की जाएगी।

## वायु प्रदूषण बढ़ने से गैस चैंबर बना नोएडा

**नोएडा।** वायु प्रदूषण बढ़ने से सांसों का संकट बढ़ गया है। लगातार दूसरे दिन रविवार को नोएडा गैस चैंबर बना रहा । शहर का एक्यूआई 466 दर्ज किया गया। साथ ही नोएडा देश का सबसे वायु प्रदूषित शहर भी रहा। दूसरी ओर, जिला अस्पताल में सांस की बीमारी बढ़ने पर छह मरीजों को आईसीयू में भर्ती करना पड़ा। नोएडा की हवा दो दिनों से हवा दमघोंटू बनी हुई है। एक दिन पहले नोएडा का एक्यूआई 455 था। रविवार को एक्यूआई में 11 अंकों की बढ़ोतरी हुई। पिछले चार सालों में शहर का एक्यूआई सबसे अधिक दर्ज किया गया। इससे पहले 12 नवंबर 2021 को यहां का एक्यूआई 488 रहा था। ग्रेटर नोएडा की हवा भी गंभीर श्रेणी में रही। एक्यूआई 435 दर्ज किया गया, जो एक दिन पहले के मुकाबले 7 अंक कम है। सुबह से दृश्यता 200-300 मीटर रही। दोपहर में भी वायु प्रदूषण कम नहीं हुआ। वायु प्रदूषण के कारण खिली धूप भी नहीं निकली। शाम होते ही वायु प्रदूषण बढ़ा। हवा की गति कम होने और कोहरे के साथ प्रदूषित धूलकण मिलने से वायु प्रदूषित कण आसमान में ज्यादा दूर तक नहीं जा सके। सोमवार को हवा की गति 10 किलोमीटर प्रतिघंटे रहने की संभावना है, जिससे वायु प्रदूषण में थोड़ी कमी आ सकती है।

## जिले में यूपी बोर्ड परीक्षा अब 60 केंद्रों पर होगी

**नोएडा।** यूपी बोर्ड के हाईस्कूल और इंटरमीडिएट के परीक्षा केंद्रों की अंतिम सूची का निराकरण कर लिया गया है। बोर्ड की ओर से 59 केंद्रों की जारी सूची आईं 35 आपत्तियों का निस्तारण करके 60 केंद्रों की सूची बोर्ड को भेज दी है। पूर्व में प्रस्तावित पांच केंद्रों को हटा दिया है, जबकि छह नए केंद्रों को जोड़ा गया है। जिले में यूपी बोर्ड की वार्षिक परीक्षाएं 18 फरवरी 2026 से प्रारंभ होकर 12 मार्च 2026 तक आयोजित की जाएंगी। इस बार दोनों कक्षाओं की परीक्षाएं एक साथ शुरू होंगी, जो छात्रों के लिए एक महत्वपूर्ण घोषणा है। परीक्षा दो पालियों में होंगी। पहली पाली का समय सुबह 8.30 से 11.45 बजे तक है, जबकि दूसरी पाली की परीक्षा का समय दोपहर बाद 2.00 बजे से शाम 5.15 बजे है। परीक्षाओं के लिए पिछले माह बोर्ड ने पहले चरण में जिले के 59 केंद्रों के नाम प्रस्तावित किए थे। इसके लिए सुझाव और आपत्तियां मांगी गई थीं। जिले में कुल 35 केंद्रों ने जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय के ऑनलाइन पोर्टल पर आपत्तियां दर्ज कराई थीं। 10 दिसंबर तक सभी आपत्तियों का निस्तारण करने के बाद पांच केंद्रों के नाम सूची से हटा दिए हैं। साथ ही छह नए विद्यालयों को केंद्र बनाते हुए प्रस्ताव बोर्ड के पास भेज दिया है।

# मिशन शक्ति 5.0 के तहत जनपद भर में महिला सुरक्षा व सशक्तिकरण को लेकर जागरूकता अभियान






**पीलीभीत।** मिशन शक्ति अभियान-5.0 के अंतर्गत जनपद पीलीभीत में महिला सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन को लेकर व्यापक जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान के तहत विभिन्न थाना क्षेत्रों में महिला सुरक्षा केंद्र एवं मिशन शक्ति टीमों ने महिलाओं, बालिकाओं, छात्र-छात्राओं और आमजन को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया।

इस क्रम में थाना घुंघचाई, कोतवाली, हजारा, अमरिया, बरखेड़ा, बिलसंडा, दियोरिया कला, करेली, गजरौला कला तथा महिला थाना की मिशन शक्ति एवं महिला सुरक्षा केंद्र टीमों ने अपने-अपने थाना क्षेत्रों में भ्रमण कर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए। टीमों द्वारा महिला संबंधी कानूनों की जानकारी दी गई तथा सुरक्षा से जुड़े विभिन्न सरकारी हेल्पलाइन नंबरों के बारे में विस्तार से बताया गया।

जागरूकता कार्यक्रम के दौरान महिला हेल्पलाइन नंबर 1090 व 181, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, स्वास्थ्य सेवाएं 102 व 108, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 तथा साइबर क्राइम हेल्पलाइन नंबर 1930 के उपयोग के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही साइबर अपराध से बचाव के उपायों पर भी विस्तार से प्रकाश डाला गया।

पुलिस टीमों ने महिलाओं और बालिकाओं को किसी भी प्रकार की समस्या या अपराध की स्थिति में बिना झिझक हेल्पलाइन नंबरों पर संपर्क करने के लिए प्रेरित किया। अभियान का उद्देश्य महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना, उनमें सुरक्षा की भावना को मजबूत करना और समाज में जागरूकता बढ़ाना रहा।

## जमीन विवाद में महिला की पिटाई, चार नामजद पर मुकदमा दर्ज

**पुलिस ने नामजद आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच की शुरू**

**पीलीभीत/अमरिया।** थाना अमरिया क्षेत्र के ग्राम माधोपुर में जमीन पर कब्जे को लेकर हुए विवाद में एक महिला के साथ मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने चार नामजद आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

ग्राम माधोपुर निवासी मुन्नी देवी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि गांव में उसका पुश्तैनी मकान बना हुआ है, जिसके पास ही उसके नाम दर्ज खाली जमीन स्थित है।

आरोप है कि इसी जमीन पर अवैध कब्जा करने की नीयत से उसके ही परिवार के नरेश कुमार, शिव स्वरूप, सचिन कुमार, शिवम कुमार और मोहित कुमार आए दिन विवाद करते रहते हैं।

पीड़िता के अनुसार आरोपियों द्वारा लगातार गाली-गलौज की जाती है और विरोध करने पर उसके साथ मारपीट की जाती है।

इतना ही नहीं, कई बार जान से मारने की धमकी भी दी जा चुकी है, जिससे वह और उसका परिवार दहशत में है।

थाना प्रभारी अमित कुमार ने बताया कि पीड़िता की तहरीर के आधार पर चार नामजद आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

मामले की विवेचना की जा रही है और जांच के बाद आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## बीए छात्र की हत्या का तीसरा आरोपी गिरफ्तार

**गोरखपुर।** गोरखपुर में तिवारीपुर क्षेत्र के बीए में पढ़ने वाले छात्र अंबुज मणि उर्फ रिशू हत्याकांड में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। तिवारीपुर पुलिस ने रविवार को तीन सप्ताह से फरार चल रहे मुख्य आरोपी अब्दुल अहद खान उर्फ बिट्टू को गिरफ्तार कर लिया। उसके कब्जे से हत्या में इस्तेमाल की गई कुल्हाड़ी और एक डंडा बरामद किया। पूछताछ में हत्या का कारण रुपये के लेनदेन का विवाद सामने आया है। दो अन्य आरोपी पहले ही जेल भेजे जा चुके हैं। बिट्टू को दोपहर बाद न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। तिवारीपुर थाना क्षेत्र के सूर्य विहार कालोनी निवासी संतोष त्रिपाठी के 20 वर्षीय बेटे अंबुज मणि उर्फ रिशु की हत्या में शामिल करीमनगर पोखर भिंडा के बिट्टू की तलाश में गोरखपुर से लेकर नेपाल सीमा तक पुलिस छापेमारी कर रही थी। पुलिस के अनुसार, 26 नवंबर की रात अंबुज को उसके दोस्त आयुष सिंह, सदरे आलम और बिट्टू बहाने से घर से बाहर ले गए थे। चिलुआताल क्षेत्र में शराब पीने के दौरान पिस्टल खरीदने के लिए दिए गए रुपये को लेकर विवाद बढ़ गया। इसी विवाद में तीनों ने मिलकर अंबुज की हत्या की साजिश रची। पूछताछ में बिट्टू ने बताया कि रुपये लौटाने की बात को लेकर कहासुनी हुई थी।

# स्टडी वीजा के नाम पर इंग्लैंड भेजने का झांसा, 9.65 लाख की ठगी

### मार्कशीट में हेराफेरी, रुपये मांगने पर दी जान से मारने की धमकी

**पीलीभीत।** स्टडी वीजा पर इंग्लैंड भेजने का सपना दिखाकर युवक से 9.65 लाख रुपये ठग लेने का मामला सामने आया है।

रुपये वापस मांगने पर आरोपी ने गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। एसपी के आदेश पर सदर कोतवाली पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

थाना सुनगढ़ी क्षेत्र के नौगवां पकड़िया निवासी मोहम्मद अरबाज ने सदर कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि थाना जहानाबाद क्षेत्र के ग्राम सरदार नगर निवासी फैज मलिक से उसके पारिवारिक संबंध थे।

फैज मलिक आवास विकास कॉलोनी स्थित एक कंपनी के माध्यम से लोगों को विदेश भेजने का काम करता था। इसी भरोसे पर उसने स्टडी वीजा से इंग्लैंड जाने के लिए फैज से संपर्क किया।

आरोप है कि फैज मलिक ने इंग्लैंड भेजने के लिए 14 लाख रुपये की मांग की। इस पर पीड़ित ने फाइल चार्ज और अन्य शुल्क के नाम पर अलग-अलग किस्तों में 6.65 लाख रुपये उसे दे दिए।

इसके बाद आरोपी ने उसका इंटरव्यू भी कराया। तीन दिन बाद इंटरव्यू पास होने की बात कहकर 2.50 लाख रुपये और मांगे। पीड़ित ने 30 अगस्त 2024 को ढाई लाख रुपये फैज के बैंक खाते में जमा कर दिए। इसके बाद दो सप्ताह के भीतर वीजा आने का आश्वासन दिया गया, लेकिन वीजा नहीं आया। पीड़ित के अनुसार, इसके बाद आरोपी ने 50 हजार रुपये और मांगे, जो उसने दे दिए। बाद में जब उसने अपने दस्तावेजों की जानकारी की तो पता चला कि उसकी मार्कशीट में भी हेराफेरी की गई है। रुपये वापस मांगने पर आरोपी ने देने से इनकार कर दिया और गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी।

कोतवाल सत्येंद्र कुमार ने बताया कि एसपी के आदेश पर आरोपी फैज मलिक के खिलाफ धोखाधड़ी सहित अन्य संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। मामले की विवेचना की जा रही है।

# जिलाधिकारी ने स्वयं बच्चों को पोलियो दवा पिलाकर पल्स पोलियो टीकाकरण अभियान का किया शुभारंभ

**पीलीभीत।** जनपद में पल्स पोलियो टीकाकरण अभियान का शुभारंभ सोमवार को किया गया। जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह ने मोहल्ला नखासा स्थित आरोग्य मंदिर में स्वयं बच्चों को पोलियो की दवा पिलाकर अभियान की औपचारिक शुरुआत की। इस अवसर पर बड़ी संख्या में बच्चे एवं उनके अभिभावक भी मौजूद रहे।



कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देश दिए कि शून्य से पांच वर्ष आयु वर्ग के सभी बच्चों को पोलियो की खुराक अनिवार्य रूप से पिलाई जाए, ताकि जनपद को पूरी तरह पोलियो मुक्त बनाए रखने का लक्ष्य पूरा किया जा सके। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वे किसी भी तरह की लापरवाही न बरतें और अपने बच्चों को पोलियो की दवा अवश्य पिलाएं।

इस अवसर पर जिला मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. आलोक कुमार शर्मा भी उपस्थित रहे। उन्होंने बताया कि अभियान के तहत स्वास्थ्य विभाग की टीमें बूथों के साथ-साथ घर-घर जाकर बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाएंगी। अभियान में चिकित्सकों के साथ आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और आशा बहुएं भी सक्रिय रूप से सहयोग करेंगी। उन्होंने बताया कि अभियान को सफल बनाने के लिए सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं और जिलेभर में टीकाकरण कार्य सुचारु रूप से संचालित किया जाएगा।

## हिंदू प्रेमिका की गर्दन काटी, शादी करना चाहती थी

**सहारनपुर।** सहारनपुर की रहने वाली उमा की गर्दन कटी नग्न लाश हरियाणा के यमुनानगर में एक हफ्ते पहले मिली थी। इस मामले में सनसनीखेज खुलासा हुआ है। उमा की हत्या करने वाला उसका प्रेमी बिलाल ही निकला। वह दो साल उमा के साथ लिव इन में रहा। वह पहले से ही शादीशुदा और एक बच्चे की मां थी। बिलाल की शादी तय हो गई थी। 14 दिसंबर ही उसका निकाह होना था। लेकिन इससे पहले ही वो पकड़ा गया। पुलिस की पूछताछ में बिलाल ने बताया- उमा उस पर शादी का दबाव बना रही थी, जबकि परिवार वाले उसकी शादी कहीं और तय कर चुके थे। वह अब उमा से पीछा छुड़ाना चाहता था।

# यातायात नियम तोड़ने वालों पर कार्रवाई, 97 वाहनों के चालान

**ललितपुर।** यातायात पुलिस द्वारा आम लोगों को ट्रैफिक नियमों के प्रति जागरूक किया जा रहा है। सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के उद्देश्य से शहर के प्रमुख चौराहो पर बिना हेलमेट, बिना सीट बेल्ट, ब्लैक फिल्म, फॉल्टी नंबर प्लेट, बिना नंबर प्लेट के दो पहिया पर तीन सवारी के विरुद्ध चलाया सघन चैकिंग।

पुलिस अधीक्षक, मो0 मुश्ताक के निर्देशन में सड़क सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था सुदृढ़ करने हेतु यातायात पुलिस ललितपुर द्वारा विशेष चेकिंग अभियान लगातार चलाया जा रहा है। इस अभियान के दौरान शहर के प्रमुख चौराहों/ तिराहों पर यातायात पुलिस द्वारा नियम विरूद्ध वाहन जैसे बिना हेलमेट, दो पहिया वाहन पर तीन सवारी, दोषपूर्ण नंबर प्लेट/बिना नंबर प्लेट, काली फिल्म, हूटर, बत्ती लगाना, वाहन पर शासकीय तथा जाति सूचक शब्द व स्टंटबाजी करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध सख्त प्रवर्तन की कार्यवाही करते हुए 97 वाहनों का चालान किया गया।




# पहले मिला कटा हाथ, दूसरे दिन सड़ी-गली मिली लाश

**झांसी।** झांसी में 22 दिन से लापता एक महिला का शव सड़े गले हालत में मिला है। शुक्रवार रात महिला का कटा हाथ मिला, उसके अगले दिन लगभग 100 मीटर दूर झाड़ियों में महिला की पूरी लाश मिली। शव की पहचान नहीं हो पाने के कारण पुलिस ने इसे मॉर्चुरी में रखवा दिया। रविवार को परिजन मॉर्चुरी पहुंचे और महिला की पहचान उसके कपड़ों के आधार पर की।

मौत का कारण अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है। पुलिस ने पंचनामा भरकर शव को पोस्टमॉर्टम के भेज दिया है। साथ ही मामले की जांच जारी है। यह पूरा मामला मोंठ कस्बे के केसर वाटिका गार्डन के पास का है। महिला की पहचान रानी देवी (40) पत्नी लालदास के रूप में हुई है। वह समथर थाना क्षेत्र के बरनाया गांव की रहने वाली थीं। महिला के भतीजे छोटू राजपूत ने बताया- बड़ी मम्मी रानी देवी मानसिक रूप से कमजोर थी। 2019 में उनके पति की मृत्यु हो गई थी।

बड़ी मम्मी घर का सारा काम करती थी। 22 नवंबर को वे बिना बताए घर से चली गई थीं। इसके बाद आस-पास के इलाके और रिश्तेदारी में तलाश की गई, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला।

# मिशन शक्ति टीम ने महिलाओं छात्राओं को किया जागरूक

**ललितपुर।** नारी सुरक्षा/नारी सम्मान/नारी स्वावलंबन के प्रति जनपद ललितपुर में महिलाओं एवं बालिकाओं में सुरक्षा, सशक्तिकरण एवं विश्वास का वातावरण बनाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक के निर्देशन में मिशन शक्ति 5.0 अभियान के अन्तर्गत जनपद के थानों पर स्थापित मिशन शक्ति केन्द्र एवं एंटी रोमियो टीम द्वारा बस अड्डों, बाजारों, पार्कों, स्कूलों व गाँव-गाँव आदि जगहों पर जाकर महिलाओं एवं बालिकाओं को उनकी सुरक्षा, आत्मसम्मान और आत्मनिर्भरता, यौन उत्पीड़न से बचाव व उसके खिलाफ आवाज उठाने, साइबर अपराध से बचाव के तरीके, महिलाओं व किशोरियों के कानूनी अधिकार व हेल्प



लाइन से सम्बंधित महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्रदान की। आपात स्थिति में सहायता के लिए हेल्पलाइन नंबर्स। 1090 वूमेन पावर लाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन, 181 महिला हेल्पलाइन, 112 पुलिस आपातकालीन सेवा, 102 स्वास्थ्य सेवा, 108 एम्बुलेंस सेवा, 1930 साइबर अपराध हेल्पलाइन साइबर अपराध से बचाव के लिए निम्न जानकारियाँ दी गई। किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक न करें। कभी भी अनजान व्यक्ति को अपना बैंक डिटेल, ओटीपी आदि मांगने पर कभी न दें। सोशल मीडिया का प्रयोग करते समय सावधानियां बरते। किसी भी पोस्ट की सच्चाई जाने विना उसे फोरवर्ड व शेयर न करें। अनजान लोगो की फ्रैन्ड रिक्वेस्ट आने पर उसे एक्सेप्ट न करें। कॉल पर किसी भी व्यक्ति द्वारा दिए गए ऑफर, लालच, या धमकी पर विश्वास न करें। प्लेस्टोर से जैनुइन ऐप ही डाउनलोड करें, प्लेस्टोर के अलावा कहीं से भी ऐप डाउनलोड न करें। महिलाओं को उनकी सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलम्बन हेतु शासन द्वारा चलाये जा रही योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, वन स्टाप सेन्टर, आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी।

# शार्ट न्यूज

## लोहिचा ग्राम पंचायत में करोड़ों के घोटाले का आरोप, ग्रामीणों ने डीएम से की शिकायत

**बीसलपुर।** विकासखंड बीसलपुर की ग्राम पंचायत लोहिचा में विकास कार्यों के नाम पर करोड़ों रुपये के घोटाले का आरोप लगाते हुए ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र सौंपकर जांच एवं कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीणों का आरोप है कि वर्ष 2021 से 2025 के बीच ग्राम प्रधान द्वारा गांव में 12 इंटरलॉकिंग सड़कें बनाई गईं, जबकि कागजों में 30 इंटरलॉकिंग सड़कें दर्शा दी गईं। इसी तरह दो खड़ंजे बनवाए गए, जबकि अभिलेखों में आठ खड़ंजे दिखाए गए। ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि हैंडपंपों की मरम्मत के नाम पर व्यापक अनियमितताएं की गईं। कागजों में सभी हैंडपंपों की रिबोर दिखाई गई, जबकि वास्तविकता में ऐसा नहीं हुआ। सरोवर तालाब में घटिया निर्माण सामग्री का प्रयोग किया गया, जिससे गेट और दीवारें गिरने लगी हैं। सार्वजनिक शौचालय आज तक संचालित नहीं हो सका है, जबकि केयरटेकर का वेतन लगातार निकाला जा रहा है। इसके अलावा सोलर लाइटों की खरीद और स्थापना में भी भारी गड़बड़ी का आरोप लगाया गया है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि ग्राम प्रधान ने करोड़ों रुपये का बंदरबांट किया है।

## ईदगाह चौराहे पर बाइक व कार की भीषण भिड़ंत, बाइक सवार युवक गंभीर घायल

**बीसलपुर।** नगर के व्यस्त ईदगाह चौराहे पर देर रात्रि बाइक और कार की आमने-सामने की जोरदार टक्कर में बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे में बाइक व कार दोनों वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। जानकारी के अनुसार शाहजहांपुर रोड स्थित बीसलपुर किसान सहकारी चीनी मिल में कार्यरत विनीत (28) पुत्र भुवनेश्वर, अपनी स्प्लेंडर बाइक से ड्यूटी समाप्त कर अपने घर थाना भुता, जनपद बरेली जा रहा था। रात करीब 10 बजे जैसे ही वह ईदगाह चौराहे पर पहुंचा, तभी बरेली की ओर से आ रही एक अर्टिगा कार से उसकी बाइक की जोरदार भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी तेज थी कि बाइक सवार युवक उछलकर सड़क पर गिर पड़ा और गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों ने तुरंत घटना की सूचना कोतवाली पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल युवक को एंबुलेंस की सहायता से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बीसलपुर में भर्ती कराया, जहां उसका उपचार जारी है। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त दोनों वाहनों को कब्जे में लेकर आवश्यक कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। हादसे के कारण कुछ देर तक यातायात भी प्रभावित रहा।

## दरोगा पर लाठी से हमला कर सिर फोड़ा

**प्रयागराज।** प्रयागराज में कानून व्यवस्था को चुनौती देने का एक सनसनीखेज मामला फिर सामने आया। थाना दारागंज क्षेत्र के शास्त्री पुल के नीचे रात में डायल 112 की टीम पर उस समय जानलेवा हमला कर दिया गया, जब पुलिस सार्वजनिक स्थान पर हंगामा कर रहे एक युवक को काबू में कर रही थी। हमले में डायल 112 की 97 नंबर गाड़ी में तैनात एक दरोगा और एक मुख्य आरक्षी गंभीर रूप से घायल हो गए। फिलहाल दारागंज पुलिस ने दोनों हमलावरों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। शनिवार रात करीब 10: 08 बजे डायल 112 को इवेंट संख्या 22206 के तहत सूचना प्राप्त हुई थी कि शास्त्री पुल के नीचे राजा नाम का युवक चाकू लेकर लोगों को जान से मारने की धमकी दे रहा है और मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बना हुआ है। सूचना पर PRV-0097 में तैनात उप निरीक्षक हितेन्द्र सिंह और मुख्य आरक्षी राहुल कुमार मौके पर पहुंचे। पुलिस ने देखा कि आरोपी राजा लोगों से झगड़ा कर रहा था और स्थिति तनावपूर्ण बनी हुई थी। पुलिस टीम ने सूझबूझ दिखाते हुए आरोपी को काबू में लिया और थाने ले जाने के लिए पुलिस वाहन में बैठाने लगी। इसी दौरान अचानक हालात ने हिंसक मोड़ ले लिया।

## लखनऊ में ऊर्जा संरक्षण दिवस पर कार्यक्रम

**लखनऊ।** द इंस्टिट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स (इंडिया), उत्तर प्रदेश राज्य केंद्र, लखनऊ ने राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस के अवसर पर एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ऊर्जा संरक्षण के महत्व को रेखांकित करना और इसके कुशल उपयोग के प्रति समाज में जागरूकता फैलाना था। राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस का आयोजन भारत सरकार के विद्युत मंत्रालय के अंतर्गत कार्यरत ऊर्जा दक्षता ब्यूरो द्वारा किया जाता है। कार्यक्रम में उपस्थित सभी प्रतिभागियों ने ऊर्जा संरक्षण का संकल्प लिया। उन्होंने यह वचन दिया कि वे अपने दैनिक जीवन में ऊर्जा की बचत करेंगे और समाज में भी ऊर्जा जागरूकता फैलाकर विकसित भारत 2047 के निर्माण में सक्रिय योगदान देंगे। एमिटी यूनिवर्सिटी, लखनऊ के ईसीई विभाग की सहायक प्रोफेसर-2 डॉ. पल्लवी अस्थाना कार्यक्रम की मुख्य वक्ता थीं। उन्होंने ऊर्जा संरक्षण: सतत् भविष्य की दिशा में एक कदमविषय पर विस्तृत व्याख्यान दिया। डॉ. अस्थाना ने ऊर्जा-दक्ष तकनीकों के उपयोग, कार्बन फुटप्रिंट कम करने के उपायों, नवीकरणीय ऊर्जा के बढ़ते महत्व और उद्योगों व घरों में ऊर्जा संरक्षण के व्यावहारिक तरीकों के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि देश को विकसित भारत 2047 की दिशा में आगे बढ़ाने का एक सशक्त माध्यम है।

## महिला को नशीला पदार्थ पिलाकर दुष्कर्म

**मेरठ।** मेरठ के लिसाड़ी गेट थाना क्षेत्र में एक महिला के साथ धोखाधड़ी और दुष्कर्म का मामला सामने आया है। आरोप है कि एक युवक ने महिला से दोस्ती कर उसे प्रेम जाल में फंसाया। इसके बाद उसे एक होटल ले जाकर नशीला पदार्थ मिली कोल्ड ड्रिंक पिलाई और बेहोश कर दुष्कर्म किया। आरोपी ने इस दौरान महिला का आपत्तिजनक वीडियो भी बना लिया, जिसका इस्तेमाल बाद में ब्लैकमेलिंग के लिए किया गया। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि वह एक स्पोर्ट्स फैक्ट्री में काम करती है, जहां उसकी मुलाकात आरोपी युवक से हुई थी। धीरे-धीरे उनकी दोस्ती गहरी हुई और आरोपी ने उसका विश्वास जीत लिया। इसी विश्वास का फायदा उठाकर वह उसे होटल ले गया। दुष्कर्म के बाद आरोपी ने बनाए गए आपत्तिजनक वीडियो के जरिए महिला को धमकाया और उसे चुप रहने के लिए मजबूर किया। महिला का आरोप है कि आरोपी लगातार उसे अलग-अलग स्थानों पर बुलाता रहा। जब महिला ने मना किया, तो आरोपी ने वीडियो को सोशल मीडिया पर वायरल करने और उसके बच्चों को जान से मारने की धमकी दी। लंबे समय तक मानसिक उत्पीड़न झेलने के बाद, महिला ने हिम्मत जुटाकर पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई। लिसाड़ी गेट थाना पुलिस ने महिला की शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर लिया है।

# ललितपुर पुलिस ने साइबर क्राइम जागरुकता अभियान चलाया

**ललितपुर।** पुलिस अधीक्षक, मो0 मुश्ताक के निर्देशन में, जनपद ललितपुर के सभी थानों पर स्थापित साइबर सेल पुलिस टीम द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्र में जनता के लोगों को साइबर क्राइम के प्रति जागरुक किया गया तथा साइबर क्राइम से बचाव हेतु उपाय बताया गया।

जागरुकता कार्यक्रम के दौरान साइबर बुलिंग, स्टॉकिंग, फिसिंग, स्लेबरी, आईडेन्टिटी थेफ्ट आदि के विषय में विस्तृत रुप से जानकारी दी गई तथा साइबर अपराध से बचाव के सम्बंध में निम्न जानकारियाँ दी गई डीप फेक, एआई, डिजिटल अरेस्ट आदि के बारे में विस्तृत जानकारी देकर जागरुक किया गया।

किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक न करें तथा



प्लेस्टोर/आईओएस से जेनुइन ऐप ही डाउनलोड करें, इनके अतिरिक्त किसी अन्य प्लेटफॉर्म से कोई ऐप डाउनलोड न करें।

किसी अनजान व्यक्ति से अपनी बैंकिंग सम्बंधी कोई भी डिटेल शेयर न करें तथा ओटीपी आदि मांगने पर न दें। सोशल मीडिया का प्रयोग करते समय सावधानियां बरते। किसी भी पोस्ट की सच्चाई जाने विना उसे शेयर न करें, अनजान लोगो की फ्रैन्ड रिक्वेस्ट आने पर उसे एक्सेप्ट न करें तथा सिक्योरिटी फीचर हमेशा ऑन रखें। कॉल पर किसी भी व्यक्ति द्वारा दिए गए ऑफर, लालच, या धमकी पर विश्वास न करें। सभी प्रकार के ईलेक्ट्रानिक उपकरण, सभी डिजिटल अकाउंट का स्ट्रांग पासवर्ड बनाएं तथा टू-स्टेप ऑथेंटिकेशन की सेटिंग अनिवार्य रुप से ऑन रखें। साइबर फ्राड होने पर तत्काल अपनी शिकायत साइबर हेल्प लाइन नं0 1930, NCCRP पोर्टल पर शिकायत रजिस्टर्ड करने या www.cybercrime.gov.in पर अपनी शिकायत रजिस्टर्ड करायें अथवा किसी भी प्रकार की समस्या होने पर अपने निकटतम थाने या डायल-112 पर सूचना दें, जिससे कि वित्तीय धोखाधड़ी होने पर साइबर क्राइम के गोल्डन ऑवर में सम्बं।

## पुलिस के सामने युवती को पीटती रही महिलाएं

**कानपुर।** कानपुर के सीसामऊ थाना क्षेत्र में रविवार को मानसिक रूप से बीमार एक युवती को महिलाओं ने जमकर पीटा। मारपीट होने पर नजदीक में मौजूद पुलिस भी मौके पर पहुंच गई, लेकिन महिलाएं पुलिस के सामने भी युवती के बाल पकड़कर उसे पीटती रही और फिर थाने ले गई। थाने में लोगों को जानकारी हुई कि युवती मानसिक रूप से विक्षिप्त है और कुछ दिन पहले ही फर्रुखाबाद से भागकर कानपुर आ गई है। जिसके बाद पुलिस ने युवती के परिजनों से संपर्क किया। पुलिस से सूचना मिलने के बाद युवती का भाई कानपुर पहुंचा और उसे अपने साथ घर ले गया है। जिससे उसका इलाज कराया जा सके।

# गोरखपुर में महिला और दो बच्चियां ट्रेन से कटीं

### मालगाड़ी और एक्सप्रेस ट्रेन के बीच फंसीं; दो की तड़पकर मौत

**गोरखपुर।** यूपी के गोरखपुर में रविवार शाम बड़ा हादसा हुआ। यहां गोरखनाथ ओवरब्रिज के नीचे रेलवे क्रासिंग पर एक महिला और 2 बच्चियां ट्रेन से कट गईं। मौके पर चीख-पुकार मच गई।

आसपास के लोग मदद के लिए दौड़े। घायलों को परिजन प्राइवेट हॉस्पिटल लेकर गए। जहां महिला और एक बच्ची को मृत घोषित कर दिया गया है। दूसरी बच्ची की हालत गंभीर है।

जानकारी के अनुसार, महिला पड़ोस की रहने वाली दो बच्चियां को लेकर दुर्गा वाड़ी चौराहा जा थी। तीनों क्रॉसिंग पार रही थीं। एक ट्रैक पर अचानक मालगाड़ी आ गई और दूसरे ट्रैक पर मोरध्वज एक्सप्रेस। हड़बड़ी में महिला और दोनों बच्चियां मोरध्वज एक्सप्रेस की चपेट में आ गईं। घटना घर से महज 500 मीटर की दूरी पर हुई।



### अलग-अलग परिवारों की बच्चियां

गोरखनाथ थाना क्षेत्र के हुमांयुपुर उत्तरी यादव टोला की सविता यादव (32 साल) रविवार शाम दुर्गाबाड़ी मार्केट गई थी। उसके साथ पड़ोस में रहने वाली दो बच्चियां शिया यादव (8 साल) और कनक यादव उर्फ मिट्ठी (7 साल) भी थीं। दोनों बच्चियां अलग-अलग परिवारों की हैं।

गोरखनाथ ओवरब्रिज के नीचे तीन रेलवे लाइन हैं। करीब 4:30 बजे सविता रेलवे लाइन पार कर रही थी। एक पटरी पर मालगाड़ी गुजर रही थी, तो वह दूसरे ट्रैक पर खड़ी हो गई। तभी हॉर्न बजा, सविता को लगा मालगाड़ी ने हॉर्न दिया है। उसी समय मोरध्वज एक्सप्रेस 14691 जम्मूतवी जा रही थी। सविता ने बच्चियों का हाथ पकड़ा और बचने की कोशिश करने लगी। लेकिन तीनों एक्सप्रेस की चपेट में आ गईं।

## संक्षिप्त समाचार

### युद्ध के बाद अब गाजा में तूफान ने मचाई तबाही, ठंड से मर रहे बच्चे, बाढ़ ने छीन लिया आशियाना

**गाजा, एजेंसी।** युद्ध की भयंकर विभीषिका झेलने के बाद अब गाजा एक बड़े संकट का सामना कर रहा है। बायरन तूफान की वजह से लोग एक बार फिर बेघर हो गए हैं। इजरायली हमले के बाद टेंट और खंडहरों में रहने वाले लोग तूफान के बाद की ठंड बर्दाश्त नहीं कर पा रहे हैं। तेज बारिश, बाढ़, ठंडी हवाओं और ओलावृष्टि की वजह से लोगों की जान पर बनी हुई है। रिपोर्ट्स के मुताबिक इस तूफान की वजह से अब तक 14 लोगों की मौत हो चुकी है जिनमें कई बच्चे शामिल हैं। तूफान की वजह से बडे इलाके में तेज बारिश हुई और टेंट पानी से भर गए ऐसे में लोग सूखी जगह की तलाश में टेंट छोड़ने को मजबूर हो गए। वहीं ठंड उनका पीछा नहीं छोड़ रही है। वहीं इजरायल की पाबंदियों की वजह से गाजा में जरूरत के सामान की भी आपूर्ति नहीं हो पा रही है। गाजा की सिविल डिफेंस एजेंसी ने कहा कि ठंड की वजह से कम से कम तीन बच्चों की मौत हो गई। अल शिफा अस्पताल ने मौतों की पुष्टि करते हुए कहा है कि अल मसरी की उम्र 9 साल थी और अल ख्वाजा केवल कुछ महीनों का ही था। वहीं नासर अस्पताल ने बताया कि 8 महीने के अब जहर की जान ठंड की वजह से चली गई। वहीं उत्तरी गाजा में एक दीवार गिरने की वजह से 6 लोगों की जान चली गई थी। बता दें कि बायरन मध्य भूमध्य सागर से पैदा हुआ एक तूफान है। यह तूफान गर्म हवाओं और नमी की वजह से बना है। इस तूफान ने इजरायल, लेबनान और तटीय इलाकों में असर दिखाया है। इसकी वजह से भारी बारिश और बर्फबारी के हालात बन गए हैं।

### पायलट ने हवा में विमान को बंद करने की कोशिश की, इमरजेंसी लैंडिग

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका की अलास्का एयरलाइंस के विमान एम्ब्रेयर ई75 रीजनल जेट में हुई एक घटना के मामले में पायलट को सजा सुनाई गई है। नींद की कमी से जूझ रहे एक पायलट पर आरोप है कि उसने मैजिक मशरूम के नशे में धुत होकर विमान को गिराने की कोशिश की। सिएटल से सैन फ्रांसिस्को जा रहे इस विमान में 83 पैसेंजर और अन्य क्रू मैंबर बैठे हुए थे। दिलचस्प बात यह है कि जिस पायलट ने यह हरकत की, वह विमान को उड़ा नहीं रहा था, बल्कि जंप सीट पर बैठकर यात्रा कर रहा था। रिपोर्ट्स के मुताबिक 2023 में हुई इस घटना में जोसेफ एमर्सन नामक पायलट कॉकपिट की जंप सीट पर बैठा हुआ था। अचानक से उसने ऊपर की तरफ लगे दो शट-ऑफ हैंडल को खींचने की कोशिश की। इन हैंडल का उपयोग आग लगने की स्थिति में इंजन को बंद करने के लिए किया जाता है। इस घटना से जुड़ा हुआ एक ऑडियो भी सामने आया है। इसमें दूसरा पायलट जोसेफ को रोकते हुए और गालियां देते सुना जा सकता है। जोसेफ को रोकने के बाद वह हांफते हुए एयर ट्रैफिक कंट्रोलर से इमरजैंसी लैंडिग की अनुमति मांगता है। इसके बाद लैंडिंग होती है और एमर्सन को गिरफ्तार कर लिया जाता है। सीबीएस न्यूज की रिपोर्ट के मुताबिक, जब पूछा गया कि आखिर एक ऑफ ड्यूटी पायलट कॉकपिट में क्या कर रहा था, इसका जवाब देते हुए एयरलाइन ने बताया कि फ्लाइट पूरी तरह से भरी हुई थी, इसलिए एमर्सन को जंप सीट पर बैठाया गया था। एमर्सन से जब इस बारे में बात की गई तो उसने बताया कि वह दो दिन पहले खाए मैजिक मशरूम के नशे में था। उसने कहा, 'मुझे लगा कि मैं कहीं फंसा हुआ हूं। अब मैं अपने घर नहीं जा पाऊंगा। मुझे लगा कि अगर मैं इसे खींच देता हूं तो मैं जाग जाऊंगा। लेकिन इससे मैं जागा नहीं। मैं असल में हकीकत में ही था। अब मुझे समझ रहा है कि वह मेरी जिंदगी के सबसे निर्णायक तीन सेकेंड थे।' गौरलतब है कि एमर्सन ने क्रू के काम में बाधा डालने के आरोप को स्वीकार कर लिया है। दोष स्वीकार करने के बदले उसे जेल में बिताए 46 दिन की सजा को मानते हुए रिहा कर दिया गया है।

### ट्रंप के संघर्ष रोकने का दावा फेल, थाई सेना ने सीमा पर फिर बरसाए बम, इमारतें-पुल तबाह

**बैंकॉक, एजेंसी।** थाईलैंड और कंबोडिया के बीज जारी सीमा संघर्ष में आयदिन नए-नए मोड़ सामने सामने आ रहे है। एक तरफ जहां बीते दिनों अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दावा किया कि वो एक फोन पर ये संघर्ष रुकवा देंगे। वहीं दूसरी ओर ताजा अपडेट ये है कि थाईलैंड और कंबोडिया के बीच सीमा पर हमले और तेज होते नजर आ रहे हैं। आज यानी शनिवार को भी थाईलैंड की सेना ने कंबोडिया सीमा के पास हवाई हमला किया। जानकारी के मुताबिक, थाई वायुसेना ने दो एफ-16 लड़ाकू विमानों का इस्तेमाल करते हुए कई ठिकानों पर बम गिराए। मीडिया रिपोर्टस की माने तो स्थानीय समयानुसार शनिवार की सुबह 5 :50 बजे, थाई सेना ने कंबोडिया के पश्चिमी प्रांत बट्टमबोंग के त्मोर दा शहर के एक होटल की इमारत को निशाना बनाकर एक बम गिराया। इसके पांच मिनट बाद, 5 :55 बजे उसी इलाके में एक और होटल इमारत पर बमबारी की गई।

# ट्रम्प के गोल्ड कार्ड के खिलाफ 20 राज्यों का मुकदमा

## कहा- डॉक्टरों-शिक्षकों की कमी बढ़ेगी, वीजा के लिए 9 करोड़ रुपए फीस वसूल रहा अमेरिका



**वॉशिंगटन डीसी, एजेंसी।** अमेरिकी प्रशासन ने ट्रम्प गोल्ड कार्ड वीजा के आवेदनों पर 1 मिलियन डॉलर (करीब 9 करोड़ रुपए) की फीस लगा दी है। इस फैसले के खिलाफ कैलिफोर्निया के नेतृत्व में कुल 20 अमेरिकी राज्यों ने कोर्ट में मुकदमा दायर कर दिया है। इन राज्यों का कहना है कि यह फीस पूरी तरह गैर-कानूनी है और इससे अस्पतालों, स्कूलों, यूनिवर्सिटी और सरकारी सेवाओं में पहले से चल रही डॉक्टरों-शिक्षकों की कमी और गंभीर हो जाएगी। कैलिफोर्निया के अटॉर्नी जनरल रॉब बोंटा ने कहा, 'ये वीजा डॉक्टर, नर्स, इंजीनियर, वैज्ञानिक और शिक्षक जैसे उच्च कुशल प्रोफेशनल्स के लिए होता है। दुनियाभर का टैलेंट जब अमेरिका आता है तो पूरा देश आगे बढ़ता है। कैलिफोर्निया के साथ न्यूयॉर्क, इलिनॉय, वॉशिंगटन, मैसाचुसेट्स समेत 20 बड़े राज्य इस मुकदमे में शामिल हैं।

**राज्य बोले- संसद की मंजूरी के बिना फीस बढ़ाना गलत :** राज्यों का तर्क है कि पहले ॥-1क्कवीजा की फीस 1,000 से 7,500 डॉलर (1 से 6 लाख रुपए) के बीच होती थी, लेकिन संसद की मंजूरी के बिना अचानक फीस बढ़ा देना अवैध है। साथ ही यह फीस वीजा प्रोसेसिंग की वास्तविक लागत से सैकड़ों गुना ज्यादा है। उन्होंने इसे प्रशासनिक प्रक्रिया अधिनियमका उल्लंघन बताया। क्योंकि बिना नोटिस और पब्लिक कमेंट के इतना बड़ा नियम नहीं बनाया जा सकता।

**अमेरिका के 75% डिस्ट्रिक्ट स्कूलों में टीचर्स की कमी :** राज्यों का कहना है कि इसका सबसे बड़ा असर सरकारी और गैर-लाभकारी संस्थानों पर पड़ेगा। स्कूल, यूनिवर्सिटी और अस्पताल को वीजा में छूट मिलता था, लेकिन अब एक-एक विदेशी टीचर या डॉक्टर लाने में 9 करोड़ रुपए खर्च होंगे। इससे ये संस्थान या तो सेवाएं घटाएंगे या दूसरी जरूरी योजनाओं से पैसा काटेंगे। अमेरिकी शिक्षा विभाग की हालिया रिपोर्ट के मुताबिक, इस साल अमेरिका के लगभग 75% डिस्ट्रिक्ट स्कूल को शिक्षक नहीं मिल पा रहे। खासकर स्पेशल एजुकेशन, साइंस और बाइलिंगुअल शिक्षकों की भारी कमी है। वहीं स्वास्थ्य क्षेत्र में 2024 में करीब 17,000 वीजा डॉक्टरों-नर्सों को दिए गए थे। साल 2036 तक अमेरिका में 86,000 डॉक्टरों की कमी होने का अनुमान है, जो ग्रामीण और गरीब इलाकों में पहले से ही गंभीर है।

**व्हाइट हाउस बोला- नया वीजा नियम अमेरिकियों की भलाई के लिए है** अमेरिकी सरकार वीजा में फीस बढ़ोतरी को जायज बताती रही है। व्हाइट हाउस का कहना है कि यह कदम वीजा प्रोग्राम के दुरुपयोग को रोकेगा। इसका साथ ही अमेरिकी नागरिकों के वेतन और नौकरियों की रक्षा करेगा। इसके उलट आलोचकों का कहना है कि इससे अमेरिकी अर्थव्यवस्था को नुकसान होगा। भारत जैसे देशों से आने वाले 70% से ज्यादा प्रोफेशनल्स पर इसका असर पड़ेगा। एक्सपर्ट्स के मुताबिक प्रोफेशनल अब कनाडा, ऑस्ट्रेलिया या यूरोप जैसे देशों की ओर जा सकते हैं।

इसके साथ ही ट्रम्प प्रशासन वीजा आवेदकों के सोशल मीडिया के पिछले 5 साल का रिकॉर्ड मांग रहा है। इससे जांच और सख्त हो जाएगा। कुल मिलाकर कुशल विदेशी कर्मचारियों के लिए अमेरिका जाना अब पहले से कहीं ज्यादा महंगा और मुश्किल होने वाला है।

**ट्रम्प ने गोल्ड कार्ड के अप्लाई प्रोसेस शुरू की :** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने गुरुवार को 'ट्रम्प गोल्ड कार्ड' के लिए अप्लाई प्रोसेस शुरू करने का ऐलान किया था। कार्ड की कीमत 1 मिलियन डॉलर (करीब 9 करोड़ रुपए) है। हालांकि कंपनियों को कार्ड के लिए 2 मिलियन डॉलर देना होगा। ट्रम्प ने इसी साल फरवरी में 'गोल्ड कार्ड' वीजा प्रोग्राम शुरू करने का ऐलान किया था। हालांकि उस वक्त उन्होंने इसकी कीमत 5 मिलियन डॉलर (45 करोड़ रुपए) रखी थी। सितंबर में इसे घटाकर 1 मिलियन डॉलर किया गया। ट्रम्प का कहना है कि यह अमेरिका फर्स्ट एजेंडे का हिस्सा है, जो टॉप टैलेंट (जैसे भारत-चीन से पढ़े स्टूडेंट्स) को रोकने और कंपनियों को अमेरिका लाने के लिए है। होमलैंड सिक्योरिटी सेक्रेटरी क्रिस्टी नोएम ने कहा, 'यह दुनिया के सफल उद्यमियों को आकर्षित करेगा।' वहीं ट्रम्प का प्लेटिनम कार्ड भी जल्द शुरू होने की उम्मीद है। इसकी फीस करीब 5 मिलियन डॉलर (लगभग 45 करोड़ रुपए) है।

**ट्रम्प बोले- सिर्फ टैलेंटेड लोगों को वीजा देंगे :** गोल्ड कार्ड की अनलिमिटेड रेसीडेंसी में नागरिकों को सिर्फ पासपोर्ट और वोट देने का अधिकार नहीं मिलता, बाकी सारी सुविधाएं एक अमेरिकी नागरिक के जैसी मिलती हैं। यह प्रक्रिया उसी तरह होगी, जैसे ग्रीन कार्ड के जरिए स्थायी निवास मिलता है। राष्ट्रपति ट्रम्प ने कहा कि यह वीजा प्रोग्राम खास तौर पर धनी विदेशियों के लिए है, ताकि वे 1 मिलियन डॉलर देकर अमेरिका में रहते हुए काम कर सकें। उन्होंने कहा कि अब अमेरिका सिर्फ टैलेंटेड लोगों को ही वीजा देगा, न कि ऐसे लोगों को जो अमेरिकियों की नौकरियां छीन सकते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि इस रकम का इस्तेमाल टैक्स को घटाने और सरकारी कर्ज चुकाने में किया जाएगा। ट्रम्प ने गोल्ड कार्ड के अलावा 3 नए तरह के वीजा कार्ड भी लॉन्च किए थे।

# दक्षिण अफ्रीका में निर्माणाधीन मंदिर गिरने से दो लोगों की मौत, मलबे में कई लोग फंसे



**डरबन, एजेंसी।** दक्षिण अफ्रीका के डरबन के उत्तर में स्थित रेडक्लिफ इलाके में शुक्रवार दोपहर को चार मंजिला मंदिर गिरने से दो लोगों की मौत हो गई। मलबे में कई लोग दबे हैं, जिन्हें बचाने के लिए अभियान चल रहा है। मुश्किल हालात के बीच, मलबे में सावधानी से ड्रिल करके जिंदा लोगों को ढूंढने की कोशिश हो रही है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, एक मजदूर की हादसे में मौत हो गई। बताया जा रहा है कि कंक्रीट का एक ढांचा मंदिर पर डाला जा रहा, जिससे पूरा ढांचा गिर गया और पूरी साइट गिर गई।

**मलबे में कई लोग फंसे :** मलबे में कितने लोग फंसे हुए हैं, यह जानकारी नहीं मिल सकी है। बचावकर्मी लोगों को बचाने में जुटे हैं। इस बीच, एक 54 साल के व्यक्ति, जो अपने परिवार के साथ मंदिर आए थे, घटना के बारे में सुनने के बाद उन्हें जोरदार कार्डियक अरेस्ट आया, जिससे उनकी मौत हो गई। ईथेक्विनी (पहले डरबन) की नगर पालिका ने कहा कि मंदिर बनाने के लिए किसी बिल्डिंग प्लान को मंजूरी नहीं दी गई है और इसका निर्माण गैर-कानूनी तरीके से हो रहा था।

**दो साल पहले शुरू हुआ था मंदिर का निर्माण :** अहोबिलम टेम्पल ऑफ प्रोटेक्शन के नाम से मशहूर, इस मंदिर को एक गुफा जैसा बनाया जा रहा था, जिसमें भारत से लाए गए पत्थरों और उस जगह से खोदे गए पत्थरों का इस्तेमाल किया जा रहा था। इन पत्थरों को पहली मंजिल पर प्लास्टर किया जा रहा था। मंदिर बनाने वाले परिवार ने कहा कि निर्माण का काम लगभग दो साल पहले शुरू हुआ था और पूरा होने के बाद, इसमें दुनिया की सबसे बड़ी भगवान नरसिंहदेव की मूर्ति होगी।

# नेपाल में वर्दी में वीडियो बनाने पर पुलिसवालों पर कार्रवाई, लगातार की जा रही निगरानी

**काठमांडू, एजेंसी।** नेपाल में आर्म्ड पुलिस फोर्स की वर्दी पहनकर टिकटॉक और रील वीडियो बनाने के आरोप में 212 सशस्त्र पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई की गई है। सशस्त्र पुलिस बल मुख्यालय के प्रवक्ता मनीष थापा ने बताया कि विभिन्न सोशल मीडिया पर वर्दी का प्रयोग कर वीडियो बनाना आचार संहिता के खिलाफ है। इसलिए उनके खिलाफ अनुशासनात्मक कदम उठाए गए।

**चेतावनी के बाद भी नहीं माने तो लिया गया एक्शन :** पुलिस के अनुसार, दोषी कर्मियों को नसीहत, पदोन्नति रोक, चेतावनी, सतर्क रहने का निर्देश, मौखिक रूप से समझाने जैसे तरीके अजमाए गए हैं। सशस्त्र पुलिस ने कर्मियों की सोशल मीडिया गतिविधियों की निगरानी के लिए मुख्यालय में सोशल मीडिया मॉनिटरिंग डिपार्टमेंट भी स्थापित किया है। स्क्रीनिंग के दौरान नियम उल्लंघन में शामिल पाए गए कर्मियों पर सोशल मीडिया मॉनिटरिंग डिपार्टमेंट की सिफारिश के आधार पर कार्रवाई की गई। कार्की सरकार में 4 और मंत्री नेपाल की प्रधानमंत्री सुशीला कार्की ने शुक्रवार को मंत्रिमंडल में चार नए मंत्रियों को शामिल कर मंत्रिपरिषद में मंत्रियों की संख्या 14 कर दी है। नवनियुक्त मंत्रियों में श्रद्धा श्रेष्ठ, माधव चौलागाई, राजेंद्र सिंह भंडारी और कुमार इंगनाम हैं। राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल ने उन्हें शपथ दिलाई। श्रद्धा श्रेष्ठ को महिला, बाल और वरिष्ठ नागरिक मंत्री, माधव चौलागाई को वन और पर्यावरण मंत्री, राजेंद्र सिंह भंडारी को श्रम-सामाजिक सुरक्षा मंत्री और कुमार इंगनाम को भूमि प्रबंधन, सहकारिता और गरीबी उन्मूलन मंत्रालय का प्रभार दिया गया है।

**खालिदा जिया के बेटे तारीक रहमान 25 दिसंबर को लौटेंगे स्वदेश : ढाका, एजेंसी।** बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री और बीएनपी प्रमुख खालिदा जिया के बेटे तारीक रहमान 25 दिसंबर को स्वदेश लौटेंगे। बीएनपी ने यह जानकारी उस समय दी है, जब 80 वर्षीय खालिदा जिया की हालत गंभीर बनी हुई है और उन्हें वेंटिलेटर पर रखा गया है। बीएनपी महासचिव मिर्जा फखरुल इस्लाम आलमगीर ने बताया कि पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष तारीक रहमान की वापसी का सभी स्वागत कर रहे हैं। रहमान पिछले 17 वर्षों से लंदन में आत्मनिर्वासन में रह रहे थे।

# बांग्लादेश में शेख हसीना के विरोधी पर हमला: सिर में गोली फंसी



**ढाका, एजेंसी।** बांग्लादेश में चुनाव होने में 2 महीने ही बचे है, इसी बीच ढाका में शुक्रवार दोपहर को दक्षिणपंथी युवा नेता को गोली मार दी गई। यह हमला ढाका के बिजॉयनगर में बॉक्स कल्वर्ट रोड पर करीब 2:25 बजे हुआ। शेख हसीना की विरोधी इस्लामी संगठन 'इंकलाब मंच' के प्रवक्ता और आगामी चुनाव में स्वतंत्र उम्मीदवार शरीफ उस्मान हादी हमले के समय चुनाव प्रचार कर रहे थे। पुलिस के अनुसार तीन हमलावर मोटरसाइकिल पर आए, गोली चलाकर तुरंत फरार हो गए। हादी को तुरंत ढाका मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने बताया कि गोली उनके सिर में फंसी हुई है और हालत बेहद नाजुक है। उन्हें लाइफ सपोर्ट सिस्टम पर रखा गया है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक हमले से कुछ घंटे पहले उस्मान हादी ने ग्रेटर बांग्लादेश का एक मैप शेयर किया था, इसमें भारतीय इलाके (7 सिस्टर्स) शामिल थे। इस पोस्ट के बाद, अज्ञात बंदूकधारी ने उन्हें गोली मार दी।

**यूनुस बोले- चुनावी माहौल में ऐसी हिंसा अस्वीकार्य :** इस घटना पर बांग्लादेश के मुख्य सलाहकार मुहम्मद यूनुस ने गहरी चिंता जताई है। यूनुस ने चुनावी माहौल में इस तरह की हिंसा पूरी तरह अस्वीकार्य बताया। उन्होंने कहा कि यह देश के शांत राजनीतिक वातावरण के लिए दुर्भाग्यपूर्ण है। यूनुस ने सुरक्षा एजेंसियों को निर्देश दिए कि जल्द से जल्द हमलावरों की पहचान कर कड़ी सजा दी जाए।

**नवंबर में हादी को मौत की धमकियां मिली थी :** शरीफ उस्मान हादी एक प्रमुख बांग्लादेशी राजनीतिक कार्यकर्ता, लेखक और दक्षिणपंथी इस्लामी संगठन 'इंकलाब मंच' के प्रवक्ता हैं। नवंबर 2025 में उन्हें फेसबुक पर 30 विदेशी नंबरों से मौत की धमकियां मिली थी। वे जुलाई-अगस्त 2024 के छात्र-नेतृत्व वाले बड़े आंदोलन के बाद उभरे एक प्रभावशाली युवा नेता के रूप में पहचाने जाते हैं। हादी बांग्लादेश की सांस्कृतिक और राजनीतिक क्षेत्रों पर कई किताबें लिख चुके हैं, जो जुलाई प्रदर्शनों से पहले देश की सांस्कृतिक चुनौतियों पर केंद्रित हैं। दिसंबर 2024 में उन्होंने अवामी लीग पर छात्रों की हत्याओं का आरोप लगाया। इसके अलावा, इस्लामिक क्राइम्स ट्रिब्यूनल के शेख हसीना को मौत की सजा देने पर हादी ने इसे एक मिसाल बताया। हादी आगामी संसदीय चुनावों में ढाका-8 निर्वाचन क्षेत्र (मोटीझील, शाहबाग, रामना, पलटन और शाहजहांपुर) से स्वतंत्र उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ने की घोषणा कर चुके थे।

**इंकलाब मंच ने शेख हसीना की सरकार गिराई थी :** इंकलाब मंच अगस्त 2024 के छात्र आंदोलन के बाद एक संगठन के रूप में उभरा। इसने तत्कालीन प्रधानमंत्री शेख हसीना की अवामी लीग की सरकार गिरा दिया था। यह संगठन अवामी लीग को आतंकवादी करार देते हुए पूरी तरह खत्म करने और नौजवानों की सुरक्षा की मांग को लेकर सक्रिय रहा। यह संगठन राष्ट्रीय स्वतंत्रता और संप्रभुता की रक्षा पर जोर देता है।

# पाकिस्तान में पहली बार संस्कृत, गीता पढ़ेंगे बच्चे, पाठ्यक्रम का हिस्सा बनाने की तैयारी

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान में पहली बार बच्चे संस्कृत पढ़ेंगे और हिंदू धर्म ग्रंथ गीता का अध्ययन करेंगे। दरअसल लाहौर प्रबंधन विज्ञान विश्वविद्यालय (एलयूएमएस) ने पहली बार संस्कृत को अपने पाठ्यक्रम का हिस्सा बनाया है। आजादी के 77 साल बाद यह कदम पाकिस्तान में शैक्षिक और सांस्कृतिक क्षेत्र में महत्वपूर्ण मील का पत्थर माना जा रहा। संस्कृत कोर्स की शुरुआत एक साप्ताहिक कार्यशाला से हुई थी, जो अब कोर्स में बदल गई है। एलयूएमएस अब महाभारत और भगवद्गीता पर अलग कोर्स शुरू करने की तैयारी में है। इस प्रयास से पाकिस्तान में संस्कृत के विद्वान तैयार होंगे।

**दक्षिण एशिया में सांस्कृतिक पुल बनाने की कोशिश :** गुरमानी सेंटर के निदेशक डॉ. अली उस्मान कासमी और एफसी कॉलेज के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. शाहिद रशीद विभागाध्यक्ष हैं। डॉ. रशीद मुख्य रूप से संस्कृत व्याकरण और शास्त्रीय साहित्य पढ़ाते हैं। शुरुआत में छात्र कठिनाई महसूस कर रहे थे, फिर संस्कृत की तार्किक संरचना समझी और विषय में उनकी रुचि बढ़ गई। छात्र हैरान हो गए कि उर्दू और अन्य स्थानीय भाषाओं के कई शब्द संस्कृत से आए हैं। डॉ. कासमी और डॉ. रशीद मानते हैं कि संस्कृत, हिंदी, उर्दू और अन्य भाषाओं के बीच गहरा संबंध है। यह कोर्स दक्षिण एशिया में सांस्कृतिक पुल बनाने का अवसर प्रदान करता है और भाषाई समृद्धि बढ़ाता है।

**एक साल का कोर्स बनाने की तैयारी :** एलयूएमएस का लक्ष्य 2027 तक इसे एक साल का कोर्स बनाना है। कोर्स के माध्यम से छात्र महाभारत और भगवद्गीता जैसे ग्रंथों का अध्ययन कर सकेंगे और पाकिस्तान में शास्त्रीय भाषाओं के क्षेत्र में नए विद्वान तैयार होंगे। डॉ. रशीद का कहना है कि संस्कृत सांस्कृतिक स्मारक की तरह है। इसे सभी को अपनाना चाहिए। यह किसी एक मजहब की नहीं, बल्कि पूरी मानवता की धरोहर है।

**ईयू ने रूसी संपत्तियां अनिश्चितकाल के लिए फ्रीज कीं : लंदन, एजेंसी।** यूरोपीय संघ (ईयू) ने रूस की यूरोप में मौजूद अरबों यूरो की संपत्तियों को अनिश्चितकाल के लिए फ्रीज कर दिया है। इसका मकसद यह सुनिश्चित करना है कि हंगरी और स्लोवाकिया जैसे देश, जिनकी सरकारें रूस के प्रति नरम रुख रखती हैं, यूक्रेन की मदद में बाधा न डाल सकें। ईयू ने यह फैसला आर्थिक आपातकाल की एक विशेष प्रक्रिया के तहत लिया। इन संपत्तियों को तब तक रोका जाएगा, जब तक रूस यूक्रेन के खिलाफ युद्ध समाप्त नहीं करता और हुए नुकसान की भरपाई नहीं करता।

# कोठरी में इमरान खान को एकांत कारावास, यूएन विशेषज्ञ ने जताई चिंता, कहा- यह यातना के बराबर



**जिनेवा, एजेंसी।** संयुक्त राष्ट्र की यातना मामलों की विशेषज्ञ एलिस जिल एडवर्ड्स ने आज पाकिस्तान सरकार से आग्रह किया है कि वह पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की जेल में स्थिति को लेकर आ रही रिपोर्ट्स पर तत्काल और प्रभावी कदम उठाए। उन्होंने चेतावनी दी कि ऐसी परिस्थितियां यातना या अन्य अपमानवीय या अपमानजनक व्यवहार के बराबर मानी जा सकती हैं। एडवर्ड्स ने कहा, मैं पाकिस्तानी अधिकारियों से यह सुनिश्चित करने की अपील करती हूं कि इमरान खान की हिरासत की शर्तें पूरी तरह से अंतरराष्ट्रीय मानदंडों और मानकों के अनुरूप हों। उन्होंने बताया कि 26 सितंबर 2023 को रावलपिंडी की अदियाला जेल में स्थानांतरित होने के बाद से इमरान खान को लंबे समय तक एकांत कारावास में रखा गया है। उन्हें दिन में 23 घंटे कोठरी में बंद रखा जाता है और बाहरी दुनिया से उनका संपर्क बेहद सीमित कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि खान को उनकी कोठरी में कथित तौर पर लगातार कैमरे की निगरानी में रखा जाता है। विशेषज्ञ ने इस बात पर जोर दिया कि अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार कानून के तहत लंबे समय तक एकांत कारावास प्रतिबंधित है और अगर यह 15 दिनों से अधिक समय तक हो जाता है, तो इसे यातना का एक रूप माना जाता है। एडवर्ड्स ने कहा, इमरान खान के लिए एकांत कारावास की सजा को बिना किसी देरी के खत्म किया जाना चाहिए। यह न केवल एक गैरकानूनी उपाय है, बल्कि लंबे समय तक एकांत कारावास से उनके शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य पर बहुत हानिकारण परिणाम हो सकते हैं। जानकारी के मुताबिक, इमरान खान को कोठरी से बाहर गतिविधि करने या अन्य कैदियों से मिलने की अनुमति नहीं है और सामूहिक नमाज में भी शामिल नहीं हो सकते। वकीलों, परिजनों और अदालत की ओर से अधिकृत अन्य लोगों की मुलाकातें अक्सर रोक दी जाती हैं या समय से पहले खत्म हो जाती हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, इमरान खान एक छोटी सी कोठरी में रखा गया है, जिसमें प्राकृतिक रोशनी और पर्याप्त वेंटिलेशन नहीं है। इस कोठरी में गर्मियों और सर्दियों में तापमान चरम सीमा तक पहुंच जाता है और खराब हवा के कारण दुर्गंध और कीट-मकौड़े की समस्या होती है। इसके कारण उन्हें मतली, उल्टी और वजन कम होने की शिकायत रही है। एडवर्ड्स ने कहा, जो कोई भी कैदी है, उसके साथ मानवता और सम्मान के साथ व्यवहार किया जाना चाहिए। कैदी की उम्र और स्वास्थ्य स्थिति का ध्यान रखा जाना चाहिए, जिसमें उचित सोने की व्यवस्था, जलवायु संरक्षण, पर्याप्त जगह, रोशनी, गर्मी और वेंटिलेशन शामिल हैं। इमरान खान (72 वर्षीय) को पहले से गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं हैं, जिसमें 2013 के एक हादसे में गंभीर रीढ़ की चोट और 2022 की हत्या के प्रयास में गोली लगना शामिल है। एडवर्ड्स ने कहा, इमरान खान को पर्याप्त चिकित्सा सहायता नहीं दी गई है।

# रूसी मीडिया ने डिलीट किया शहबाज शरीफ की बेइज्जती वाला वीडियो

**अश्गाबात, एजेंसी।** अंतरराष्ट्रीय शांति और विश्वास मंच (पीस एंड ट्रस्ट फोरम) के दौरान पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ को रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मिलने के लिए 40 मिनट से ज्यादा लंबा इंतजार कराना पड़ा। इस घटना ने सोशल मीडिया पर तहलका मचा दिया, जब रूसी मीडिया चैनल आरटी इंडिया ने एक वीडियो शेयर किया, जिसमें शरीफ को कथित तौर पर पुतिन-तुर्की राष्ट्रपति रेसेप तईप एर्दोगन की बंद कमरे वाली बैठक में 'घुसते' दिखाया गया। वीडियो वायरल होते ही पाकिस्तानी पीएम का मजाक उड़ने लगा, लेकिन कुछ घंटों बाद आरटी इंडिया ने इसे डिलीट कर दिया।

**घटना का बैकग्राउंड: क्या हुआ तुर्कमेनिस्तान में :** तुर्कमेनिस्तान की राजधानी अश्गाबात में 12 दिसंबर को आयोजित इस फोरम ने देश की 30वीं स्थायी तटस्थता वर्षगांठ मनाई। इसमें रूस, तुर्की, ईरान और पाकिस्तान जैसे देशों के नेता शामिल हुए। पाकिस्तानी पीएम शहबाज शरीफ का पुतिन के साथ द्विपक्षीय बैठक का शेड्यूल था, जो रूस-पाकिस्तान संबंधों को मजबूत करने का हिस्सा था। लेकिन बैठक में देरी हुई। आरटी इंडिया ने अपने पहले वीडियो को शेयर करते हुए लिखा कि शरीफ और विदेश मंत्री इशाक डार सहित पाकिस्तानी प्रतिनिधिमंडल ने एक हॉल में 40 मिनट इंतजार किया। इसने एक अन्य वीडियो के साथ लिखा कि थक-हार कर शरीफ पुतिन-एर्दोगन की बंद बैठक में घुस गए, जहां वे सिर्फ 10 मिनट रुक सके और फिर बाहर आ गए। वीडियो में शरीफ को असहज दिखाया गया, जबकि पुतिन और एर्दोगन अपनी बातचीत में व्यस्त थे। आरटी इंडिया ने एक्स पर लिखा- पीएम शरीफ ने पुतिन के लिए 40 मिनट इंतजार किया, फिर एर्दोगन वाली बैठक में घुस गए। वे 10 मिनट बाद बाहर आ गए। यह पोस्ट तेजी से वायरल हुई, जिसके बाद सोशल मीडिया पर मीम्स की बाढ़ आ गई। यूजर्स ने इसे अंतरराष्ट्रीय अपमान करार दिया, कुछ ने कहा- पुतिन ने भिखारियों के लिए समय बर्बाद नहीं किया।



**वीडियो डिलीट और सफाई: आरटी इंडिया की सफाई :** वायरल होने के कुछ घंटों बाद आरटी इंडिया ने वीडियो और पोस्ट डिलीट कर दिया। चैनल ने एक्स पर सफाई जारी करते हुए कहा- हमने तुर्कमेनिस्तान में पीस एंड ट्रस्ट फोरम में पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शरीफ के व्लादिमीर पुतिन से मिलने का इंतजार करने वाली पिछली पोस्ट डिलीट कर दी है। हो सकता है कि वह पोस्ट घटनाओं को गलत तरीके से दिखा रही हो। हालांकि बाद में पाकिस्तानी पक्ष की ओर से कुछ अन्य वीडियो जारी किए गए हैं जिनमें शरीफ-पुतिन से मिलते नजर आ रहे हैं। एक वीडियो में शरीफ को पुतिन के साथ कॉरिडोर में हाथ मिलाते और बातचीत करते दिखाया गया। खुद पाकिस्तान स्थिति रूसी दूतावास ने एक वीडियो शेयर करते हुए लिखा- 12 दिसंबर को रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने अश्गाबात में पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ से मुलाकात की।.. हालांकि पुराने विवादित वीडियो को लेकर न तो रूस और न ही पाकिस्तान की ओर से कोई आधिकारिक बयान आया है।

# भारतीय टीम ने अंडर-19 एशिया कप में पाकिस्तान को हराया

**दुबई (एजेंसी)।** आरोन जॉर्ज के शानदार अर्धशतक के बाद दीपेश देवेंद्रन और कनिष्क चौहान की घातक गेंदबाजी की सहायता से भारतीय टीम ने पाकिस्तान को अंडर-19 एशिया कप क्रिकेट मैच में 90 रनों से हरा दिया। इस मैच में पाकिस्तान ने टॉस जीतने के बाद भारत को पहले बल्लेबाजी के लिए बुलाया था। भारत ने आरोन के 85 और कनिष्क के 46 रनों की सहायता से 46.1 ओवर में 240 रन बनाये। इसके बाद जीत के लिए मिले 241 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए पाकिस्तान टीम 41.2 ओवर में 150 रन ही बना पायी। पाकिस्तान की टीम 241 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए भातरीय गेंदबाजों के सामने टिक नहीं पायी। उसकी शुरूआत धीमी और टीम के लगातार विकेट गिरते गये। केवल हुजैफा अहसान ही 50 रन बनाये पाये। इस खिलाड़ी के आउट होते ही पाक टीम की बल्लेबाजी ढ़ह गयी।

इससे पहले आरोन और कनिष्क की अच्छी बल्लेबाजी से भारतीय टीम ने 240 रन बनाए। इस मैच में आरोन ने 85 रन की अर्धशतकीय पारी खेली जबकि कनिष्क ने 46 रन बनाये। वहीं पाक की ओर से मोहम्मद सैय्यम और अब्दुल सुभान ने 3-3 विकेट लिए। भारतीय टीम के स्टार बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी आज असफल रहे और केवल 5 रन ही बना पाये। वह 3.2 ओवर में मोहम्मद सैय्यम का शिकार बने।

यशस्वी के अलावा भारतीय टीम के कप्तान आयुष म्हात्रे भी 38 रन ही बना पाये। विहान मल्होत्रा ने 12 रन जबकि वेदांत त्रिवेदी ने 7 रन बनाये। अभिज्ञान कुंडू ने 32 गेंदों पर 22 रन बनाए। आरोन ने सबसे बेहतर खेलते हुए 12 चौके और एक छक्का लगाकर 88 गेंदों पर 85 रन बनाए। खिलान पटेल केवल 6 रन ही बना पाये। कनिष्क चौहान 46 रन बनाकर आउट हुए। उन्होंने अपनी पारी में 46 गेंदों पर 2 चौके, 3 छक्के लगाये। -हेनिल पटेल12 रन जबकि दीपेश देवेंद्रन 1रन बनाकर पेवेलियन लौटे।



# भारत 2036 ओलंपिक की मेजबानी भी प्राप्त करने वाला - अमित शाह



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत के केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने दावे के साथ कहा है कि भारत 2036 ओलंपिक की मेजबानी भी प्राप्त करने वाला है। उन्होंने यह बात अहमदाबाद में आयोजित सांसद खेल महोत्सव में कही। अमित शाह ने महोत्सव में उपस्थित लोगों से कहा कि वे और भी बड़े खेलों के आयोजन के लिए तैयार हो जाएं।

सांसद खेल महोत्सव में अमित शाह ने कहा, आप सबको हाल ही में कॉमनवेल्थ गेम्स की मेजबानी मिली है। मगर अहमदाबाद के लोगों तैयार हो जाओ, क्योंकि इस शहर में 2036 के ओलंपिक्स भी आने वाले हैं। बता दें कि यह समारोह नारनपुरा में हुआ, जहां अमित शाह नवनिर्मित वीर सावरकर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में पहुंचे थे।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार से गुजरात की तीन दिवसीय यात्रा शुरू की थी। उन्होंने कहा कि अहमदाबाद 2036 से पहले कई राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर के इवेंट्स की मेजबानी करने वाला है। उन्होंने अपना उद्देश्य स्पष्ट रखते हुए कहा कि उनका लक्ष्य खेलों का ऐसा माहौल तैयार करना और एक ऐसा बुनियादी ढांचा तैयार करना है, जो ओलंपिक्स जैसे बड़े आयोजनों का समर्थन कर सके।

उन्होंने बताया कि अहमदाबाद में किस स्तर पर खेलों के विकास का प्रयास हो रहा है। 800 करोड़ रुपये की लागत से बनाया गया वीर सावरकर कॉम्प्लेक्स इसी का एक उदाहरण है। इसके अलावा उन्होंने मोटेरा स्थित सरदार वल्लभ भाई पटेल स्पोर्ट्स एंक्लेव का भी जिक्र किया।

अमित शाह ने आत्मविश्वास के साथ कहा, मुझे विश्वास है कि जब भारत ओलंपिक्स की मेजबानी करेगा, तब भारत पदक विजेता देशों की टॉप-5 सूची में आ जाएगा। उन्होंने बताया कि 2014 में खेल बजट 800 करोड़ का था, लेकिन अगले 11 सालों में यह बढ़कर 2025 में 4 हजार करोड़ का हो गया है।

# हार्दिक पांड्या ने अपने नाम की बड़ी उपलब्धि, टी20आई में ये रिकॉर्ड बनाने वाले पहले भारतीय बने



**नई दिल्ली ।** दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 5 मैचों की टी20 सीरीज के तीसरे तीसरे मैच में हार्दिक पांड्या ने बड़ा रिकॉर्ड बनाते हुए टी20आई में अपने 100 विकेट पूरे कर लिए हैं। धर्मशाला के हिमाचल प्रदेश क्रिकेट संघ स्टेडियम में उन्होंने यह उपलब्धि हासिल की। हार्दिक से पहले अर्शदीप सिंह और जसप्रीत बुमराह इस मुकाम को हासिल कर चुके हैं।

पांड्या को टी20आई में 100 विकेट पूरे करने के लिए एक विकेट की जरूरत थी। उन्होंने ट्रिस्टन स्टब्स को 6.6 ओवर में जितेश शर्मा के हाथों आउट करवाकर यह रिकॉर्ड अपने नाम किया। इतना ही नहीं पांड्या भारत के लिए टी20आई में 100 विकेट लेने और 1000 रन बनाने वाले पहले खिलाड़ी हैं। वहीं ओवरऑल बात करें तो वह इस एलीट लिस्ट में जिम्बाब्वे के सिकंदर रज़ा, बांग्लादेश के शाकिब अल हसन और अफगानिस्तान के मोहम्मद नबी के साथ शामिल हो गए हैं।

### टी20आई में भारत के लिए सबसे ज्यादा विकेट

अर्शदीप सिंह - 71 मैचों में 108 विकेट

जसप्रीत बुमराह - 82 मैचों में 101 विकेट

हार्दिक पांड्या - 123 मैचों में 100 विकेट

युजवेंद्र चहल - 80 मैचों में 96 विकेट

भुवनेश्वर कुमार - 87 मैचों में 90 विकेट

### प्लेइंग 11

भारत : अभिषेक शर्मा, शुबमन गिल, सूर्यकुमार यादव (कप्तान), तिलक वर्मा, हार्दिक पंड्या, शिवम दुबे, जितेश शर्मा (विकेटकीपर), हर्षित राणा, अर्शदीप सिंह, कुलदीप यादव, वरुण चक्रवर्ती

दक्षिण अफ्रीका : रीजा हेंड्रिक्स, क्विंटन डी कॉक (विकेटकीपर), एडेन मार्कराम (कप्तान), डेवाल्ड ब्रेविस, ट्रिस्टन स्टब्स, डोनोवन फरेरा, मार्को जेनसन, कॉर्बिन बॉश, एनरिक नॉर्टजे, लुंगी एनगिडी, ओटनील बार्टमैन

# गिल के मुकाबले इस बल्लेबाज का फॉर्म भारत के लिए ज्यादा चिंता की बात : मोहम्मद कैफ

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पूर्व भारतीय क्रिकेटर मोहम्मद कैफ ने कहा है कि ICC T20 वर्ल्ड कप 2026 से पहले शुभमन गिल के मुकाबले सूर्यकुमार यादव का फॉर्म मेन इन ब्लू के लिए ज्यादा चिंता का विषय है। टी20 वर्ल्ड कप का 10वां एडिशन 7 फरवरी 2026 को शुरू होगा और 8 मार्च को फाइनल तक होगा। भारत और श्रीलंका 20 टीमों के इस टूर्नामेंट की सह-मेजबानी 29 दिनों में आठ जगहों (भारत में पांच और श्रीलंका में तीन) पर करेंगे।

### सूर्या का फॉर्म भारत के लिए ज्यादा चिंता का विषय : कैफ

इस साल टी20आई क्रिकेट में दोनों बल्लेबाजों के संघर्ष को देखते हुए मोहम्मद कैफ को लगता है कि भारत को गिल के बजाय सूर्या के फॉर्म के बारे में ज़्यादा



चिंता करनी चाहिए क्योंकि एक तय कप्तान को बदला नहीं जा सकता। उन्होंने एक्स पर लिखा, 'टी20 वर्ल्ड कप नजदीक है, इसलिए गिल के मुकाबले सूर्या का फॉर्म भारत के लिए ज्यादा चिंता का विषय है। भारत के पास ओपनिंग के कई विकल्प हैं, लेकिन एक तय कप्तान को बदला नहीं जा सकता।'

### 2025 में एक भी फिफ्टी नहीं लगा पाए सूर्या और गिल

टी20आई क्रिकेट में सूर्यकुमार का फॉर्म तेजी से गिरा है। भारत के टी20आई कप्तान ने इस साल 19 मैचों में 201 रन बनाए हैं। सूर्यकुमार इस साल टी20आई में अभी तक एक भी फिफ्टी नहीं बना पाए हैं। इस दाएं हाथ के बल्लेबाज का औसत 14.35 और स्ट्राइक रेट 126.41 रहा है। दूसरी ओर गिल का भी टी20आई क्रिकेट में यह साल अच्छा नहीं रहा है। इस दाएं हाथ के बल्लेबाज ने इस साल सबसे छोटे फॉर्मेट में 14 मैचों में 263 रन बनाए हैं। गिल अभी तक एक भी फिफ्टी नहीं बना पाए हैं। उनका औसत 23.90 और स्ट्राइक रेट 142.93 है।

# आईपीएल2026 ऑक्शन से पहले सरफराज खान का धमाका, सिर्फ इतनी गेंदों में जड़ी तूफानी फिफ्टी

**मुम्बई (एजेंसी)।** आईपीएल 2026 मिनी ऑक्शन से पहले सरफराज खान ने अपने बल्ले से जोरदार संदेश दे दिया है। सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी 2025 में मुंबई की ओर से खेलते हुए सरफराज ने हरियाणा के खिलाफ महज 25 गेंदों में 64 रनों की विस्फोटक पारी खेली। इस दौरान उन्होंने 18 गेंदों में अर्धशतक पूरा किया और 256 के शानदार स्ट्राइक रेट से रन बरसाए। उनकी इस पारी में 9 चौके और 3 छक्के शामिल रहे।

### हरियाणा के गेंदबाजों पर बरपा कहर

सुपर लीग के शुरुआती मुकाबले में हैदराबाद के खिलाफ फ्लॉप रहने के बाद सरफराज ने जोरदार वापसी की। हरियाणा के खिलाफ उन्होंने शुरू से ही आक्रामक तेवर दिखाए और गेंदबाजों को संभलने का मौका नहीं दिया। उनकी यह पारी ऑक्शन से पहले फ्रेंचाइजियों का ध्यान खींचने के लिए काफी मानी जा रही है।

### हाई-स्कोरिंग मैच में मुंबई की शानदार जीत

इस मुकाबले में हरियाणा ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 234 रन बनाए। जवाब में मुंबई ने आक्रामक अंदाज में लक्ष्य का पीछा किया। सरफराज खान और यशस्वी जायसवाल के बीच 37 गेंदों में 88 रनों की तेज साझेदारी हुई। जायसवाल ने 50 गेंदों में 101 रन की शतकीय पारी खेली और मुंबई ने 15 गेंद शेष रहते लक्ष्य हासिल कर लिया। इस रोमांचक टी20 मैच में कुल 472 रन बने।

### ऑक्शन के पहले सेट में शामिल सरफराज

आईपीएल 2026 मिनी ऑक्शन 16 दिसंबर को अबू धाबी में होगा। 1000 से ज्यादा खिलाड़ियों में से 350 को शॉर्टलिस्ट किया गया है। सरफराज खान का नाम



ऑक्शन के पहले सेट में शामिल है, जिसमें पृथ्वी शॉ, कैमरून ग्रीन, टिम डेविड, डेवोन कॉनवे और जेक फ्रेजर मैकगर्क जैसे बड़े नाम भी मौजूद हैं। मौजूदा फॉर्म को देखते हुए सरफराज पर बड़ी बोली लगने की पूरी संभावना है।

# विजय हजारे ट्रॉफी खेल सकते हैं रोहित शर्मा और विराट कोहली

नई दिल्ली। रोहित शर्मा और विराट कोहली इस साल विजय हजारे ट्रॉफी खेल सकते हैं। कोहली का नाम भारत के प्रमुख 50 ओवर के घरेलू टूर्नामेंट के लिए दिल्ली की संभावित टीम में शामिल होने के बाद , रोहित का चयन भी लगभग तय है। पूर्व भारतीय कप्तान रोहित शर्मा की मुंबई में विजय हजारे ट्रॉफी के कुछ मैचों में खेलने की संभावना हैं ताकि भारत की अगली वनडे सीरीज से पहले उन्हें तैयारी का मौका मिल सके। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सफल सीरीज के बाद, भारत की अगली वनडे द्विपक्षीय सीरीज न्यूजीलैंड के खिलाफ 11 जनवरी से शुरू होगी।

इसका मतलब है कि उस सीरीज से पहले काफी समय है और अब केवल वनडे फॉर्मेट में खेलने वाले रोहित शर्मा और कोहली घरेलू क्रिकेट में खेल सकेंगे। यह बीसीसीआई की उस नीति के अनुरूप भी है जिसके तहत फिट और उपलब्ध सभी खिलाड़ियों के लिए घरेलू मैच खेलना अनिवार्य है। महाराष्ट्र क्रिकेट एसोसिएशन के एक सूत्र ने बताया, 'टीम का चयन हर मैच के आधार पर किया जाएगा और हमें उम्मीद है कि रोहित कुछ मैच खेलेंगे, हालांकि अभी तक उनकी तरफ से कोई पुष्टि नहीं मिली है, लेकिन अभी समय है। सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के बाद अगले हफ्ते टीम का चयन होने की संभावना है। अगले महीने न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे मैच भी हैं, इसलिए उनकी उपलब्धता पर निर्भर करेगा।'

# मंधाना ने हरमनप्रीत के नाम का स्टैंड बनने पर दी बधाई, कहा मुझे तुम पर गर्व है

नई दिल्ली। भारतीय महिला क्रिकेट टीम की उप कप्तान स्मृति मंधाना ने महाराजा यादवेंद्र सिंह इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में कप्तान हरमनप्रीत कौर के नाम पर एक स्टैंड का नाम किये जाने पर बधाई देते हुए कहा है कि मुझे तुम पर गर्व है। मंधाना ने हरमनप्रीत को सोशल मीडिया पर बधाई देते हुए लिखा कि महिला क्रिकेट के लिए ये दिन दिन काफी अच्छा रहा जब किसी खिलाड़ी के नाम पर स्टैंड बना है। पंजाब क्रिकेट एसोसिएशन (पीसीए) ने विश्व विजेता टीम की कप्तान हरमनप्रीत को सम्मानित करने उनके नाम पर एक स्टेडियम का उद्घाटन किया था। बीसीसीआई ने हरमनप्रीत का एक वीडियो अपने सोशल मीडिया हैंडल पर पोस्ट किया है। इसे साझा करते हुए मंधाना ने लिखा, 'बधाई हो हरमनप्रीत। महिला क्रिकेट के लिए क्या शानदार दिन है, मुझे तुम पर बहुत गर्व है।' इस वीडियो में हरमनप्रीत ने कहा, 'विश्व कप जीतने के बाद मेरी जिंदगी में बहुत कुछ बदल गया है पर मुझे लगता है कि यह मेरे लिए एक खास पल है जिस मैदान पर मैंने खेलना शुरू किया था, आज आखिरकार उसपर मेरे नाम पर एक स्टैंड बना है। ये मेरे लिए बेहद गर्व का पल है और मैं इसके लिए पीसीए की आभारी हूं। लंबे संघर्ष के बाद ये दिन आया है। हरमनप्रीत की कप्तानी में भारतीय टीम ने आईसीसी विश्वकप के फाइनल में दक्षिण अफ्रीका को हराया था। वह तीसरी भारतीय महिला क्रिकेटर बनीं जिनके नाम पर एक स्टैंड का नाम रखा गया है. इससे पहले झूलन गोस्वामी और मिताली राज के नाम पर स्टैंड बने थे पर हरमनप्रीत को सक्रिकय क्रिकेटर के तौर पर ये सम्मान मिला है। इसके साथ ही हरमनप्रीत को 11 लाख रुपये का चेक भी मिला है। के अलावा अमनजोत कौर और हरलीन देओल को भी 11 लाख रुपये मिले हैं। वहीं फील्डिंग कोच मुनीश बाली को 5 लाख रुपये मिले हैं।



# नीदरलैंड्स ने अर्जेंटीना को हराकर जीता एफआईएच हॉकी महिला जूनियर विश्व कप का खिताब

**सैंटियागो (चिली) (एजेंसी)।** नीदरलैंड्स ने फाइनल मुकाबले में एक बार फिर से ऐतिहासिक प्रदर्शन करते हुए अर्जेंटीना को 2-1 से हराकर लगातार तीसरी बार एफआईएच हॉकी महिला जूनियर विश्व कप का खिताब अपने नाम किया। डच टीम ने रिकॉर्ड छठी बार विश्व कप का खिताब जीता और 2022, 2023 और अब 2025 में जीत के साथ लगातार तीसरा खिताब अपने नाम किया।

मैच की शुरुआत में नीदरलैंड्स ने पहले हाफ में एक पेनल्टी कॉर्नर और एक ओपन प्ले से गोल करके मैच अपने नाम कर लिया और फिर निर्णायक चरणों में एक बहुत ही मजबूत रक्षात्मक संरचना के माध्यम से अपनी मामूली बढ़त को बनाए रखा।इस दौरान अर्जेंटीना लगातार दबाव दिखी। नीदरलैंड्स को दूसरे क्वार्टर में सफलता उसम समय मिली जब आइवी टेलियर ने 24वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर से गोल करके डच टीम को 1-0 की बढ़त दिला दी। गूसजे मोएस ने 27वें मिनट में गोल करके बढ़त को दोगुना कर दिया।




अर्जेंटीना ने रक्षात्मक अनुशासन के साथ जवाब दिया, दबाव के सबसे कठिन चरणों को सहा और पेनल्टी कॉर्नर से अपने पहले स्कोरिंग मौके बनाए, दूसरे क्वार्टर में दो प्रयास किए लेकिन सफलता नहीं मिली। दूसरे हाफ में अर्जेंटीना ने लारा कैसास ने 37वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर से गोल करके स्कोर 2-1 कर दिया और अर्जेंटीना की खिताबी मुकाबले में वापसी कराई। इसके बाद नीदरलैंड्स ने अपनी रक्षापंक्ति को मजबूत बनाए और रखा और अर्जेंटीना को गोल करने का कोई मौका नहीं दिया। ब्राजील ने चीन को 5-1 से हराकर कांस्य पदक जीता।

# सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी : यशस्वी के शतक से मुम्बई ने हरियाणा को हराया

मुम्बई । बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल के शतक 101 रनों की सहायता से मुम्बई ने हरिणाण के खिलाफ सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी ट्रॉफी में जीत के लिए मिले 235 रनों के लक्ष्य को छह विकेट के नुकसान पर हासिल कर लिया है। ये इस टूर्नामेंट में लक्ष्य का पीछा करते हुए सबसे बड़ी जीत है। इससे पहले सबसे बड़ी जीत का रिकार्ड झारखंड को था जो उसने पंजाब बे खिलाफ 237 रन बनाकर हासिल किया था। इस मैच में अपनी पारी से यशस्वी ने साबित किया है कि वह केवल टेस्ट ही नहीं टी20 के भी अच्छे बल्लेबाज हैं। सुपर लीग के इस मैच में हरियाणा ने पहले बल्लेबाज़ी करते हुए एक बड़ा स्कोर बनाया।। उनके बल्लेबाज़ों ने शुरुआत से ही आक्रामक बल्लेबाजी रते हुए मुंबई के गेंदबाज़ों को कोई मौका नहीं दिया। 235 रनों के बड़े लक्ष्य का पीछ करते हुए यशस्वी ने पूरी जिम्मेदारी से खेला। नॉकआउट चरण के इस मैच में मुंबई की टीम ने काफी अच्छा प्रदर्शन किया। उसके खिलाड़ियों ने शुरुआत से ही सराकात्मक रुख अपनाया। इस मैच में लक्ष्य का पीछा करते हुए यशस्वी जायसवाल ने शुरुआत से ही आक्रामक बल्लेबाजी की । इस बल्लेबाज ने एक के बाद एक आक्रामक शॉट खेले और केवल 48 गेंदों में ही अपने 50 रन पूरे कर लिये। यशस्वी ने अपनी इस पारी में 16 चौके और एक छक्का लगाया। ये उनका टी20 में चौथा शतक था। यशसवी की बल्लेबाजी के सामने हरियाणा के गेंदबाज बेबस दिखे। सबसे अधिक अंशुल कंबोज पर उनका कहर टूटा। कंबोज की 13 गेंदों पर ही उन्होंने 34 रन बना दिये। वहीं सुमित कुमार के एक ओवर में उन्होंने केवल 13 गेंदों में 25 रन बनाये। इससे मुंबई का रन रेट अच्छा बना रहा और उसके बल्लेबाजों पर कोई दबाव नहीं आया। यशस्वी जब आउट हुए तब मुंबई को जीत के लिए केवल सात रन बनाने थे। जीत से सिर्फ सात रन दूर थी।

# पीसीबी ने टी20 विश्व कप 2026 पोस्टर में उसके कप्तान को जगह नहीं मिलने पर नाराजगी जतायी , आईसीसी से की शिकायत

लाहौर । पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने आरोप लगाया है कि टी20 विश्व कप 2026 के टिकट पोस्टर में पाकिस्तानी कप्तान सलमान अली आगा की तस्वीर नहीं लगायी गयी है। पीसीबी ने इस बारे में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) से भी शिकायत की है। पीसीबी का कहना है कि पाक कप्तान को पोस्टर में जगह नहीं दिया जाना संतुलन और निष्पक्षता के सिद्धांतों के खिलाफ है, क्योंकि पाक टीम टूर्नामेंट का हिस्सा है। पीसीबी ने इस मामले पर आईसीसी को पत्र लिखकर नाराजगी भी जतायी है। पीसीब का कहना है कि ऐसे प्रमोशनल पोस्टर करोड़ों फैंस तक पहुंचते हैं और इनमें पाक कप्तान के नहीं होने से प्रशंसकों को ठेस लगती है। पीबीबी ने ये भी कहा कि एशिया कप के दौरान भी पाक कप्तान को प्रमोशनल कैंपेन में जगह नहीं मिली थी। पीसीबी ने कहा कि उसे उम्मीद है कि आइसीसी इस मामले पर ध्यान देगी। पाकिस्तान टीम अभी आईसीसी टी20 रैंकिंग में सातवें स्थान पर है पर पीसीबी का मानना है कि रैंकिंग के आधार पर किसी देश के कप्तान की उपेक्षा नहीं की जा सकती। पीसीबी का कहना है कि उसके दुनिया भर में काफी प्रशंसक है और इसी कारण उसे भी बराबर प्रतिनिधित्व मिलना चाहिए। दूसरी ओर आईसीसी ने अभी तक अपनी ओर से कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। अब देखना होगा कि आईसीसी इस मामले में क्या फैसला करता है।

# गनथर के खिलाफ हार के साथ ही सीना का 25 साल लंबा डब्ल्यूडब्यलूई करियर समाप्त हुआ



वॉशिंगटन । दिग्गज डब्ल्यू डब्यलू ई रेसलर जॉन सीना को यहां कैपिटल वन एरीना में हुए अपने अंतिम मुकाबले में हार का सामना करना पड़ा है। सीना को इस मैच में गनथर ने हराया। गनथर के सामने इस मुकाबले में सीना टिक नहीं पाये और उन्होंने हार मान ली। मैच के बाद सीना ने अपनी टी-शर्ट और रिस्टबैंड रिंग में छोड़ने और दर्शकों का अभिवादन करने के बाद रिंग से विदायी दे ली। इस मुकाबले में सीना ने अंतिम बार अपनी ताकत दिखाने का प्रयास किय पर गनथर के सामने उनकी एक न चली। इस मुकाबले के साथ ही सीना का 25 साल लंबा डब्ल्यू डब्यलू ई करियर समाप्त हो गया। इसमें सीना का बनाया हुआ गीत 卐 माय टाइम इज नाउ卐 बज रहा था। सीना के प्रतिद्वंदी गुंथर के नाम भी कई रिकार्ड हैं। वह डब्ल्यू डब्यलू ई इतिहास के सबसे लंबे समय तक इंटरकॉन्टिनेंटल चैंपियन रहे हैं और पूर्व विश्व हेवीवेट चैंपियन भी हैं। ऐसे में प्रशंसकों को एक रोमांच मुठभेड़ देखने को मिली। इसमें सीना पूरी ताकत से उतरे।

सीना ने पहले ही साफ कर दिया था कि यह उनका आखिरी मैच है और इसके बाद वह सक्रिय रेसर के रूप में नहीं उतरेंगे। सीना ने कहा है कि मुझे अच्छा लगता है कि प्रशंसक सोचते हैं कि मैं फिर लौट सकता हूं हालांकि इस बार ऐसा नहीं होगा। उनके अनुसार यह मुकाबला उनके करियर का अंतिम मैच था। भले ही भविष्य में रेसलमेनिया जैसे बड़े इवेंट हों पर अब वह रिंग में नहीं उतरतेंगे। सीना को पीपल्स चैंपियन भी कहा जाता है। उन्होंने डब्ल्यू डब्यलू ई के ब्रांड एंबेसडर के तौर पर इसे पूरी दुनिया में लोकप्रिय बनाया था। उन्होंने अपने फाउंडेशन के जरिए हजारों बीमार बच्चों की इच्छाएं पूरी कीं। इसी कारण रिंग के अंदर और बाहर, दोनों जगह उनके प्रशंसकों की भारी संख्या रही है। इसी कारण उनके विदायी मैच में प्रशंसक भावुक हो गये थे। इस दौरान कई दिग्गज सितारे भी दर्शकों में शामिल थे।

# वैभव सूर्यवंशी जैसा टैलेंट, लेकिन एक चूक से शुरू होने से पहले खत्म हो गया करियर

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट में जब भी कोई युवा बल्लेबाज अपने आक्रामक खेल से सुर्खियां बटोरता है, तो उससे बड़ी उम्मीदें जुड़ जाती हैं। आज वैभव सूर्यवंशी उसी दौर से गुजर रहे हैं। बेखौफ बल्लेबाज़ी, तेज स्ट्रोक्स और मैच का रुख पलटने की क्षमता ने उन्हें उभरते सितारे के रूप में स्थापित किया है। लेकिन यही खूबियां कभी एक और युवा बल्लेबाज़–पृथ्वी शॉ में भी नजर आती थीं। फर्क सिर्फ इतना है कि वैभव का सफर शुरू हो रहा है, जबकि पृथ्वी शॉ की कहानी एक चेतावनी बन चुकी है।

### वैभव सूर्यवंशी: आक्रामकता की नई पहचान

वैभव सूर्यवंशी अपनी अटैकिंग बल्लेबाज़ी के लिए पहचाने जाने लगे हैं। आईपीएल से लेकर अंडर-19 एशिया कप तक, उन्होंने अपने प्रदर्शन से सभी का ध्यान खींचा है। यूएई के खिलाफ 95 गेंदों में 171 रनों की धमाकेदार पारी ने उन्हें अलग पहचान दी। नई गेंद हो या तेज गेंदबाज़, वैभव शुरुआत से ही दबाव बनाना जानते हैं। तेज फुटवर्क, शानदार कवर ड्राइव और दमदार पुल शॉट उनकी बल्लेबाज़ी की खासियत हैं।

### पृथ्वी शॉ का सपनों जैसा उदय

पृथ्वी शॉ का करियर किसी सपने से कम नहीं था। अंडर-19 वर्ल्ड कप में कप्तानी, टेस्ट डेब्यू में शतक और घरेलू क्रिकेट में रनों की बरसात–हर जगह उनका बल्ला बोल रहा था। उनकी आक्रामक शैली के चलते क्रिकेट जगत ने उन्हें ÷नेक्स्ट सुपरस्टार÷ तक कहना शुरू कर दिया था। लेकिन शुरुआती सफलता के साथ आया दबाव और शोहरत को वह संभाल नहीं पाए।

### अनुशासन की कमी बनी सबसे बड़ी वजह

जहां वैभव के सामने लंबा रास्ता है, वहीं पृथ्वी शॉ का करियर गलत फैसलों की भेंट चढ़ गया। खराब रूटीन, फिटनेस पर ध्यान न देना और मैदान के बाहर की जिंदगी को प्राथमिकता देना–इन सबका असर उनके खेल पर पड़ा। चयनकर्ताओं का भरोसा डगमगाया और धीरे-धीरे टीम इंडिया के दरवाज़े उनके लिए बंद होते चले गए। टैलेंट भरपूर था, लेकिन कमिटमेंट की कमी ने सब कुछ खत्म कर दिया।

### वैभव के लिए सबक

वैभव सूर्यवंशी आज उसी मोड़ पर खड़े हैं, जहां कभी पृथ्वी शॉ थे। फर्क बस इतना है कि इतिहास अब सामने है। पृथ्वी शॉ की कहानी वैभव के लिए चेतावनी है कि सिर्फ प्रतिभा से करियर नहीं बनता। अनुशासन, फिटनेस, सही संगत और फोकस ही किसी खिलाड़ी को लंबी रेस का घोड़ा बनाते हैं।

### निष्कर्ष

भारतीय क्रिकेट ने कई ऐसे प्रतिभाशाली खिलाड़ी देखे हैं, जो उम्मीदों का बोझ नहीं संभाल पाए।



पृथ्वी शॉ का टैलेंट वैभव सूर्यवंशी से कम नहीं था, लेकिन एक छोटी सी चूक ने उनके करियर की दिशा बदल दी। अब यह वैभव पर निर्भर करता है कि वह इतिहास से सबक लेकर खुद को भारतीय क्रिकेट का सच्चा भविष्य बनाते हैं या नहीं।

# सेंसेक्स की प्रमुख आठ कंपनियों का मार्केट कैप 79,129 करोड़ घटा

**- रिलायंस इंडस्ट्रीज पहले, एचडीएफसी बैंक दूसरे और भारती एयरटेल तीसरे स्थान पर रही**

**मुंबई ।**

बीते सप्ताह घरेलू शेयर बाजारों में रही गिरावट के बीच बीएसई की शीर्ष 10 में से आठ कंपनियों का बाजार पूंजीकरण (एमकैप) 79,129 करोड़ रुपये घट गया। बीएसई के आंकड़ों के अनुसार, एचडीएफसी बैंक, भारती एयरटेल, टीसीएस, आईसीआईसीआई बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, इंफोसिस, बजाज फाइनेंस और एलआईसी के एमकैप में सप्ताह के दौरान वृद्धि हुई है जबकि रिलायंस इंडस्ट्रीज और एलएंडटी का सम्मिलित एमकैप 25,345 करोड़ रुपये बढ़ गया। बीएसई के आंकड़ों के अनुसार एचडीएफसी बैंक, भारती एयरटेल, टीसीएस, आईसीआईसीआई बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, इंफोसिस, बजाज फाइनेंस और एलआईसी के बाजार पूंजीकरण में कमी आई। सबसे ज्यादा नुकसान बजाज फाइनेंस को हुआ, जिसका एमकैप 19,290 करोड़ रुपये घट गया। इसके बाद आईसीआईसीआई बैंक का बाजार मूल्य 18,516 करोड़ रुपये कम हुआ। भारती एयरटेल और भारतीय स्टेट बैंक के एमकैप में क्रमशः 13,885 करोड़ और 7,846 करोड़ रुपये की गिरावट रही। आईटी कंपनियों में इंफोसिस का एमकैप 7,146 करोड़ और टीसीएस का 6,784 करोड़ रुपये घटा। एचडीएफसी बैंक और एलआईसी के बाजार पूंजीकरण में क्रमशः 4,461 करोड़ और 1,202 करोड़ रुपये की कमी दर्ज हुई। वहीं रिलायंस इंडस्ट्रीज और एलएंडटी दो ऐसी कंपनियां रहीं, जिनका एमकैप बढ़ा। रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार पूंजीकरण 20,434 करोड़ रुपये बढ़कर 21,05,653 करोड़ रुपये हो गया, जबकि एलएंडटी का एमकैप 4,911 करोड़ रुपये बढ़ा। बाजार पूंजीकरण के हिसाब से रिलायंस इंडस्ट्रीज पहले, एचडीएफसी बैंक दूसरे और भारती एयरटेल तीसरे स्थान पर बनी रही।

# इनकम टैक्स डिपार्टमेंट की टैक्सपेयर-फ्रेंडली पहल शुरू

**- फर्जी डोनेशन क्लेम पर टैक्सपेयर्स को भेजे जा रहे एसएमएस और ईमेल**

**नई दिल्ली ।**

इनकम टैक्स डिपार्टमेंट ने टैक्सपेयर्स को राहत देते हुए एक टैक्सपेयर-फ्रेंडली पहल शुरू की है। इसके तहत विभाग लोगों को एसएमएस और ईमेल के जरिए सूचित कर रहा है कि वे अपने इनकम टैक्स रिटर्न (आईटीआर) की समीक्षा करें और यदि किसी तरह का गलत डिडक्शन या क्लेम किया गया हो, तो उसे स्वयं सुधार लें। इस बारे में वित्त मंत्रालय ने जानकारी दी। यह अभियान उन कार्रवाइयों के बाद शुरू किया गया है, जिनमें इनकम टैक्स विभाग ने ऐसे बिचौलियों पर शिकंजा कसा था जो टैक्सपेयर्स के लिए फर्जी डोनेशन क्लेम दाखिल कर टैक्स देनदारी कम करवा रहे थे। जांच में सामने आया कि ये फर्जी क्लेम मुख्य रूप से रजिस्टर्ड लेकिन अनरिकग्नाइज्ड पॉलिटिकल पार्टियों (आरयूपीपी) और कुछ चैरिटेबल संस्थाओं को दिए गए डोनेशन के नाम पर किए गए थे। इनसे टैक्स कम किया गया और कई मामलों में फर्जी रिफंड भी लिया गया। विभाग की जांच में पाया गया कि कई आरयूपीपी न तो इनकम टैक्स रिटर्न फाइल कर रही थीं, न ही अपने रजिस्टर्ड पते पर मौजूद थीं




और न ही किसी राजनीतिक गतिविधि में शामिल थीं। इन संस्थाओं का इस्तेमाल फंड रूटिंग, हवाला लेनदेन, क्रॉस-बॉर्डर रेमिटेंस और फर्जी डोनेशन रसीदें जारी करने के लिए किया गया। इसके अलावा, कुछ कंपनियों और व्यक्तियों द्वारा किए गए फर्जी सीएसआर और डोनेशन क्लेम के सबूत भी मिले हैं।

# स्पेसएक्स की आईपीओ की तैयारी, 800 अरब डॉलर तक पहुंचा मूल्यांकन

## 2.56 अरब डॉलर तक की शेयर खरीद को मंजूरी




**नई दिल्ली ।** एलॉन मस्क की अंतरिक्ष कंपनी स्पेसएक्स अगले कुछ वर्षों में शेयर बाजार में उतरने की तैयारी कर रही है। कंपनी ने हाल ही में एक सेकेंडरी शेयर सेल शुरू की है, जिसके आधार पर उसका अनुमानित मूल्यांकन लगभग 800 अरब डॉलर आंका गया है। यह जानकारी कंपनी के मुख्य वित्त अधिकारी (सीएफओ) ब्रेट जॉनसन ने शेयरहोल्डर्स को भेजे गए एक पत्र में दी है। 12 दिसंबर को लिखे गए पत्र में जॉनसन ने बताया कि स्पेसएक्स ने एक ऐसी व्यवस्था को मंजूरी दी है, जिसके तहत नए और मौजूदा निवेशक, साथ ही कंपनी खुद मिलकर 2.56 अरब डॉलर तक के शेयर खरीदेंगे। इन शेयरों की कीमत 421 डॉलर प्रति शेयर तय की गई है। उन्होंने स्पष्ट किया कि कंपनी 2026 में संभावित आईपीओ के लिए खुद को तैयार कर रही है, हालांकि आईपीओ की तारीख, कीमत और अंतिम फैसला अभी तय नहीं है। स्पेसएक्स को सार्वजनिक करने के पीछे सबसे बड़ी वजह उसकी स्टारलिंक सैटेलाइट इंटरनेट सेवा की तेज़ी से बढ़ती लोकप्रियता है। कंपनी डायरेक्ट-टू-मोबाइल इंटरनेट सेवा पर काम कर रही है, जिससे मोबाइल फोन बिना टावर के भी सैटेलाइट के ज़रिये कनेक्ट हो सकेंगे। इसके साथ ही, कंपनी का स्टारशिप रॉकेट प्रोग्राम भी लगातार प्रगति कर रहा है, जिसे चांद और मंगल मिशनों के लिए बेहद अहम माना जा रहा है। आईपीओ या शेयर बिक्री से जुटाई गई पूंजी का इस्तेमाल स्टारशिप उड़ानों की संख्या बढ़ाने, अंतरिक्ष में एआई डेटा सेंटर, मूनबेस अल्फा और मंगल ग्रह पर मानव मिशनों के लिए किया जाएगा। निवेशकों ने संभावित आईपीओ की खबरों का स्वागत किया है और माना जा रहा है कि इससे स्पेसएक्स का मूल्यांकन भविष्य में 1 ट्रिलियन डॉलर से भी ऊपर जा सकता है।

# यात्रियों का आरोप- कई एयरलाइंस तय सीमा से अधिक किराया वसूल रही

**10 में 6 यात्रियों ने एयरलाइंस पर नियम तोड़ने का आरोप लगाया**



**नई दिल्ली ।**

देश भर में घरेलू उड़ानों की टिकट बुकिंग करने वाले यात्रियों का कहना है कि सरकार द्वारा तय की गई किराया सीमा के बावजूद एयरलाइंस ऊंचे दाम वसूल रही हैं। कम्युनिटी प्लेटफॉर्म लोकलसर्किल्स के हालिया सर्वे में यह बात सामने आई है कि करीब 10 में से 6 यात्रियों ने किराया सीमा के उल्लंघन के मामले देखे हैं।

यह शिकायतें 6 दिसंबर के बाद भी जारी हैं, जबकि इसी दिन नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने अस्थायी तौर पर किराए की अधिकतम सीमा लागू की थी। दरअसल, 3 से 6 दिसंबर के बीच घरेलू उड़ानों के टिकटों के दाम अचानक काफी बढ़ गए थे। यात्रियों की लगातार शिकायतों के बाद सरकार ने इकोनॉमी क्लास की नॉन-स्टॉप घरेलू उड़ानों पर बेस किराया सीमा तय की। इसके तहत 500 किलोमीटर तक की दूरी के लिए अधिकतम 7,500 रुपये, 500 से 1,000 किलोमीटर के लिए 12,000 रुपये, 1,000 से 1,500 किलोमीटर के लिए 15,000 रुपये और 1,500 किलोमीटर से अधिक दूरी के लिए 18,000 रुपये किराया तय किया गया। टैक्स और एयरपोर्ट शुल्क इससे अलग हैं। सरकार ने इसे अस्थायी कदम बताते हुए कहा कि इसका उद्देश्य अधिक वसूली पर रोक लगाना है। लोकलसर्किल्स ने देश के 291 जिलों में यात्रियों से बातचीत की, जिसमें 25,519 लोगों ने अपनी राय दी। सर्वे के अनुसार, 59 प्रतिशत यात्रियों ने बताया कि उन्हें किराया सीमा के उल्लंघन के मामले मिले, जबकि सिर्फ 21 प्रतिशत ने माना कि हर बार नियमों का पालन हुआ। शेष यात्री इस पर स्पष्ट राय नहीं दे पाए। वहीं एयर इंडिया और एयर इंडिया एक्सप्रेस जैसी बड़ी एयरलाइंस ने नियमों के पालन का दावा किया है।

उनका कहना है कि बुकिंग सिस्टम को अपडेट किया जा रहा है और व्यस्त रूटों पर अतिरिक्त उड़ानें भी जोड़ी जा रही हैं। इस बीच, इंडिगो की कई उड़ानों के रद्द होने और डीजीसीए के नए ड्यूटी टाइम नियमों को किराया बढ़ने की प्रमुख वजह माना जा रहा है।

# बीते सप्ताह घरेलू थोक बाजार में चावल सस्ता, गेहूं-चीनी महंगी रही

**गेहूं और आटे की बढ़ती कीमतों के पीछे बढ़ी हुई मांग और सीमित स्टॉक का प्रभाव रहा**

**नई दिल्ली ।** बीते सप्ताह घरेलू थोक बाजारों में अनाज की कीमतों में अलग-अलग रुझान देखने को मिले। चावल की औसत कीमत 67 रुपये घटकर 3,755.96 रुपये प्रति क्विंटल रह गई। वहीं गेहूं के दाम बढ़कर 2,848.44 रुपये प्रति क्विंटल और आटा 18 रुपये बढ़कर 3,307.09 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गया। विशेषज्ञों का कहना है कि गेहूं और आटे की बढ़ती कीमतों के पीछे बढ़ी हुई मांग और सीमित स्टॉक का प्रभाव रहा। खाद्य तेलों में भी उतार-चढ़ाव रहा। मूंगफली तेल 50 रुपये, पाम ऑयल 47 रुपये और सूरजमुखी तेल 54 रुपये प्रति क्विंटल महंगे हुए, जबकि सोया तेल में केवल 5 रुपये की बढ़त रही। इसके विपरीत, सरसों तेल 107 रुपये और वनस्पति तेल 62 रुपये प्रति क्विंटल सस्ता हुआ। दालों में चना दाल सस्ती हुई, 19 रुपये प्रति क्विंटल घटकर बिक रही है। मसूर, तुअर, मूंग और उड़द दाल क्रमशः 6, 8, 7 और 32 रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। मीठे के बाजार में गुड़ 18



रुपये सस्ता हुआ, जबकि चीनी 11 रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। साप्ताहिक बाजार समीक्षा के अनुसार, अनाज में गेहूं और आटे की कीमतें बढ़ीं, चावल सस्ता हुआ। तेल और दालों में मिला-जुला रुख देखा गया, जबकि मीठे में चीनी महंगी और गुड़ सस्ता रहा।

## एसयूवी 'कैट' ब्राज़ील में ग्लोबली लॉन्च

**नईदिल्ली ।** अपनी नई कॉम्पैक्ट एसयूवी 'कैट' को निसान ने ब्राज़ील में ग्लोबली लॉन्च किया है। कंपनी को उम्मीद है कि एसयूवी 'कैट' निसान की एंट्री-लेवल एसयूवी लाइनअप को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नई मजबूती देगी। निसान कैट का डिज़ाइन मौजूदा वी-प्लेटफार्म पर आधारित है, लेकिन लुक पहले से ज्यादा आधुनिक और दमदार है। यह मॉडल अब तक उपलब्ध किक्स प्ले की जगह लेगा और 2026 से 20 से अधिक देशों में एक्सपोर्ट किया जाएगा। स्प्लिट एलईडी हेडलैम्प्स, नए डीआरएलएस, चौड़ा ग्रिल और अपडेटेड एलईडी टेल-लैंप्स एसयूवी को प्रीमियम और मस्कुलर अपीयरेंस देते हैं। 4,304 एमएम लंबी इस एसयूवी में 432 लीटर बूट स्पेस मिलता है, जो इसे सेगमेंट में व्यावहारिक बनाता है। इंटीरियर में ब्लैक थीम के साथ कई सुधार किए गए हैं, जिनमें 9-इंच पायोनियर टचस्क्रीन, 7-इंच डिजिटल इंस्ट्रुमेंट क्लस्टर, वायरलेस एंड्रॉइड ऑटो-एप्पल कारप्ले और वायरलेस चार्जिंग शामिल हैं। सुरक्षा फीचर्स में 360-डिग्री कैमरा, एडैप्टिव क्रूज़ कंट्रोल और पूरा अडास पैकेज मिलता है। कैट में 1.6-लीटर नैचुरली एस्पिरेटेड पेट्रोल इंजन दिया गया है, जो 110बीएचपी पावर और 146एनएम टॉर्क पैदा करता है और सीवीटी गियरबॉक्स से जुड़ा है। ब्राज़ील में इस एसयूवी की शुरुआती कीमत लगभग 20 लाख रुपये के बराबर रखी गई है।



## बीएमडब्ल्यू मिनी ब्रांड का भारत में करेगी विस्तार

**नई दिल्ली ।** जर्मनी की लग्जरी कार निर्माता बीएमडब्ल्यू अगले साल अपने मिनी पोर्टफोलियो का विस्तार करने की योजना बना रही है। कंपनी के एक अे धिकारी ने कहा कि मिनी कूपर, मिनी कंट्रीमैन जेसीडब्ल्यू और मिनी कन्वर्टिबल के साथ-साथ एक-दो नए मॉडल भी भारत में लाए जा सकते हैं। बरार ने बताया कि फिलहाल मिनी ब्रांड करीब नौ शहरों में मौजूद है। अगले साल यह संख्या दोगुनी करने का लक्ष्य है, ताकि मेट्रो शहरों के अलावा छोटे शहरों और कस्बों तक भी पहुंच बनाई जा सके। जयपुर, लखनऊ और रांची जैसे शहर नए नेटवर्क में शामिल होंगे। कंपनी ऐसे छोटे शहरों पर भी ध्यान दे रही है, जहां अभी उसकी कोई मौजूदगी नहीं है। बीएमडब्ल्यू का कहना है कि छोटे शहरों से भी धीरे-धीरे मिनी कारों की मांग बढ़ रही है। स्थानीय स्तर पर मौजूदगी से बिक्री के बाद की सेवाओं पर ग्राहक का भरोसा भी मजबूत होता है। इसके अलावा कंपनी मिनी ब्रांड के लिए स्थानीय समुदाय बनाने पर काम कर रही है। अगले साल मिनी मालिकों और उत्साही लोगों के लिए कई कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिससे ब्रांड की पहचान और ग्राहक जुड़ाव बढ़ सके।




## एफपीआई ने दिसंबर में भारतीय बाजार से निकाले 24,936 करोड़

**मुंबई ।**

विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने दिसंबर के पहले दो हफ्तों में भारतीय पूंजी बाजार से लगभग 24,936 करोड़ रुपए की निकासी की है। सीडीएसएल के आंकड़ों के मुताबिक, इस दौरान एफपीआई ने 17,955 करोड़ के शेयर और 7,585 करोड़ के बॉन्ड बेचे। हालांकि, हाइब्रिड इंस्ट्रूमेंट में उन्होंने 191 करोड़ का शुद्ध निवेश किया और म्यूचुअल फंड में 270 करोड़ रुपए की खरीदारी की। अक्टूबर और नवंबर में एफपीआई ने क्रमशः 35,246 करोड़ रुपए और 4,114 करोड़ रुपए का शुद्ध निवेश किया था। दो महीने लगातार खरीदारी के बाद दिसंबर में बाजार में बिकवाली शुरू हो गई है। विशेषज्ञों का कहना है कि रुपये की लगातार गिरावट से विदेशी निवेशक अपना पैसा निकाल रहे हैं। कमजोर मुद्रा के कारण उनके लिए निवेश का रिटर्न कम हो जाता है, इसलिए बिकवाली बढ़ रही है। इस साल अब तक एफपीआई ने कुल 70,187 करोड़ रुपए की निकासी की है, जिसमें सबसे अधिक बिकवाली शेयर बाजार में हुई है। निवेशकों की नजरें अब अगले वित्तीय संकेतों पर टिकी हैं।

# इस सप्ताह बाजार पर रहेगा महंगाई और वैश्विक कारकों का असर

**भारत-अमेरिका ट्रेड डील और एफआईआई (की गतिविधियों पर भी निवेशकों की नजर रहेगी**

**मुंबई ।** घरेलू शेयर बाजार लगातार दूसरी साप्ताहिक गिरावट के बाद स्थिरता की तलाश में हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि इस सप्ताह में बाजार पर महंगाई के आंकड़े और वैश्विक आर्थिक कारक असर डाल सकते हैं। खुदरा महंगाई (सीपीआई) के आंकड़े शुक्रवार को जारी हुए, जबकि थोक महंगाई (डब्ल्यूपीआई) के आंकड़े सोमवार को बाजार बंद होने के बाद जारी होंगे। शेयर बाजार पर अमेरिका और भारत के बीच ट्रेड डील, विदेशी निवेशक की गतिविधियां और अंतरराष्ट्रीय ब्याज दरों के बदलाव का असर भी दिखाई देगा। अमेरिकी केंद्रीय बैंक द्वारा ब्याज दर में 25 बेसिस प्वॉइंट कटौती से कुछ राहत मिली है, वहीं डॉलर के मुकाबले रुपये की गिरावट (90.56 का नया रिकॉर्ड) निवेशकों को सतर्क कर रही है। विदेशी निवेशकों ने शुक्रवार को भारतीय शेयरों में अधिक बिकवाली की, कुल 396.26 करोड़ रुपये के शेयर बेचे गए। इसके विपरीत, भारतीय संस्थागत निवेशकों ने शेयरों की खरीद अधिक की, जिससे नेट बाइंग 2,828.21 करोड़ रुपये रही। इससे बाजार में कुछ स्थिरता बनी, लेकिन रुपया कमजोर बना हुआ है। अगले सप्ताह निवेशक थोक महंगाई, निर्यात-आयात आंकड़े, और मैन्युफैक्चरिंग व सर्विसेज सेक्टर की गतिविधियों पर बारीकी से नजर रखेंगे। यह आंकड़े वर्ष के अंत तक भारत की अर्थव्यवस्था की ताकत का संकेत देंगे। विशेषज्ञों का अनुमान है कि




रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 89.50 से 91.00 के दायरे में ऊपर-नीचे रहेगा।

भारत-अमेरिका ट्रेड डील में किसी भी सकारात्मक खबर से रुपये और शेयर बाजार में हल्की मजबूती आ सकती है। कुल मिलाकर, घरेलू और वैश्विक आर्थिक कारक, निवेशकों की गतिविधियां और व्यापार वार्ता बाजार की दिशा तय करेंगे। निवेशकों को महंगाई, निर्यात-आयात आंकड़े और विदेशी निवेशक व्यवहार पर ध्यान रखना होगा ताकि वे सही निवेश निर्णय ले सकें।

## विश्व आर्थिक मंच की वार्षिक बैठक दावोस में होगी

**- बैठक में करीब 130 देशों के लगभग 3,000 वैश्विक नेता शामिल होंगे**

**नई दिल्ली ।** विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) की वार्षिक बैठक 19 से 23 जनवरी, 2026 तक स्विट्जरलैंड के दावोस में होगी। इस बैठक में करीब 130 देशों के लगभग 3,000 वैश्विक नेता शामिल होंगे, जिनमें लगभग 60 राष्ट्राध्यक्ष भी उपस्थित रहेंगे। इस वर्ष बैठक का विषय है 'संवाद की भावना'। भारत से महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, आंध्र प्रदेश के एन चंद्रबाबू नायडू, तेलंगाना के ए रेवंत रेड्डी और मध्य प्रदेश के मोहन यादव दावोस में पहुंचेंगे। इसके अलावा उत्तर प्रदेश और अन्य राज्यों के प्रतिनिधियों की भी भागीदारी की संभावना है। केंद्रीय मंत्रियों के नाम की घोषणा जल्द की जाएगी। बैठक में भारत के प्रमुख उद्योगपति और सीईओ भाग लेंगे, जिनमें मुकेश अंबानी, एन चंद्रशेखरन, संजीव बजाज, हरि एस भरतिया, अमिताभ चौधरी, नादिर गोदरेज, सज्जन जिंदल, निखिल कामथ, सुनील भारती मित्तल, नंदन नीलेकणि, सलिल एस पारेख, ऋषद प्रेमजी, प्रशांत रुइया और विजय शेखर शर्मा शामिल हैं। सार्वजनिक क्षेत्र से अमरदीप सिंह भाटिया, संदीप कुमार गुप्ता, सी एस सेट्टी, गुरदीप सिंह और जितेंद्र श्रीवास्तव बैठक में भाग लेंगे। जी-7, जी-20, ब्रिक्स देशों के नेता और अंतरराष्ट्रीय संगठनों के प्रमुख भी बैठक में उपस्थित होंगे। भारत की मजबूत उपस्थिति वैश्विक मंच पर निवेश और रणनीतिक संवाद को बढ़ावा देगी।

# बोनस, डिविडेंड और स्प्लिट से भरपूर होगा अगला हफ्ता

**- मनीबॉक्स, सिल्फ, डॉ. लाल पैथलैब्स और यूनिफिंज कैपिटल जारी करेंगी बोनस इश्यू**

**नई दिल्ली ।**

शेयर बाजार में आने वाला हफ्ता निवेशकों के लिए काफी महत्वपूर्ण रहने वाला है। इसकी वजह है कई कंपनियों द्वारा किए जा रहे कॉरपोरेट एक्शन, जिनमें बोनस शेयर, डिविडेंड और स्टॉक स्प्लिट जैसे फैसले शामिल हैं। ऐसे फैसले निवेशकों की होल्डिंग, रिटर्न और शेयरों की कीमतों पर सीधा असर डालते हैं। इस दौरान रिकॉर्ड डेट और एक्स-डेट पर नजर रखना बेहद जरूरी हो जाता है, क्योंकि इन्हीं तारीखों के आधार पर यह तय होता है कि कौन निवेशक इन फायदों के हकदार होंगे। बीएसई पर उपलब्ध जानकारी के मुताबिक, मनीबॉक्स फाइनेंस, सिल्फ टेक्नोलॉजीज, डॉ. लाल पैथलैब्स और यूनिफिंज कैपिटल इंडिया बोनस इश्यू करने जा रही हैं।

इन कंपनियों ने इसके लिए एक्स-डेट और रिकॉर्ड डेट तय कर दी है। जिन निवेशकों का नाम रिकॉर्ड डेट तक कंपनी के शेयरधारकों की सूची में रहेगा, उन्हें बोनस शेयर मिलेंगे। मनीबॉक्स फाइनेंस लिमिटेड 15 दिसंबर 2025 को बोनस इश्यू के लिए एक्स-डेट पर ट्रेड करेगी। कंपनी ने 1:1 के अनुपात में बोनस शेयर देने का फैसला किया है, यानी एक शेयर पर एक अतिरिक्त शेयर मिलेगा। यही



तारीख इसकी रिकॉर्ड डेट भी होगी। माइक्रो और स्मॉल बिजनेस फाइनेंसिंग से जुड़ी यह कंपनी हाल के दिनों में निवेशकों के बीच चर्चा में रही है। वहीं सिल्फ टेक्नोलॉजीज लिमिटेड ने 17 दिसंबर को बोनस इश्यू की एक्स-डेट तय की है।

कंपनी 5:11 के अनुपात में बोनस शेयर जारी करेगी, यानी 11 शेयरों पर 5 बोनस शेयर मिलेंगे। टेक्नोलॉजी सेक्टर की यह कंपनी लंबे समय से सक्रिय निवेशकों के रडार पर बनी हुई है। हेल्थकेयर और डायग्नोस्टिक सेक्टर की दिग्गज कंपनी डॉ. लाल पैथलैब्स लिमिटेड 19 दिसंबर को बोनस इश्यू की एक्स-डेट और रिकॉर्ड डेट रखेगी। कंपनी 1:1 के अनुपात में बोनस शेयर जारी करेगी। भरोसेमंद ब्रांड मानी जाने वाली इस कंपनी का यह कदम निवेशकों के लिए अहम माना जा रहा है।

## डिग्री नहीं, सोच बनाती है अमीर या गरीब: रॉबर्ट कियोसाकी

**- अमीरी-गरीबी का फर्क पढ़ाई से नहीं, पैसे को समझने के नजरिये से तय होता है**

**नई दिल्ली ।**

मशहूर लेखक और निवेशक रॉबर्ट कियोसाकी ने एक बार फिर अमीरी और गरीबी के अंतर को लेकर अपनी सोच साझा की है। उन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट में बताया कि उनके गरीब पापा के पास पीएचडी की डिग्री थी, जबकि उनके अमीर पापा ने हाई स्कूल तक की पढ़ाई भी पूरी नहीं की थी। इसके बावजूद गरीब पापा की मौत कर्ज और आर्थिक तंगी में हुई, जबकि अमीर पापा करोड़पति बनकर रिटायर हुए। कियोसाकी के मुताबिक इस फर्क की वजह पढ़ाई या बुद्धि नहीं, बल्कि पैसे को लेकर सोच है। गरीब सोच यह सवाल करती है कि कौन-सा निवेश सबसे सुरक्षित है, जबकि अमीर सोच यह देखती है कि किस निवेश में नियंत्रण, उधार (लीवरेज) और नियमित नकद आय मिलेगी। उन्होंने कहा कि कोई भी निवेश अपने आप में अच्छा या बुरा नहीं होता, असली फर्क निवेशक की जानकारी से पड़ता है। गरीब सोच सुरक्षा ढूंढती है और कहती है मेरे पास पैसे नहीं हैं, जबकि अमीर सोच शिक्षा, समझ और हर बाजार में कमाई करने के तरीकों पर भरोसा करती है। कियोसाकी के अनुसार असली जोखिम निवेश करना नहीं, बल्कि हमेशा गरीब बने रहना है।

## सस्ते तांबे के आयात से घरेलू उद्योग को नुकसान


**- आईपीसीपीए ने सरकार से सुरक्षा शुल्क की मांग की**

**नई दिल्ली ।** इंडियन प्राइमरी कॉपर प्रोड्यूसर्स एसोसिएशन (आईपीसीपीए) ने कहा है कि कई मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) के तहत तांबे का सस्ता आयात देश के घरेलू उद्योग को गंभीर रूप से प्रभावित कर रहा है। संगठन के अनुसार, शून्य शुल्क पर आयात से भारतीय स्मेल्टिंग और रिफाइनिंग उद्योग को नुकसान हो रहा है, जबकि उद्योग ने आत्मनिर्भर बनने के लिए हाल के वर्षों में 20,000 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश किया है। आईपीसीपीए ने सरकार से आग्रह किया है कि तांबे की कुछ श्रेणियों पर तीन प्रतिशत सुरक्षा शुल्क लगाया जाए और विदेशों से आने वाले आयात पर मात्रात्मक प्रतिबंध लागू किए जाएं। संगठन ने भारत-यूएई व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौते (सीईपीए) को लेकर भी चिंता जताई है। इसके तहत तांबे के वायर रॉड पर सीमा शुल्क वित्त वर्ष 2025-26 में केवल एक फीसदी रह गया है और वित्तवर्ष 2026-27 तक इसे पूरी तरह समाप्त कर दिया जाएगा। आईपीसीपीए का कहना है कि यदि उचित कदम नहीं उठाए गए तो घरेलू तांबे उद्योग को और गंभीर नुकसान होगा।

विशाल इंडिया
हिन्दी दैनिक



गौतमबुद्धनगर
सोमवार 15 दिसंबर 2025
Www.vishalindia.in




# जयश्री के पोस्टर पर मिली प्रतिक्रिया से गदगद हुईं तमन्ना भाटिया

इस साल कुछ बायोपिक फिल्में रिलीज हो चुकी हैं, और कुछ रिलीज के लिए बाकी हैं, लेकिन कुछ ही ऐसी होती हैं जो चर्चा का विषय बन पाती हैं। वी. शांताराम भी इसी कड़ी में एक महत्वपूर्ण फिल्म होगी, जो हिंदी सिनेमा के स्वर्णिम दौर को फिर से जीवंत करेगी। दरअसल, यह फिल्म बीते जमाने के महान निर्देशक वी. शांताराम के जीवन पर आधारित है, जिनका किरदार अभिनेता सिद्धांत चतुर्वेदी निभा रहे हैं। वहीं, फिल्म में वी. शांताराम की पत्नी जयश्री का किरदार अभिनेत्री तमन्ना भाटिया निभा रही हैं। हाल ही में मेकर्स ने अभिनेत्री के पहले लुक की तस्वीरें शेयर की थीं, जिसमें वे गुलाबी रंग की साड़ी में बेहद खूबसूरत नजर आ रही थीं। यह लुक पुराने दौर के भारतीय सिनेमा की याद दिला रहा था।

अभिनेत्री का लुक रिवील होने के बाद प्रशंसकों समेत इंडस्ट्री के कई लोगों ने तारीफ की थी। अभिनेत्री तमन्ना भाटिया ने इस पर प्रतिक्रिया देते हुए इंस्टाग्राम पर पोस्ट करके लिखा, जयश्री जी के पोस्टर पर प्यार मिला, वह पूरी अभिनेत्री का है। उनकी शालीनता, सुंदरता और विरासत को मेरा सलाम। जब मैंने फिल्म को लेकर हां कहा है, तब से ही जयश्री से मेरा लगाव गहरा हो गया था। वी. शांताराम की सोच ने अपने समय से बहुत आगे बढ़कर सिनेमा को नया रूप दिया था। उन्होंने लिखा, जयश्री बनने ने मुझे जितना सिखाया है, मैंने सोचा भी नहीं था और अब मैं इस यात्रा के आगे आने वाले हर अनुभव का बेसब्री से इंतजार कर रही हूं। अभिनेत्री की पोस्ट उनके फैंस और साथी कलाकारों को काफी पसंद आ रही है। वे कमेंट सेक्शन में तरह-तरह की प्रतिक्रिया दे रहे हैं। अभिनेता सिद्धांत चतुर्वेदी ने हार्ट इमोजी के साथ प्रतिक्रिया दी।





# आलिया भट्ट को मिला गोल्डन ग्लोब्स होराइजन अवॉर्ड

बॉलीवुड अभिनेत्री आलिया भट्ट के खाते में एक और उपलब्धि जुड़ गई है। एक्ट्रेस को रेड सी इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में गोल्डन ग्लोब्स होराइजन अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है। आलिया को ट्यूनीशियाई अभिनेत्री हेंड सबरी के साथ एक समारोह में सम्मानित किया गया, जिन्हें उमर शरीफ अवॉर्ड से नवाजा गया। रेड सी इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल का पांचवां संस्करण सऊदी अरब के जेद्दा में आयोजित किया जा रहा है।

### आलिया ने जताई खुशी

गोल्डन ग्लोब्स होराइजन अवॉर्ड जीतने पर खुशी जताते हुए आलिया ने कहा कि गोल्डन ग्लोब्स द्वारा सम्मानित होना मेरे लिए गर्व की बात है। मैं दुनिया भर में फिल्म और टेलीविजन में बदलाव ला रही महत्वाकांक्षी कलाकारों और महिलाओं की नई पीढ़ी की ओर से बोलने का मौका मिलने के लिए आभारी हूं। ऐसे समय में जब वैश्विक स्तर प्रभावशाली कहानियों को बताने के लिए लोग एकजुट हो रहे हैं, यह सम्मान वाकई काफी महत्वपूर्ण बन जाता है।

### गोल्डन ग्लोब की अध्यक्ष ने की आलिया की प्रशंसा

इस मौके पर गोल्डन ग्लोब्स की अध्यक्ष हेलेन होहेन ने कहा कि हमें आलिया भट्ट को गोल्डन ग्लोब्स होराइजन अवॉर्ड से सम्मानित करते हुए बेहद खुशी हो रही है। यह पुरस्कार अंतरराष्ट्रीय सिनेमा में उनके असाधारण योगदान के लिए है। साथ ही वैश्विक मंच पर फिल्म व टेलीविजन के एक गतिशील और प्रभावशाली केंद्र के रूप में मिडिल ईस्ट के लगातार आगे बढ़ने का जश्न मनाता है।

### 'अल्फा' में नजर आएंगी आलिया

वर्कफ्रंट की बात करें तो आलिया भट्ट जल्द ही यशराज फिल्म के स्पाई यूनिवर्स की आगामी फिल्म 'अल्फा' में नजर आएंगी। इस फिल्म में उनके साथ शरवरी वाघ और बॉबी देओल भी प्रमुख भूमिका में नजर आएंगे। आलिया आखिरी बार फिल्म 'जिगरा' में नजर आई थीं।



# डिजिटल क्रिएशन पर बोलीं प्राजक्ता कोली

यूट्यूबर और एक्ट्रेस प्राजक्ता कोली ने साफ कहा है कि डिजिटल कंटेंट क्रिएशन का दौर न तो खत्म हुआ है और न ही धीमा पड़ा है, बल्कि पिछले दस साल में यह पहले से कहीं ज्यादा बड़ा, तेज और अनिश्चित हो गया है। बातचीत में जब उनसे पूछा गया कि क्या सोशल मीडिया अब इन्फ्लुएंसर-डॉमिनेटेड हो गया है और कंटेंट क्रिएटर्स की शेल्फ लाइफ खत्म हो रही है, तो प्राजक्ता ने कहा, मुझे बिल्कुल ऐसा नहीं लगता। यह कम नहीं हुआ है, बस बदल गया है। दस-ग्यारह साल पहले जब हमने काम शुरू किया था, तब सिर्फ लॉन्ग-फॉर्म वीडियो चलते थे। आज लोगों का अटेंशन बस बंट गया है। आज कई नए-नए प्लेटफॉर्म्स आ गए हैं। प्राजक्ता ने साल 2017 के डिजिटल बूम को गेम-चेंजर बताया। उन्होंने कहा, उसी बूम की वजह से आज भारत में इतना काम है कि पहले से कहीं ज्यादा क्रिएटर्स मौजूद हैं। यही कारण है कि आज भारत दुनिया की सबसे बड़ी डिजिटल इकॉनमी बन चुका है। हर बड़ा ब्रांड, हर बड़ी कंपनी भारत की तरफ देख रही है और हमारे साथ काम करना चाहती है।

क्रिएटर बनने की जर्नी को उन्होंने पूरी तरह अनप्रेडिक्टेबल बताया। प्राजक्ता ने कहा, इस इंडस्ट्री में कोई तय रोडमैप या ब्लूप्रिंट नहीं होता। यह एक रोलरकोस्टर राइड है। कभी लगता है कि तीन-चार अच्छे वीडियो बन गए, जिंदगी सेट हो गई। फिर पांचवां वीडियो आते-आते सब बदल जाता है। इस पागलपन में कोई पैटर्न नहीं, कोई रिदम नहीं। सब कुछ खुद ही करना पड़ता है। उन्होंने यह भी माना कि पिछले दस साल में उनकी सबसे बड़ी सीख यही रही है कि बदलाव को जल्दी अपनाना जरूरी है।

उन्होंने बताया, मेरे लिए सबसे महत्वपूर्ण रहा यह समझना कि इस समय कौन-सी चीज चल रही है, कौन सी चलनी बंद हो गई और फिर बिना रुके अगली चीज की तरफ बढ़ जाना। प्राजक्ता का मानना है कि डिजिटल स्पेस का सफर जितना चुनौतीपूर्ण है, उतना ही रोमांचक भी है।

# फिल्म 'टेढ़ी है पर मेरी है' में जितेंद्र कुमार के साथ इश्क फरमाएंगी आरजे महवश

सोशल मीडिया एन्फ्लुएंसर और क्रिकेटर युजवेंद्र चहल की गर्लफ्रेंड आरजे महवश अब बॉलीवुड में अपना डेब्यू करने के लिए तैयार हैं। उनकी पहली फिल्म 'टेढ़ी है पर मेरी है' की घोषणा आज हो गई है। इस फिल्म को कोरियोग्राफर और निर्देशक रेमो डिसूजा प्रस्तुत कर रहे हैं। फिल्म की घोषणा करते हुए एक अनाउंसमेंट वीडियो जारी किया गया है।

### जितेंद्र कुमार के साथ बनेगी महवश की जोड़ी



फिल्म को प्रस्तुत करने वाले कोरियोग्राफर-निर्देशक रेमो डिसूजा ने फिल्म का अनाउंसमेंट वीडियो जारी किया है। इस वीडियो में जितेंद्र कुमार की आवाज में वॉइस ओवर है, जो फिल्म में लीड रोल निभा रहे हैं। फिल्म में जितेंद्र कुमार गुलाब हकीम के किरदार में नजर आएंगे, जबकि आरजे महवश नगमा का किरदार निभाएंगी। हालांकि, आरजे महवश की झलक अभी नहीं दिखी है। वहीं जितेंद्र कुमार भी सिर्फ एक तस्वीर में नजर आए हैं। वीडियो में सिर्फ फिल्म के मेकर्स और कास्ट का खुलासा हुआ है। अनाउंसमेंट वीडियो में जितेंद्र कुमार गुलाब और नगमा की मोहब्बत की कहानी का परिचय देते हैं।

पर्दे पर दिखेगी गुलाब और नगमा की अनोखी मोहब्बत इस अनाउंसमेंट वीडियो को शेयर करते हुए रेमो डिसूजा ने कैप्शन में लिखा है, 'गुलाब और नगमा की मोहब्बत। एक ऐसी मोहब्बत जिसमें जान कम है, लेकिन जुनून ज्यादा है। गुलाब में मोहब्बत का कीड़ा है और नगमा में एक कुदरत का। दिल धड़कता है, कहानी मोड़ लेती है और प्यार जिद दिखाता है और उसी जिद में दिल धड़कते हैं।





# 'धुरंधर' के सीक्वल में अपने किरदार पर आर माधवन ने दिया अपडेट

आदित्य धर की फिल्म 'धुरंधर' इन दिनों सिनेमाघरों में बनी हुई है। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर गर्दा उड़ा रही है। फिल्म की कहानी से लेकर कास्टिंग तक की काफी चर्चा की जा रही है। इस मल्टी स्टारर फिल्म में आर माधवन ने इंटेलिजेंस ब्यूरो के निदेशक अजय सान्याल का किरदार निभाया है। 'धुरंधर' के बाद अब दर्शक फिल्म के सीक्वल को लेकर उत्साहित हैं, जिसकी घोषणा मेकर्स ने फिल्म के अंत में ही कर दी है। अब आर माधवन ने फिल्म के सीक्वल और अजय सान्याल के अपने किरदार को लेकर बड़ा हिंट दिया है।


### दूसरे पार्ट में ज्यादा होगा माधवन का किरदार

बातचीत के दौरान आर माधवन ने फिल्म के निर्देशक आदित्य धर की जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा कि आदित्य धर एक साधु हैं। इतनी सघन और गहन फिल्म बनाने की सारी उथल-पुथल के बीच वह चिंताओं को शांत करने के लिए वहीं बैठे रहते हैं। 'धुरंधर' में आदित्य के साथ काम करने के बाद मैं उनके साथ बार-बार काम करना चाहता हूं। वहीं फिल्म के सीक्वल और अपने किरदार को लेकर माधवन ने कहा कि पहले पार्ट में मेरी स्क्रीन प्रजेंस सीमित है। लेकिन मार्च में रिलीज होने वाले दूसरे भाग में मेरे किरदार की झलक साफ दिखाई देगी, क्योंकि वह रणवीर के किरदार को जासूस बनाने के लिए ट्रेनिंग देते हैं।

इस साल माधवन ओटीटी से लेकर सिनेमाघरों तक कई फिल्मों और सीरीज में नजर आए हैं। इस साल अपने काम को लेकर माधवन ने कहा कि मैंने साल की शुरुआत 'हिसाब बराबर' से की थी। जबकि साल का अंत 'धुरंधर' के साथ कर रहा हूं, जो मेरे करियर की सबसे अहम फिल्मों में से एक है। मुझे अपने करियर के सबसे क्रिएटिव दौर में सर्वश्रेष्ठ निर्देशकों के साथ काम करने का मौका मिला। मणिरत्नम, कमल हासन, राजकुमार हिरानी, राकेश ओमप्रकाश मेहरा, आनंद एल राय और अब आदित्य धर। मैं इससे ज्यादा और कुछ नहीं मांग सकता था।

### 19 मार्च 2026 को आएगा फिल्म 'धुरंधर' का अगला पार्ट

आदित्य धर द्वारा निर्देशित 'धुरंधर' बॉक्स ऑफिस पर ताबड़तोड़ कमाई कर रही है। फिल्म पांच दिनों में ही 142 करोड़ रुपए से अधिक की कमाई कर चुकी है। इस स्पाई-थ्रिलर फिल्म में रणवीर सिंह के साथ अक्षय खन्ना, आर माधवन, अर्जुन रामपाल, सारा अर्जुन और संजय दत्त भी अहम भूमिकाओं में नजर आए हैं। सच्ची घटनाओं से प्रेरित इस फिल्म का अगला पार्ट 19 मार्च 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगा।






# धनुष से सीखा कम बोलकर भी एक्ट में डूब जाना...

**धनुष की फिल्म तेरे इश्क में चर्चा में है। इसमें मिर्जापुर फेम प्रियांशु पेन्युली भी हैं। उनसे हुई खास बातचीत...**

### तेरे इश्क में आनंद एल राय और धनुष के साथ काम करने का अनुभव कैसा रहा?

यह मेरे लिए आशीर्वाद जैसा था। दरअसल कास्टिंग डायरेक्टर मुकेश छाबड़ा की कंपनी से फोन आया कि राइटर हिमांशु शर्मा और डायरेक्टर आनंद एल राय आपसे मिलना चाहते हैं। जैसे ही उन्होंने कहा कि यह धनुष के साथ उनकी अगली फिल्म हो सकती है, मैंने कहा, अब इसमें सोचना क्या है? जब आपको आनंद सर, हिमांशु, प्रकाश राज सर और कृति सेनन जैसे एक्टर्स के साथ काम करने का मौका मिलता है, तो आप ज्यादा सोचते नहीं, बस भगवान को धन्यवाद कहते हैं। मैंने भी ऑफर मिलते ही वही किया। बाकी कृति कमाल की परफॉर्मर हैं।

### आपके किरदार वेद को लेकर क्या कोई खास निर्देश दिए गए थे?

मेरे पहले दिन का सीन इलेक्शन वाले लड़कों के पीछे भागने का था। आनंद सर ने कहा...बाहरी तौर पर यह गुंडा दिखता है, पर अंदर से मासूम है। वेद और शंकर यूपीएससी का फुल फॉर्म नहीं जानते, लेकिन बनते हैं कि हम सबसे बेस्ट हैं।

### धनुष की एक्टिंग टेक्निक में क्या खास लगा?

धनुष सर के साथ कुछ पता ही नहीं चलता। मुझे मुझे उनसे जो सीखने को मिला वह यह कि कम बोलकर भी कैसे एक्ट में डूब या छा जाया जाता है। हम दोनों ने एक ही हॉलीवुड प्रोड्यूसर के साथ काम किया है, तो उस पर भी काफी बातें हुईं।

### प्रकाश राज भी हैं इसमें। सीरियस टॉपिक पर बातें हुईं?

प्रकाश सर बहुत मजेदार आदमी हैं। वह 5-6 भाषाएं जानते हैं। उनकी एनर्जी कमाल की थी। मैं उनसे सीखता था कि अलग-अलग इंडस्ट्री में काम करने का क्या अंतर होता है।

### फिल्म काफी इंटेंस है पर शूट के दौरान क्या माहौल रहता था?

कभी पता ही नहीं चलता था कि हम इतनी इंटेंस फिल्म शूट कर रहे हैं। यह सब हुआ आनंद सर के कैप्टन ऑफ द शिप बनने के कारण। वह पूरे क्रू को बेटा या बेटी कहकर बुलाते हैं। उनसे रहने से फैमिली वाली फीलिंग आई।

### मिर्जापुर 3 सीरीज में रॉबिन के किरदार मरना कितना जरूरी था?

जब मैंने पहली बार सुना था तो मेकर्स से कहा...ये क्या बात हुई, क्यों मार दिया? अब तो सब सही चल रहा था। शादी हो गई है, यह अपना बिजनेस बंद कर रहा है, सुधर रहा है लेकिन मुझे लगता है कि यह ओवरऑल एक शॉक एलिमेंट था कि गुड्डू अपनी ही फैमिली को बर्बाद कर सकता है। जब हमने आखिरी सीन शूट किया, तब मैं समझा कि क्यों ऐसा हुआ। रॉबिन तो हमेशा ही अमर है। वह एक ऐसा कैरेक्टर है जो लोगों के दिलों में छा चुका है। रॉबिन पर एक अलग स्पिन-ऑफ बन सकता है।

### निर्देशक गुरमीत से या किसी और से बात हुई कि फिल्म क्यों ला रहे हैं?

मुझे लगता है यह एक अच्छा प्रयास है। मिर्जापुर एक ऐसा शो है जिसमें हर किरदार की अपनी फैन फॉलोइंग है। सिनेमा में लाना शायद इसलिए हो सकता है कि लोग इन किरदारों को बड़े परदे पर देखना चाहें।



स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, राजेश चौधरी द्वारा वत्स ऑफसैट, मुद्दा हाउस, सी. ब्लॉक, बारात घर के सामने, सेक्टर-22, नोएडा से मुद्रित तथा ई-189, सेक्टर-63, नोएडा गौतमबुद्धनगर उ.प्र. से प्रकाशित।
संपादकः जितेन्द्र चौधरी, आरएनआई नं. UPHIN/2014/55236, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, फोन नं.: 9999511233, ई-मेल : vishalindianews@gmail.com, वेब : www.vishalindia.in